e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 252

गुरुवार

14.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

जब अपने खफा होने लग जाएँ तो, आप समझ लेना आप सही राह पर हैं !

क्विक न्यूज

आपराधिक मामलों में मीडिया ट्रायल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से गाइडलाइन बनाने को कहा

नई दिल्ली : आपराधिक मामलों में मीडिया ट्रायल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा दखल दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पुलिस मीडिया ब्रीफिंग पर विस्तृत गाइडलाइन बनाने को कहा है. दो महीने में एमएचए से मीडिया ब्रीफिंग को लेकर मैन्यूअल तैयार करने के निर्देश दिए हैं. सभी राज्यों के डीजीपी एक महीने के भीतर एमएचए को सुझाव देंगे.अब इस मामले में जनवरी 2024 के दूसरे हफ्ते में सुनवाई होगी. इस मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मीडिया ट्रायल से न्याय प्रशासन प्रभावित हो रहा है. पुलिस में संवेदनशीलता लाना जरूरी है. जांच का ब्यौरे का खुलासा किस चरण में हो ये तय करने की जरूरत है.ये बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है. क्योंकि इसमें पीड़ितों और आरोपी का हित शामिल है. साथ ही बड़े पैमाने पर जनता का हित शामिल है. अपराध से जुड़े मामलों पर मीडिया रिपोर्टिंग में सार्वजनिक हित के कई पहलू शामिल होते हैं.

केंद्र ने संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले बुलाई सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली : केंद्र ने संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले 17 सितंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है. ये सर्वदलीय बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि अभी तक संसद के विशेष सत्र का एजेंडा सरकार ने साफ नहीं किया है. संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा. कांग्रेस संसद के विशेष सत्र के लिए एजेंडे की सूचना नहीं होने को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर है. कांग्रेस ने सवाल उठाया कि सत्र आरंभ होने में कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शायद 'एक व्यक्ति को छोड़कर एजेंडे के बारे में किसी के पास जानकारी नहीं है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अतीत में हुई संसद की कुछ विशेष बैठकों का उल्लेख भी किया और कहा कि विशेष बैठकों से पहले कार्यसूची की जानकारी उपलब्ध होती थी. महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने आरोप लगाया कि संसद के आगामी विशेष सत्र का एजेंडा मुंबई को राज्य से अलग कर उसे केंद्र शासित प्रदेश घोषित करना है. दरअसल, केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक के लिए बुलाए गए विशेष सत्र का एजेंडा अब तक नहीं बताया है. इस वजह से सत्र को लेकर विभिन्न कयास लगाए जा रहे हैं. संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से पुरानी इमारत में शुरू होने वाला है. संसद की कार्यवाही 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर नए भवन में स्थानांतरित होने की उम्मीद है.

नेपाल और पंजाब के रास्ते से घुसपैठ कर रहे हैं पाकिस्तानी आतंकी : उत्तरी सेना प्रमुख

जम्मू : उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि भारतीय सेना ने राजौरी में नियंत्रण रेखा पर दो विदेशी आतंकियों को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि जम्मू संभाग के राजौरी और पुंछ जिले में शांतिपूर्ण माहौल को बाधित करने के लिए आतंकी नेपाल और पंजाब के रास्ते से घुसपैठ कर रहे हैं। राजौरी मुठभेड़ के बाद बुधवार को यहां पत्रकारों से उन्होंने कहा कि सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए ही राजौरी में नियंत्रण पर दो विदेशी आतंकियों को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि राजौरी में मुठभेड़ के दौरान सेना की डॉग यूनिट के श्वान 'केंट' के अलावा दो सैनिक बलिदान हुए हैं। केंट ने राजौरी में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान बहादुरी के साथ मुकाबला किया। उन्होंने कहा कि 2022 में जम्मू-कश्मीर में 1.88 करोड़ पर्यटक आए और इस साल प्रशासन को 2.25 करोड़ पर्यटकों के आने की उम्मीद है, लेकिन पाकिस्तान पर्यटकों की बढ़ती संख्या को प्रभावित करने के लिए घुसपैठियों को भेजने की कोशिश कर रहा है।

रांची का तापमान

अधिकतम 30°

न्युनतम 23°

केंद्रीय कैबिनेट : जी-20 के सफल आयोजन को लेकर पीएम मोदी को दी बधाई

75 लाख एलपीजी का मुफ्त कनेक्शन और दिए जाएंगे

* ई-कोर्ट मिशन के तीसरे चरण को मिली मंजूरी, पेपरलेस कोर्ट के लिए 7210 करोड़ रुपये होंगे खर्च

एजेंसी

नई दिल्ली : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देने के लिए प्रस्ताव पारित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की ओर से पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पीएम के कुशल नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली घोषणापत्र में आम सहमति लाना भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी देश एक मंच पर एक स्वर में बात कर रहे हैं। ऐसे में हमने उन्हें बधाई देने के लिए एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया। साथ ही ई-कोर्ट मिशन मोड चरण-3 को कैबिनेट ने मंजूरी दी. इसमें आने वाली लागत के लिए 7210 करोड़ रुपये बजट को भी स्वीकृति दी गई है. देशभर में कोर्ट को ऑनलाइन करने और पेपरलेस बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है. पहले चरण में कई कोर्ट को ई-कोर्ट मिशन के तहत ऑनलाइन किया गया है. इसके अलावा केंद्रीय कैबिनेट ने उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख एलपीजी के मुफ्त कनेक्शन देने को भी मंजूरी दे दी है.

अगले 3 वर्षों में एलपीजी कनेक्शन उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को मिलेंगे

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया कि 75 लाख एलपीजी के मुफ्त कनेक्शन और दिए जाएंगे. अगले 3 वर्षों में ये एलपीजी कनेक्शन उज्ज्वला योजना के अंतर्गत महिलाओं को मिलेंगे. सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन का समर्थन करने के लिए अनुदान जारी करने की मंजूरी दी है. उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत आज तक 9.60 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किये जा चुके हैं.



ई -कोर्ट मिशन से सरकार न्यायिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का प्रयास कर रही है सरकार

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट के फेज-3 को आज मंजूरी मिली है. इसे लगभग 7,210 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा. उन्होंने कहा कि कैबिनेटने जी20 शिखर सम्मेलन के सफल क्रियान्वयन के लिए पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है.ई-कोर्ट मिशन से सरकार न्यायिक व्यवस्था को नागरिकों के लिए आसान,किफायती और पारदर्शी बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है. इससे पहले के 2 चरण में 18 हजार से अधिक अदालतों के कामकाज को ऑनलाइन किया जा चुका है. अदालतों को कंप्यूटर और नेटवर्क कनेक्टिविटी देकर ऑनलाइन किया जा चुका है. इससे केस की जानकारी या चालान आदि का निपटारा होने में तेजी आने की बात कही जा रही है.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की ओर से पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पीएम के कुशल नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

ट्रक-बस में टक्कर 12 लोगों की मौत

एजेंसी

जयपुर : राजस्थान के भरतपुर जिले में बुधवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया. यहां एक ट्रक की टक्कर से बस में सवार 12 लोगों की मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया. जानकारी के मुताबिक, यात्रियों से भरी बस गुजरात से मथुरा की तरफ जा रही थी. जयपुर-आगरा हाइवे पर नदबई थाना इलाके में जयपुर आगरा नेशनल हाईवे पर हन्तरा पुल पर बस खराब हो गई. ड्राइवर ने बस को खड़ा किया और ठीक करने की कोशिश करने लगा. तभी पीछे से आए ट्रक ने बस में टक्कर मार दी. इस घटना पर राष्ट्रपति ने कहा कि गुजरात से उत्तर प्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस के राजस्थान के भरतपुर जिले में दुर्घटनाग्रस्त होने और अनेक यात्रियों की मृत्यु के समाचार से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुखद सड़क हादसे की खबर से गहरा दुख हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क हादसे पर दुख जताया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतक परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के लिए 4 लाख और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की मदद की घोषणा की। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भरतपुर जिले में हन्तरा गांव के निकट बुधवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

* भरतपुर सड़क हादसे पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, गुजरात के सीएम सहित राजस्थान के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताई शोक संवेदना

आयुष्मान भवः अभियान का हुआ शुभारंभ

देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच होगी सुलभ : राष्ट्रपति

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुलभ बनाने के लिए दूरदर्शी स्वास्थ्य कार्यक्रमबीआयुष्मान भवः अभियान का बुधवार को ऑनलाइन शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जब हर व्यक्ति, हर परिवार स्वस्थ रहेगा तभी स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा। यही आयुष्मान भवः कार्यक्रम का लक्ष्य है। केंद्र एवं राज्य सरकार की सहभागिता इतने बड़े लक्ष्य को हासिल करने में मददगार होगी। ऑड्रे हॉउस, रांची में आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में झारखंड से इस अभियान का शुभारंभ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आयुष्मान भवः सिर्फ एक कथन मात्र नहीं है। यह एक मार्गदर्शन करने वाला सिद्धांत है, जिसमें स्वस्थ जीवन जीने का सार शामिल है। यह एक प्राचीन संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ है-आप लंबे समय तक जीवित रहें और स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि एलआयुष्मान भवः कार्यक्रम प्रत्येक लाभुक तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक पहल है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। यह पहल जागरूकता अभियानों, चिकित्सा शिविरों एवं समावेशी रणनीतियों से स्वास्थ्य लाभ को अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हाशिये पर रहने वाले लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक आयुष्मान भवः कार्यक्रम का लाभ पहुंचे, इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 1 करोड़ 22 लाख लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल चुका है। लेकिन, हमारा लक्ष्य 2 करोड़ 69 लाख लोगों को इस योजना का लाभ पहुंचाना है। इस दिशा मे राज्य सरकार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले संस्थानों, 5 बार से ज्यादा रक्तदान करने वाले लोगों एवं एचडब्लूसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक आलोक त्रिवेद्धी सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित डॉक्टर्स, पारामेडिकल्स, स्वास्थ्यकर्मी एवं आयुष्मान भारत के लाभुक उपस्थित थे।

* लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना अभियान का उद्देश्य : राज्यपाल

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंत्री बेबी देवी ने की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने मुलाकात कर डुमरी विधान सभा उपचुनाव में मिली जीत को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया तथा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने मंत्री श्रीमती बेबी देवी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री श्रद्धेय स्व0 जगरनाथ महतो के सपनों को पूरा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हमारी सरकार उनके आदर्श एवं विचारों को आत्मसात करते हुए समस्त झारखंड वासियों की खुशहाली, उन्नति और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री श्रद्धेय जगरनाथ महतो के सपनों को पूरा कर सशक्त एवं समृद्ध झारखंड बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, गुरूवार, 14 सितंबर 2023 | पेज 2

संक्षिप्त खबरें

जालसाजी के आरोप में महिला गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : हरिहरगंज थाना पुलिस ने छापेमारी कर जालसाजी के नामजद महिला अभियुक्त संगीता यादव को बोकारो जिले के जरंडीह से गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक शिवशंकर उरांव ने बताया कि नामजद महिला के विरुद्ध थाना क्षेत्र के सुलतानी गांव निवासी सागर कुमार पिता अमोद सिंह ने स्थानीय थाना में कांड संख्या 33 /2023 के तहत जालसाजी का एक मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि बगोदर स्थित शिवम लाइन होटल के ऊपर मकान में रहने वाले महिला का पति नितेश कुमार ने हाईवा खरीदने के लिए सागर कुमार से अपनी पत्नी संगीता यादव के खाते में करीब 10 लाख रुपए जमा करवाया था। किंतु चार माह बीतने के बाद भी न तो हाइवा मिला और न ही उसके पैसे लौटाए।

पंडवा में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

पंडवा (पलामू) : स्थानीय मध्य विद्यालय लोहड़ा के मैदान में बुधवार को दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता आरंभ हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन पंडवा प्रमुख गीता मेहता, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, बीईईओ हरेंद्र तिवारी, बीपीएम जरीना परवीन, डीडीओ अवधेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काट कर किया। मौके पर प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेल हमें एकजुट होकर रहने का गुण सिखाता है। कहा कि खेल से बच्चों में प्रतिस्पर्धा का भाव उत्पन्न होती है। मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का साधन है। खेल से बच्चे में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कहा कि मनोयोग से किया गया हर कार्य हमारे जीवन में सफलता दिलाती है। मौके पर बीईईओ

हरेंद्र तिवारी ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रखंड के सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर एक सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मध्य विद्यालय पंडवा के अंशु कुमार गुप्ता, दूसरे स्थान पर सूर्य प्रकाश, तीसरे स्थान पर विशाल कुमार वहीं लड़की में प्रथम स्थान रिम्पा कुमारी गाड़ी खास, दूसरे स्थान पर रिया कुमारी व तीसरे स्थान पर अंजलि कुमारी रहीं। भाला फेंक में प्रथम आकाश कुमार,गोला फेंक में विकास मेहता प्रथम रहा वालीवाली में पंकज कुमार मेहता, रौनक सिंह, अंशु गुप्ता,निरज वर्मा, सूर्य प्रकाश,रिशु राज सहित दर्जनों बच्चे चयनित हुए। मौके पर कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामानुज प्रसाद व अभय कुमार द्विवेदी ने किया। इस मौके पर राहुल त्रिपाठी शिक्षक शशिभूषण सिंह, राजीव तिवारी, आनंद कुमार पांडेय, अनिल कुमार सिन्हा, नंदकुमार मेहता, पंकज कुमार, रंजीत सिंह, लाल बहादुर, विकास पटेल, लेखापाल जय प्रकाश ठाकुर, बीआरपी ओमप्रकाश सिंह, सुभाष चन्द्र ओझा, सत्येंद्र मेहता, अंजली सेंगर, सुजाता कुमारी, सहित दर्जनों शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

बंद माइंस से मिली महिला और बच्चे की शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिले में एक बंद पड़े स्टोन माइंस से मां और बच्चे का शव बरामद हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि मां ने बच्चे के साथ आत्महत्या की है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन कर रही है। मां और बेटे के शव को माइंस से बाहर निकाल लिया है. पूरा मामला पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के बगैया का है. मृतक महिला की पहचान कुसमी देवी और उसके एक वर्षीय बेटे के रूप में हुई है। माइंस में मिला शवः जानकारी के अनुसार कुसमी देवी अपने बेटे के साथ मंगलवार की शाम से लापता थी. बुधवार की सुबह स्थानीय ग्रामीण जब इलाके में माइंस के पास गए तो देखा कि एक महिला का शव माइंस के पानी में तैर रहा है. बाद में महिला की पहचान कुसमी देवी के रूप में हुई. कुसमी देवी के साथ उसके एक वर्ष के नवजात बेटे का शव भी था।छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की आगे

छानबीन शुरू कर दी है. उन्होंने बताया कि आशंका जताई जा रही है कि महिला ने बच्चे के साथ आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कहानी पता चल पाएगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। मेरी जानकारी के अनुसार कुसमी देवी का ससुराल वालों के साथ विवाद था. ससुराल लोग कुसमी देवी को मायके से बात नहीं करने देते थे. कुछ के महीने पहले विवाद में मारपीट की घटना हुई थी. कुसमी देवी की करीब दो वर्ष पहले बगैया में शादी हुई थी। पिछले दो वर्षों के अंदर छतरपुर की इलाके में यह चौथी घटना है, जिसमें मां ने अपने बच्चों के साथ कुआं या माइंस में कूद कर जान दी है।

सेवानिवृत पंचायत सेवक के निधन पर ग्रामीणों ने जताया शोक

हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर पंचायत क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव निवासी सेवानिवृत्त पंचायत सेवक सरजू पासवान (95) का निधन हो गया। मंगलवार की देर शाम कटैया स्थित बटाने नदी घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। जहां उनके बड़े पुत्र बिरेन्द्र पासवान ने मुखाग्नि दी। वहीं उनके निधन पर बेलौदर पंचायत के निवर्तमान मुखिया उमेश साव पंसस अखिलेश पासवान समाजसेवी परीखा पासवान शिक्षक संजय पासवान अधिवक्ता अवधेश पासवान सहित मुकेश पासवान, अजय पासवान, राजेन्द्र पासवान, अनुज पासवान, राकेश पासवान सहित कई ग्रामीणों ने शोक जताया है।

झारखण्ड विधान सभा की सदाचार समिति का हुआ चतरा आगमन



चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखण्ड विधान सभा की सदाचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह की अध्यक्षता में चतरा परिसदन भवन सभा कक्ष में जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। सर्वप्रथम सदाचार समिति के अध्यक्ष श्री रामचंद्र सिंह के चतरा परिसदन आगमन पर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने पौधा व मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस, सभी तकनीकी विभागों समेत अन्य विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा की गई। अनुकंपो के आधार पर नौकरी, पेंशन, परिवार पेंशन के विषयों पर जानकारी ली गई और लंबित मामले को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ साथ कई विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी चतरा सलमान जफर खिजरी द्वारा जानकारी दी गई कि सरना-मसना, कब्रिस्तान घेराबंदी, प्रीमैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति समेत अन्य योजनाएं संचालित है जिसमें कब्रिस्तान घेराबंदी सरना-मसना घेराबंदी के कार्य किए जा रहे है। वहीं प्रीमैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से योग्य छात्र/छात्राओं को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। आगे उन्होने वनपट्टा को लेकर जानकारी दिया कि 109 पुराने त्रुटि वनपट्टा में सुधार करते हुए एवं 07 नए वनपट्टा को निर्गत किया गया है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अजय कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री नलजल योजना, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना, सामुदायिक शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन आदि के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। इस संदर्भ में समिति के अध्यक्ष द्वारा समय समय पर पेयजल की आपूर्ति बहाल करने को लेकर निर्देशित किया गया। वहीं तकनीकी विभागों द्वारा एक एक कर जिले में चल रहे निर्माण कार्य, मरम्मति कार्य, लंबित कार्य की विस्तृत जानकारी दी। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने सभी विभागों के तहत हो रहे कार्यों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मुखिया व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने किया विद्यालय का निरीक्षण, विद्यालय में कुव्यवस्था देख सुधार का दिया निर्देश

राशि लेकर निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों को लगाई फटकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : विश्रामपुर प्रखंड के पंजरी कला पंचायत की मुखिया रंभा मिश्रा सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने सेमरी, नौगढ़ा, पंजरी कला व बरिगावां विद्यालय का निरीक्षण किया। पंजरी कला उत्क्रमित मध्य विद्यालय के कमरे में पंखा नहीं होने के कारण बच्चे गर्मी से परेशान देखे गए। जबकि विद्यालय के कमरे में पंखा लगाने का पैसे भी उपलब्ध कराए गए थे इतना ही नहीं प्रत्येक वर्ष विद्यालय विकास मत की राशि भी प्राप्त होती रही है। बावजूद विद्यालय में सुविधा का अभाव प्रधानाध्यापक के लापरवाही को दर्शाता है। वहीं छात्रों उपस्थिति में भी भिन्नता पाई गई। सोमवार को जहां विद्यालय में 215 बच्चे उपस्थित पंजी में पाए जाते हैं,

वहीं मंगलवार को महज 93 बच्चे ही विद्यालय में देखे गए। इस पर मुखिया द्वारा प्रधानाध्यापक से पूछे जाने पर स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। वहीं बरिगावां में भी ठीक-ठाक नहीं पाया गया जिस पर मुखिया के द्वारा प्रधानाध्यापक से सुधार की बात कही गई। प्रधानमंत्री आवास की दोनों किस्त प्राप्त करने के बाद भी लाभकों के द्वारा निर्माण कार्य में रुचि नहीं दिखाई जा रही। पंजरी कला, नौगढ़ा व सेमरी गांव के ऐसे लाभुकों के घर मुखिया सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि व पंचायत सेवक पहुंचे। लाभूकों को एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। लापरवाही बरतने की स्थिति में ऐसे लोगों पर कार्रवाई की भी बात कही गई। निरीक्षण के क्रम में मुखिया के साथ उपमुखिया सरोज देवी, पंचायत समिति सदस्य दयाल विश्वकर्मा पंचायत सेवक चंद्रावती सिन्हा आदि लोग शामिल थे।

प्रखंड के बैतरी गांव में जल नल योजना मे भारी अनिमियता

संवेदक मनमानी तरीकें से कर रहें हैं कार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरौंधी : प्रखंड के बैतरी गांव में जल नल योजना में संवेदक द्वारा बड़े पैमाने पर अनिमितता बरता जा रहा है। जल नल योजना के निर्माण में टंकी का नेव 4 फीट से भी कम किया जा रहा है। संवेदक द्वारा के द्वारा बहुत कम बोर किया जा रहा है। जबकि जब तक डीप बोर की गहराई 200 से 250 फिट होना चाहिए। नल जल योजना के तहत लोगों को घर-घर पानी पहुचना है।प्राप्त समाचार के अनुसार बैतरी गांव के गांव के ग्रमीण एग्णासुसबड़ा, सत्येंद्र राम, मनोज कुमार, उमेश पाल, परीक्षा राम ,उदय राम आदि ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक द्वारा किये जा रहे मनमानी से ग्रामीण परेशान है। उनलोगों ने बताया कि द्वारिक चौधरी के खेत में मात्र 130 फीट

डीप बोर किया गया है. जबकि जबकि नंदू ऊँराव के घर के पास डीप बोर की गहराई मात्र 85 फीट है। इसी प्रकार परीक्षा राम के घर के पास दीप बोर की गहराई 100 फीट,उधय राम घर के पास 200 फीट डीप बोर हुआ था। जिसमें केसिंग मात्र 30 फिट ही डाला गया है। इधर वीरबहादुर शाह के खेत में 190 फीट बोर किया गया है। जबकि 100 फीट केसिंग डाला गया है। उमेश पाल के घर के पास 105 फिट डीप बोर किया गया है। परंतु लोकल केसिंग होने के कारण केसिंग फट गया जिसमें मिट्टी भरने से बोर की गहराई मात्र 30 फीट रह गया। राजेंद्र सिंह के घर के पास डीप बोर की गहराई मात्र 80 फिट हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोगों को क्षेत्र में 40 फीट के नीचे बालू पड़ता है। जिससे गर्मी के दिनों में हम लोगों का चापाकल सूख जाता है। आए दिन नल जल योजना के तहत भी बालू से नीचे डीप बोर नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि प्राकलन के अनुसार ठेकेदार काम करे अन्यथा उनका कार्य रोक दिया जाएगा। **जांच के बाद कार्रवाई किया जाएगा :** इस संबंध में पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता देवेंद्रनाथ किस्को ने बताया कि जाँच के बाद करवाई किया जायेगा।

संजू चौरसिया चुने गये कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव कृषि भवन में सम्पन हुआ। जिसमें संजू चौरसिया अध्यक्ष, मनोज मेहता सचिव, ऋषि प्रसाद कोषाध्यक्ष व अनुज सिंह उपाध्यक्ष चुने गए। पर्यवेक्षक बीटीएम रंजीत कुमार ने चुनाव कराया। अध्यक्ष पद के लिए संजू चौरसिया को 20 मत मिले। वे अपने प्रतिदंदी विनोद बैठा से नौ मत से विजयी हुए। सचिव के लिए मनोज मेहता को 33 मत मिले। वे अपने प्रतिदंदी करेश महतो से 27 मत से विजयी हुए। कोषाध्यक्ष के लिए ऋषि प्रसाद को 18 मत मिले। वे प्रतिदंदी नंदू चौधरी से एक मत से विजयी हुए। वही उपाध्यक्ष के लिए अनुज सिंह 29 मत लाये।वे प्रतिदंदी मनोज दास से 22 मत से विजयी हुए, मौके पर राजेंद्र प्रसाद यादव, बबीता देवी, ए पांडेय, जितेंद्र चौधरी, जहांगीर अंसारी, शिव शंकर प्रसाद, अभिमन्यु प्रजापति, जनार्दन प्रसाद, दिलीप कुमार, अनिल कुमार मेहता, परशुराम प्रसाद, शिवकुमार मौजूद थे।

श्री कृष्ण को अपना सखा बना लो, पूरा ब्रम्हांड तुम्हारा अपना हो जायगा : श्री जीयर स्वामी जी महाराज

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री जीयर स्वामी ने कहा कि संत और भक्त वही है जिसे भगवान का सगुण साक्षात्कार हुआ हो. भोजन के बिना तृप्ति कहाँ भगवान् आलिङ्गन देकर प्रीति से इन अङ्गों को शान्त करेंगे और अमृतकी दृष्टि डालकर मेरे जी को ठंडा करेंगे. गोद में उठा लेंगे और भूख-प्यास भी पूछेंगे और पीताम्बर से मेरा मुँह पोंछेंगे. प्रेमसे मेरी ओर देखते हुए मेरी ठुड्डी पकड़कर मुझे सान्त्वना देंगे. मेरे माँ-बाप हे विश्वम्भर ! अब ऐसी ही कुछ कृपा करो। मेरे माँ-बाप मुझे प्रत्यक्ष बनकर दिखाइये। आँखों से देख लूँगा तब तुम से बातचीत भी करूँगा, चरणोंमें लिपट जाऊँगा। फिर चरणों में दृष्टि लगाकर हाथ जोड़कर सामने खड़ा रहूँगा. यही मेरी उत्कट वासना है, नारायण ! मेरी यह कामना पूरी करो। पर निन्दा में बड़ी रुचि थी, दूसरोंकी खूब निन्दा की, परोपकार न मैंने किया; न दूसरों से कभी कराया. दूसरोंको पीड़ा पहुँचाने में कभी दया



न आयी. ऐसा व्यवसाय किया जो न करना चाहिये और उससे पाया तो क्या, अपने कुटुम्ब का भार ढोता फिरा . तीर्थों की कभी यात्रा नहीं की, केवल इस पिण्ड के पालन करने में ही हाथ-पैर मारता रहा . मुझसे न संत-सेवा बनी, न दान-पुण्य बना, न भगवान् की मूर्ति का दर्शन और पूजन-अर्चन ही बना. कुसङ्ग में पड़कर अनेक अन्याय और अधर्म किये. मैंने अपना-आप ही सत्यानाश किया, मैं अपना- आप ही वैरी बना. भगवन् ! तुम दयाके निधान हो, मुझे इस भवसागर के पार उतारो। भव सागर को तैर कर पार करते हुए चिन्ता किस बातकी करते हो उस पार तो वह कटिपर कर धरे खड़े हैं। जो कुछ चाहते हो उसके वही तो दाता हैं। उनके चरणों में जाकर लिपट जाओ। वह जगत् स्वामी तुमसे कोई मोल नहीं लेंगे, केवल तुम्हारी भक्तिसे ही तुम्हें अपने कंधे पर उठा ले जायँगे .प्रभु जहाँ प्रसन्न हुए तहाँ भुक्ति और मुक्ति की चिन्ता क्या ? वहाँ दैन्य और दारिद्र्य कहाँ संसार में बने रहो, पर हरि को न भूलो .हरिनाम जपते हुए न्याय-नीति से सब काम करते चलो. इससे संसार भी सुखद होता है.सुख - जब बराबर है तो दुःख पहाड़-बराबर . संसारके विषयमें सब का यही अनुभव है.माँ-बाप, स्त्री-पुत्र, संगी-साथी, धन-दौलत, राजा-महाराजा कोई भी हमें क्या मृत्यु से बचा सकता है? यह शरीर तो काल का कलेवा है.कौड़ी - कौड़ी जोड़कर करोड़ रुपये इकट्ठे करो, पर साथ तो एक लँगोटी भी न जायेगी. संगी-साथी एक-एक करके चले .अब तुम्हारी भी बारी आयेगी.पैरों तक वनमाला लटक रही है, उन सुन्दर मधुर घनश्याम को देखते हुए नेत्रोंसे मानों प्राण निकल पड़ते हैं।

पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VII

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

(जिला भू–अर्जन शाखा)

अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :–563(B)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–12.09.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–गढ़वा रोड़ रेलवे स्टेशन पर **ROR** निर्माण हेतु ग्राम–घोरडीहा, थाना–रेहला, थाना सं0–44, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में कुल कमोवेश 1.3465 एकड़ यानि 0.5449 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक मान से कमोवेश 1.3465 एकड़ यानि 0.5449 हे0 है और जो ग्राम–घोरडीहा, थाना–रेहला, थाना सं0–44, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	43	59	रैयती	टांड़ 1	0.0825	आलम अंसारी, साहिद अंसारी पिता इस्माईल अंसारी	59P	नाला	60	59P
2	42	60	रैयती	परती कदीम	0.030	मोजम्मील अंसारी, जमील अंसारी, अतहर हुसैन पिता युसुफ अंसारी	61P	नाला	60P	59P
3	44	61	रैयती	टांड़ 1	0.190	जमीला बीबी पति इस्माईल अंसारी वो राजेश कुमार चौबे पिता आत्मानन्द चौबे वो शैलबाला देवी पति आत्मानन्द चौबे	61P	61P	70P	61P
4	19	70	रैयती	टांड़ 3	0.115	अब्दुल सत्तार पिता हलकानी अंसारी, कलाम अंसारी, असमुदीन अंसारी पिता रहिम अंसारी वो मुस्ताक अंसारी पिता अलीहसन अंसारी	70P	70P	71P	61P
5	30	71	रैयती	टांड़ 2	0.040	इस्लाम अंसारी वो याकुब अंसारी वो लियाकल हुसैन पिता रौशन अंसारी	71P	71P	86P	70P
6	16	85	रैयती	टांड़ 3	0.022	इसराईल अंसारी पिता सकुर अंसारी	85P	87P	87P	86P
7	48	86	रैयती	टांड़ 3	0.040	रैशुन बीबी पति अब्दुला अंसारी, राजेश चौबे पिता आत्मानन्द चौबे	71P	86P	85P	71P
8	24	87	रैयती	टांड़ 3	0.060	राजेश चौबे पिता आत्मानन्द चौबे	85P	87P	105P	85P
9	48	105	रैयती	टांड़ 3	0.037	राजेश चौबे पिता आत्मानन्द चौबे	105P	87P	104P	87P
10	59	123	रैयती	टांड़ 2	0.100	रामप्रसाद मिश्र, श्याम मिश्र वो रमेशचन्द्र मिश्र पिता शिवप्रसाद मिश्र	999P	122P	123P	125P
11	59	211	रैयती	टांड़ 2	0.175	राधा कृष्ण मिश्र वो शिव प्रसाद मिश्र पिता देवनन्दन मिश्र	215P	999P	212P	211P
12	59	215	रैयती	टांड़ 2	0.080	रामप्रसाद मिश्र वो श्याम प्रसाद मिश्र वो रमेशचन्द्र मिश्र पिता शिवप्रसाद मिश्र	216P	211P	215P	215P
13	59	217	रैयती	टांड़ 2	0.095	रामप्रसाद मिश्र वो श्याम प्रसाद मिश्र वो रमेशचन्द्र मिश्र पिता शिवप्रसाद मिश्र	202P	216P	217P	217P
14	69	207	रैयती	टांड़ 2	0.015	राधा कृष्ण मिश्र वो शिव प्रसाद मिश्र पिता देवनन्दन मिश्र	206P	207P	202P	207P
15	63	143	रैयती	टांड़ 2	0.265	अशोक राम, मांगे राम पिता वंशी राम, भरत राम पिता मुनी राम, रामलगन राम पिता वृक्ष राम, गोपाल राम पिता नारायण राम, पारसनाथ राम पिता वृक्ष राम, राजकुमार वो सुनेश राम, हरि राम पिता करीमन राम, सुमित्री कुवंर, हिरा राम, रामजस राम, परशु राम, गुड्डु राम इत्यादि	143P	143P	206P	143P
				कुल रकबा :–	1.3465					

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम.....×..... थाना.....×..... थाना सं0.....×..... अंचल.....×.....जिला.....×..... क्षेत्रफल .....×..... एकड़.....×..... यानि.....×..... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानुनगो

जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 306841 District(23-24)D

डीप से जोड़ो अभियान को पंचायत वार सफल बनाएं : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सेन्हा प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में डीप से जोड़ो अभियान को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित हुआ। बैठक में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने जनसेवकों को निर्देश दएते हुए कहा कि डीप सिंचाई को लेकर किसानो को जागरूक करें और प्रखंड व पंचायत स्तर पर निगरानी कमेटी बनायें तथा डीप योजना का लाभ देने के लिये किसानो को जोड़ें सरकार द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत मनरेगा,भूमि संरक्षण सहित अन्य विभाग से बने कुँआ,तलाब से डीप टपक विधि के माध्यम के तहत सिंचाई से जोड़ने को लेकर किसानो को जागरूक करें और इच्छुक किसानों से सभी कागजात लेकर आवेदन करें जिसे किसानो को समय से लाभ दिया जा सके साथ ही कहा कि पंचायत के बैठक में मुखिया और ग्राम प्रधान को शामिल करना आवश्यक है। और जनप्रतिनिधि और किसानों के साथ समन्वय बना कर ड्रीप योजना को सफल बनाए। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा के अलावे ओम प्रकाश साहू, अजय कुमार, सत्यकाम कुमार श्रीवास्तव, अधीश खाखा, नागमणि उरांव,रिजवान अख्तर सहित सभी जेनसेवक उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नेत्र जांच शिविर आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में बुधवार को शार्प साइट आई हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों के अतिरिक्त सभी आचार्य आचार्या के नेत्र जांच हुए। शार्प साइट आई हॉस्पिटल की ओर से डा. प्रदीप ने सबका जांच किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा की आजकल सभी उम्र के लोगो में आंख की समस्या देखने को मिलती इस तरह के आयोजन से बहुत से अभिभावक जो बड़े शहरों में नहीं जा पाते अनलोगो के लिए ये वरदान साबित होगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, देवा उरांव, विनोद गोप, रीता यादव, शांति नाग, गणेश साहू, नारायण कुमार, रामधारी साहू, प्रभा कुमारी, देवांति साहू, पूजा कुमारी, रूपा देवी कमला कुमारी के साथ साथ विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थें।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
राजधानी
रांची, गुरुवार, 14 सितंबर 2023| पेज 3

संक्षिप्त खबरें

रिम्स के कैदी वार्ड से हथकड़ी सहित कैदी फरार

रांची। रिम्स के कैदी वार्ड से हथकड़ी सहित एक कैदी फरार हो गया।बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से चंदन कुमार मंडल को इलाज के रिम्स लाया गया था। वह मूल रूप से इटकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। चंदन रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती था। जहां से वह बाथरूम जाने के बहाने हथकड़ी सहित फरार हो गया। बरियातू पुलिस फरार हुए कैदी की तलाश में जुटी हुई है। बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि कैदी की तलाश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। कैदी पत्नी के हत्या मामले का आरोपित है।

इंडिया गठबंधन की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करूंगी : दीपिका

रांची। महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह को प्रदेश कांग्रेस ने दुमका संसदीय सीट चुनाव के लिए प्रभारी मनोनित किया है। मंगलवार को झारखण्ड कांग्रेस की हुई बैठक में महागामा विधायक के नाम पर सहमति बनी। साथ ही, लोकसभा चुनाव को लेकर सभी लोकसभा सीट के लिए संयोजक एवं प्रभारी की टीम पार्टी द्वारा तैयार कर गई है।

पार्टी की मजबूती प्राथमिकताः दुमका लोकसभा सीट के लिए प्रभारी मनोनित किए जाने के बाद दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करना है। इंडिया गठबंधन की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। केंद्रीय कमेटी को क्षेत्र के मुद्दों से अवगत कराना और आइएनडीआइए के दलों से समन्वय को लेकर कार्य होगा। स्थानीय मुद्दे, जमीनी आकलन और पार्टी की मजबूती मेरी प्राथमिकता रहेगी।

एसएसपी ने ठाकुर गांव थाना प्रभारी को किया लाइन हाजिर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने ठाकुर गांव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही थानेदार से स्पष्टीकरण भी मांगा है। एसएसपी ने बुधवार को बताया कि मारपीट करने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि रविवार की देर रात थाना परिसर में ही थानेदार ने पिता किशोर बैठा और पुत्र शीतल को बेरहमी से पीट दिया।

पिटाई से घायल पिता-पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने सोमवार की सुबह थाने का घेराव किया। जानकारी के अनुसार सविता देवी ने थाना पहुंचकर मारपीट किए जाने की बात कही थी। घरेलू विवाद होने के कारण पिता-पुत्र को थाना बुलाकर समझाया। घर वापस जाते समय शीतल बैठा ने दोबारा मारपीट कर दी। महिला फिर थाना पहुंची और शिकायत की। इसके बाद पिता-पुत्र को थाना बुलाकर मारपीट की गई थी। पीड़ित का आरोप है कि थानेदार कृष्णा कुमार नशे में धुत थे। यही वजह है कि जब वह अपने पिता के साथ थाना पहुंचा तो थानेदार गंदी गालियां देने लगे। तुरंत उसे अंदर ले जाकर पीटने लगे। हालांकि, थानेदार ने कहा कि कोई भी जांच कर सकता है। वे शराब कभी पीते ही नहीं हैं। शिकायत मिलने के बाद एसएसपी ने मामले को लेकर ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो की जांच का जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद एसएसपी ने कार्रवाई की।

उल्लेखनीय है कि रविवार की देर रात थाना परिसर में ही थानेदार ने पिता किशोर बैठा और पुत्र शीतल को बेरहमी से पीट दिया।

शंख और अजय के जीत के साथ मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में बुधवार से मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज हो गया। प्रतियोगिता के पहले मैच में शंख ने एकतरफा मुकाबले में भैरवी को 2-0 से हराकर विजयी शुरूआत की, वहीं दूसरे मुकाबले में प्रमोद कुमार के गोल की बदौलत अजय ने गंगा को 1-0 से हराकर बढ़त बनाई। पहले मुकाबले में शंख ने काफी आक्रामक शुरूआत की और मैच के तीसरे मिनट में ही रिजवान आरिफ ने शानदार मैदानी गोल दाग टीम को बढ़त दिलायी। 9वें मिनट में ही प्लेयर ऑफ द मैच रणजीत ने एक गोल दाग टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मध्यांतर तक यही स्कोर रहा। मध्यांतर के बाद भी शंख की ओर से एक के बाद एक आक्रमण होते रहे लेकिन भैरवी के डिफेंस और गोलकीपर के शानदार प्रदर्शन के कारण स्कोर बढ़ नहीं पाया। दूसरे मैच में अजय की टीम ने पहले हाफ में आक्रामक खेल दिखाया लेकिन कई आसान मौके गंवाने के कारण मध्यांतर तक मुकाबला गोलरहीत बराबरी पर छूटा। मध्यांतर के तुरंत बाद प्रमोद सिंह ने शानदार मैदानी गोल दाग अजय को 1-0 से आगे कर दिया। गंगा के गोलकीपर प्रिंस ,और भैरवी के गोलकीपर शक्ति का शानदार प्रदर्शन रहा।

मैच की शुरुआत झारखंड खेल प्राधिकरण की कार्यकारी निदेशक आइपीएस सरोजनी लकड़ा, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक कार्मिक एच एन मिश्रा और फीफा रेफरी ओमप्रकाश ठाकुर ने सभी छह टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और किक लगाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

गुरुवार के मैच

सुबह 8 बजे से : टीम अजय बनाम टीम मयूराक्षी
सुबह 9 बजे से : टीम शंख बनाम टीम दामोदर

ईडी का गवाह विजय हांसदा कोर्ट में बयान से फिर मुकरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। अवैध खनन मामले में बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। ईडी का गवाह विजय हांसदा बुधवार को भी अपने बयान से मुकर गया। हांसदा ने कोर्ट के समक्ष कहा कि मुझे कोई धमकी नहीं मिली। पंकज मिश्रा ने कभी मेरे साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया है और न ही मुझे डराया है। साथ ही कहा कि उसने ईडी के समक्ष दिये बयान में ऐसा नहीं कहा है कि उसे धमकी मिली है। मामले में 14 सितम्बर को फिर विजय हांसदा का बयान दर्ज किया जायेगा। सुनवाई के दौरान इस केस के आरोपित बच्चू यादव भी कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित थे। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित रहे। बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार, सुधीर कुमार और पंकज मिश्र की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद थे। प्रेम प्रकाश की तरफ से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व मंगलवार को भी ईडी का गवाह विजय कोर्ट में बयान देने के वक्त मुकर गया था।

रांची जिला से 17 सदस्य टीम राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए बोकारो रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । 16वां राज्यस्तरीय सिनीयर महिला पूरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की 17 सदस्य टीम रांची से बोकारो के लिए रवाना हुआ। रांची टीम में पूरुष 48 से 51 किग्र में अविनाश कुमार 51 से 54 में अनुज बिलुंग 54 से 57 में रोहित तिर्की 57 से 60 में निखिल मुंडा 60 से 63.5 में सचिन कुमार पांडेय 63.5 से 67 किग्र में के पॉल बाबू 67 से 71 किग्र में सोनू रजक 75 से 80 में शशि शेखर +92 किग्र में देवराज मिंज वहीं महिला टीम में 45 से 48 किग्र में काजल कुमारी 48 से 50 किग्र में रजनी कुमारी 50 से 52 किग्र में कीर्ति 60 से 65 किग्र में खुशबू कुमारी सहित टीम मैनेजर अभिषेक कुमार टीम कोच राज ठाकुर टीम के साथ आरजे के रूप में रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बिमल आनन्द नाग रवाना हुए।इस अवसर पर अध्यक्ष विनय सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों को टी-सर्ट उपहार स्वरूप प्रदान किया और कहा आशा करता हुं टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी।कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने बताया राज्यस्तरीय सीनियर बॉक्सिंग में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी कड़ा परिश्रम किये है पदक अवश्य लेकर लौटेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिमल आनन्द नाग, गुलाम जावेद, इबरार कुरैशी,सिन्टू कुमार, कमल किशोर कच्छप, नौसाद खान गुलाम गौस कुरैशी,राज ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

गरीबों के तीन कमरे के आवास का क्या हुआ, बताए सरकार : रघुवर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पीएम आवास योजना से संबंधित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। दास ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने बयान से जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने आवास पोर्टल पर डाले गए सभी आवासों की सूची को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार पर आरोप लगाने के पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी बताएं कि सरकार बनने पर गरीबों केलिए तीन कमरे का सुविधायुक्त आवास बनाकर देने संबंधी उनकी बड़ी घोषणा का क्या हुआ? कहा कि कहां गया वह घोषणा जिसमे बेटे केलिए अलग कमरा ,मां पिता के लिए अलग कमरा, रसोई, शौचालय पानी सुविधा से युक्त घर देने की बात उन्होंने अपने संकल्प पत्र में कहे थे। दास ने कहा कि आज भी राज्य सरकार मकान बनाकर देगी यह बोलकर मुख्यमंत्री जनता को फिर से दिग्भ्रमित कर रहे । राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई योजना तैयार नहीं की है।केवल भीड़ में हवा हवाई बात करना,झूठे वादे करना इनकी आदत में शुमार है।

प्रधानमंत्री आवास योजना बंद करने के बयान का सांसद ने किया खंडन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना पर मुख्यमंत्री गलत बयानबाजी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन बंद करने की हेमंत सोरेन की बात का खंडन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपनी नाकामी को छुपाने के लिए केंद्र पर गलत आरोप लगा रहे हैं। संसद ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि हर गरीबों को पक्का मकान मिले। इसके लिए केंद्र की ओर से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवार को पक्का मकान बनाने के लिए सहायता राशि केंद्र जरिये दी जाती है लेकिन झारखंड सरकार की ओर से आवंटन राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं देने के कारण नया आवंटन नहीं दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से बार बार उपयोगिता प्रमाण पत्र की मांग की जा रही है। राज्य सरकार उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दे रही है। सांसद ने कहा कि पिछले नौ सालों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बने हैं। केंद्र ने जो आवंटन दिया था, उसमें अभी भी 55 हजार आवास अधूरे हैं। झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना में बिचौलिया हावी हैं। भ्रष्टाचार के कारण आवास अधूरे हैं। सरकार मौन है। मुख्यमंत्री को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी नाकामी को छुपाने के लिए केंद्र पर दोषारोपण नहीं करें।

रांची में दुर्गा पूजा पर नवयुवक संघ के पंडाल में दिखेगी नटराज की छवि

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के लोअर चुटिया की नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण कर रही है। समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो ने बुधवार को कहा कि इस बार पूजा पंडाल का थीम महादेव है। इस पूजा पंडाल में देवाधिदेव महादेव भोलेनाथ के अनेकों रूप दिखाई पड़ेंगे। साथ ही पंडाल के मुख्य द्वार पर कोयंबटूर के आदि योगी की भव्य प्रतिमा भी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंडाल की लंबाई 110 फीट, चौड़ाई 60 फीट और ऊंचाई 50 फीट होगी। इसका निर्माण पश्चिम बंगाल के डेकोरेटर गौतम गौराई और बप्पा टेंट हाउस की देखरेख में हो रहा है। मां भगवती पूजा पंडाल में महादेव नटराज रूप में विराजमान होंगे। उनके साथ भागवान गणेश, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, कार्तिकेय होंगे। महिषासुर अनेकों रूप में मां भगवती से क्षमा याचना मुद्रा में दिखाई देंगा। महतो ने कहा कि मां भगवती की प्रतिमा का निर्माण कोलकाता के प्रसिद्ध हुगली निवासी कार्तिक पाल के पुत्र कौशिक चित्रकार के द्वारा किया जा रहा है। पूजा पंडाल के सजावट के साथ पूरे महादेव मंडा परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा। पूजा पंडाल की सुरक्षा में सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड, समिति के वालेंटियर्स तैनात रहेंगे। पूरे पूजा में लगभग 20 लाख रुपये खर्च होने की अनुमान है।

राज्यपाल से प्रमंडलीय आयुक्त सहित अन्य ने की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त सहित अन्य लोगों ने राजभवन में मुलाकात की। सबसे पहले राज्यपाल से उत्तरी छोटानागपुर की प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। सुमन कैथरीन हजारीबाग जिले के विनोबा भावे विश्वविद्यालय की कुलपति भी है। उन्होंने इस दौरान शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। राज्यपाल से 'मिट्टी बचाओ आंदोलन' के मोहित निरंजन एवं अन्य ने भी मुलाकात की। साथ ही राज्यपाल को अपने प्रयासों से अवगत कराया। इनके अलावा राज्यपाल से आईसीएआर-एनआईएसए, रांची के निदेशक डॉ. अभिजीत ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संस्थान की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया।

झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के अध्यक्ष बने नायडू

रांची : राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईपीएस पीआरके नायडू को झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में मंगलवार की देर शाम गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

देश में 85 प्रतिशत पसमांदा मुसलमान की स्थिति दलितों से बदतर : कासमी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत का संवाददाता सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें पत्रकारों को संबोधित करते हुए काउंसिल के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी ने भारत सरकार और राज्य सरकार 10 बिंदुओं पर मांग को रखी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम एवं ईसाई दलितों पर धर्म आधारित पछपात को खत्म किया जाए। पसमांदा पिछड़ों को उनके आबादी के आधार पर आरक्षण दिया जाए। रंगनाथ मिश्रा और सच्चर कमेटी की सिफारिश को लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि मुसलमान में अंसारी, क्लाल, हलालखोर, धोबी जैसी जाति को शेड्यूल जाति का दर्जा दिया जाए। देश के प्रधानमंत्री से उम्मीद हैं की 1956 और 1990 की तरह नए अध्यादेश लाकर 341, 42 को खत्म करते हुए रिजर्वेशन देने का काम करेंगे। इस समय देश में सबसे ज्यादा आहत पसमांदा मुस्लिम समाज है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शकील अहमद, शोएब अंसारी, हाजी जाकिर, इम्तियाज अहमद, जिब्राइल अंसारी, मौलाना तौफीक कादरी, सोहेल अख्तर गब्बर, कारी जान मोहम्मद मुस्तफी, जबीउल्लाह अंसारी, और मास्टर सिद्दीक अंसारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मुख्य मांग

1. अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबन्ध को समाप्त कर मुस्लिम व इसाई दलितों के साथ हो रहे धर्म आधारित पक्षपात को समाप्त किये जाने के लिए आपके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय को पत्र लिखने की कृपा की जाये।
2. मॉब लिंचिंग पर सख्त से सख्त कानून बनाया जाये।
3. रेपिस्टों को फांसी की सजा हो ।
4. जातीय जनगणना, जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत कराया जाय।
5. शिड्यूल जिलो के एकल पदों मुखिया / प्रमुख / जिला परिषद् का संविधान के आधार पर अनारक्षित कर डी-नोटिफाईड किया जाये।

डीसी ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने का दिया आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राँची, श्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा,रवि शंकर मिश्रा, बाल संरक्षण पदाधिकारी राँची, वेद प्रकाश तिवारी सभी प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला समाज कल्याण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं यथा-मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पूरक पोषाहार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाड़ली योजना, सामाजिक कुरीति निवारण, एलपीजी गैस से संबंधित आदि पर संबंधित अधिकारी से विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा सभी योजनाओं का नियमानुसार उपलब्धि प्राप्त करने के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिती की जानकारी लेते हुए पूछा कि नया आंगनबाड़ी केंद्र बनता हैं, तो वहाँ आंगनबाड़ी सेविका उस नए भवन में आंगनबाड़ी केंद्र शिफ्टिंग नही करती हैं। ऐसे मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने रिपोर्ट मांगी एवं पूरे जिलें में जहाँ नया आंगनबाड़ी केंद्र बन गया हैं। वहां जा कर संबंधित अधिकारी निरीक्षण करें। संबंधित अधिकारियों द्वारा उपायुक्त राँची को जानकारी दी गई कि आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में खिड़की नही बनाया जा रहा है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र में अंधेरा रहता हैं। जिसपर उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र में खिड़की और रौशन दान देने का प्रावधान बना कर देने को कहा।

जमीन घोटाला मामले में विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमीन घोटाले के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस करते हुए विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले का मास्टर माइंड बताया और जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। ईडी ने विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले मामले में 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका में विष्णु अग्रवाल ने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए भी जमानत देने की मांग की है। फिलहाल विष्णु अग्रवाल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें रिम्स के कैदी वार्ड में भर्ती किया गया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, गुरूवार, 14 सितंबर 2023 | पेज 4

बचरा से श्रद्धालुओं का जत्था मां तारापीठ के लिए हुआ रवाना

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा इलाके से श्रद्धालुओं का एक जत्था बुधवार को मां तारापीठ दरबार के लिए कोयलांचल क्षेत्र से रवाना हुआ।इसकी जानकारी देते हुए बचरा के कांग्रेस नेता सुभाष कुमार साव ने बताया कि बचरा से प्रत्येक वर्ष श्रद्धालु भक्त मां तारापीठ के दरबार में जाकर पूजा अर्चना करते है।इस वर्ष भी 10 सदस्यीय टीम भादों आमवशय के शुभ अवसर पर मां भवानी शक्तिपीठ मां तारा देवी भगवती का पूजन अर्चना करने के लिए रवाना हुए।उन्होने कहा कि बचरा क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि को लेकर लेकर मां तारापीठ दरबार के लिए सभी श्रद्धालु उत्साह के साथ रवाना हुए।रवाना होने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने बचरा कली मंदिर जाकर विशेष पूजा अर्चना की।इस तीर्थ यात्रा में सुभाष साव,मदन साव,विकास कुमार तांती, संतोष साव,गुड्डू गंझू, गणपति महतो,बिनोद साव, विवेक भास्कर,बिनोद महतो सहित अन्य श्रद्धालुओं का नाम शामिल हैं।

सिल्ली पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के चंदन कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार रांची पुरुलिया मुख्य पथ पर सिल्ली थाना के समीप सिल्ली पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि वाहन चेकिंग में गाड़ी का बीमा, आरसी, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट, ट्रिपल लोडिंग की गहनतापूर्वक जांच की गई। वही 18 वर्ष से कम आयु के युवकों को सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया तथा बताया गया कि दोबारा पकड़े जाने पर चालान काटा जाएगा। चेकिंग के दौरान वाहन मालिकों से यातायात संबंधी नियमों की जानकारी भी दी गई। मौके पर थाना के पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल मौजूद रहे।

मांडर थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप मालिकों के साथ थाना परिसर में हुई बैठक

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडर थाना परिसर स्थित इंस्पेक्टर कार्यालय मे बुधवार को थाना प्रभारी विनय कुमार यादव की अध्यक्षता मे थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक हुई, जिसमे सी, सी, टी, वी कैमरा,लॉकर फैसिलिटी, कैश को बैंक तक पहुंचाने के दौरान रास्ते पर सुरक्षा, पंप के अगल बगल असमाजिक तत्व पर निगरानी,कैश काउंटर मे ताला लगाने, पंप के सामने वाले मुख्य पथ पर अच्छे किस्म का कैमरा लगाने,पंप के सामने अनावशयक वाहन का पड़ाव नहीं होने, हर पंप मे रात्रि मे एक व्यक्ति तैनात करने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से अवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, मौके पर इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, सुदीप तिग्गा, मनोहर साहू, अशोक शाह, विकास सिंह, मिथलेश प्रताप, मुस्लिम अंसारी उपस्थित थे

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पवित्र मिट्टी का संग्रह

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज के नेतृत्व में बुधवार को होटलों के जानकी पंच मंदिर मांझीडीह तथा बूथ संख्या 177 एवं 180 से मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पवित्र मिट्टी का संग्रह की गई। श्री महतो ने कहा कि संग्रहित मिट्टी से दिल्ली में शहीद स्मारक के सामने अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। हम सभी के गांवों एवं घरों की मिट्टी का अमृत वाटिका में उपयोग होना गर्व की बात है।मौके पर जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज,पं रवि ठाकुर,राजू महतो,महेंद्र महतो,भरत गोस्वामी, विशेश्वर महतो, निखिल कुमार, कार्तिक मांझी,लालू मांझी आदि मौजूद थे।

मांडर पुलिस ने छापेमारी कर 22 बोतल बियर किराना दुकान से किया बरामद

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडर थाना क्षेत्र के टांगरबसली चौक के किराना दुकान से गुप्त सूचना के आधार पर मांडर पुलिस ने छापेमारी कर 22 बोतल बियर बरामद किया है। इस मामले में तस्कर भागने में सफल रहा। उक्त बातों की जानकारी देते मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टाँगरबसली के एक किराना दुकान में चोरी-छिपे शराब की तस्करी किया जा रहा है।गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और ये कार्रवाई की गई।

देश का विकास असंगठित मजदूर को नजरअंदाज करके नहीं किया जा सकता है : अब्दुल्ला

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : देश का विकास असंगठित मजदूर को नजरअंदाज करके नहीं किया जा सकता है उक्त बातें मजदूर नेता सह आरसीएमएस एनके एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने डकरा स्टेडियम में आयोजित असंगठित मजदूरों के बैठक में कहा. अंसारी ने देश के प्रधानमंत्री से असंगठित मजदूरों को सीसीएल में स्थाई करने का मांग किया है ताकि उन्हें भी सब सुख सुविधा मिल सके. अंसारी ने कहा कि सीसीएल खदानों में संगठित मजदूरों के साथ असंगठित मजदूर कदम से कदम चलाकर दिन रात काम करते

है.आज कोयला उत्पादन के लिए असंगठित मजदूर का मेहनत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है.कहा कि सीसीएल में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी चाइना के लॉ पर कार्य रह रही है.

इस कारण मजदूरों को अपना हक मांगने के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है. कहा कि आउटसोर्सिंग के मजदूरों को कोई सुविधा नहीं मिल रही है.सीसीएल में कोई नियन कानून नहीं है. सारा नियम सीसीएल के अधिकारियों का चल रहा है. लूट चरम पर है. उन्होंने सभी असंगठित मजदूरों को एकजुट होने की अपील किया.बैठक केअंत मे सभी असंगठित मजदूरों ने प्रधानमंत्री से स्थाई करन करने का मांग किया है. बैठक की अध्यक्षता सोनू पांडेय ने किया. इस मौके पर सुनील सिंह ,अशोक सिंह, कृष्ण सिंह ,अमजद खान ,अरविंद कुमार, अफजल अंसारी ,रवि केसरी ,इरशाद खान, मिथुन राणा ,विकास लोहारा,विजय कुमार, वसीम अंसारी, मुमताज अंसारी, प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र चौहान ,विनोद कुमार आदि शामिल थे।

इटकी में परंपरागत व धूमधाम मिकाली गयी चेहल्लुम जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

इटकी : चेहल्लुम का त्योहार परंपरागत व धुमधाम से मनाया गया। इटकी सेंट्रल मोहर्रम कमेटी व मोहर्रम समन्वय कमेटी के सयुंक्त तत्वाधान में विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में रांची लोहरदगा, गुमला सहित 36 गांव के आखाड़ाधारियों ने भाग लिया। स्थानीय रहमत नगर,गुलाम टोली, त्रिविधा चौंक, इटकी बाजार , मौसीबाड़ी सहित अन्य अखाड़ाधारी पहचान चिन्ह निशान झंडा लिए अस्त्र शस्त्र, गाजा बाजा, ढोल ताशा के साथ जुलूस की शक्ल में इटकी बाजार टांड़ स्थित मेला स्थल पहुंचे। जहां अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जामताड़ा के विधायक डॉ इरफान अंसारी व हिंदू जागरण समिति के संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने संयुक्त रूप से

किया। जहां आखड़ाधारियों द्वारा अस्त्र शस्त्र चालन का एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया करतब दिखाए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा में चान्हो सुकुरहुटू को प्रथम पुरस्कार उदररंगी को द्वितीय व मदरसा चौक को तृतीय पुरस्कार के रूप में राशि और जोड़ा तलवार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व गुलाम टोली सहित विभिन्न अखाड़ाधारी द्वारा जुलूस निकाले गये। प्रतियोगिता में इटकी के विभिन्न अखाड़ाधारी के अलावा गुमला, लोहरदगा, कुंदी, मोरो ,मल्टी, रानीखटंगा, झिंझरी सहित अन्य गांवों के अखाड़ाधारियों ने अस्त्र शस्त्र खेलों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में इटकी सीओ रश्मि लकड़ा, उप प्रमुख परवेज राजा, थाना प्रभारी अमित प्रशांत, नेशनल डायरेक्टर ह्यूमन राइट आरिफ रजा, कलीम अंसारी, एकबाल अंसारी, बलराम गोप ,अजीत केसरी,, अल्हाज मोइनुद्दीन, वसीम अंसारी, अकील अहमद सलीम अंसारी, वसीम एकबाल , विक्की खान, टुन्नू , कैप्टेन, पप्पू, सहित अन्य शामिल थे। प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी सहित भारी संख्या में महिला, पुरुष पुलिस बल तैनात थे।।

शिक्षकों के बिना यह मानव जीवन सार्थक नहीं है : सुन्नी टोप्पो

प्रभात मंत्र संवाददाता

चान्हो : स्टार निर्मल एकेडेमी बेयासी मे शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। सन्नी टोप्पो ने कहा कि शिक्षक दिवस पर मैं यह कहना चाहता हूं कि शिक्षक का हमारे जीवन में अमूल्य योगदान है. शिक्षकों के बिना यह मानव जीवन सार्थक नहीं है. हर किसी के जीवन में एक गुरु या शिक्षक का होना बेहद आवश्यक है. इसलिए हम सभी को सदा शिक्षकों का मान-सम्मान करना चाहिए और उनकी बातों पर अमल करना चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ हमारे जीवन मे खेल, नौकरी, कृषि, राजनीतिक, समाजिक और अपने-अपने संस्कृति संस्कार को भी अपने जीवन मे बचाकर रखना बहुत जरुरी है।

मांडर विधानसभा क्षेत्र मे जहां सरकारी स्कूलों मे उचित व्यवस्था नही होने के कारण छात्र-छात्राओं को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है, उस विषम परिस्थिति मे छोटे-छोटे निजी स्कूलों ने शिक्षा से इस क्षेत्र मे एक अलख जगाए हुए हैं। मौके पर आशुतोष तिवारी जिप सदस्य चान्हो पुर्वी, पुर्व आर्मी ललित उरांव, अनील कुमार भगत, अजय महतो, रफीक अंसारी, मो. अलताफ, स्कूल के प्रधानाध्यापक पर्वत उरांव, शिक्षकगण, अभिभावकगण समेत हजारों की संख्या मे छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

कृष्ण अष्टमी धुमधाम के साथ सम्पन्न

मुरी : छोटा मुरी पुराना बजार स्थित श्री श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर मे कृष्ण अष्टमी बड़ी धुमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। मंगलवार को कृष्ण जी का छठ्ठी का मनाया गया। शाम के समय भगवान् की आरती कर प्रसाद के रूप मे पुड़ी, खिर और हलवा भक्तों के बिच वितरण किया गया।भगवान् कृष्ण जी का प्रसाद खाने के लिए भीड़ का कतार लग गया।इस छठ्ठी मे स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो भी शामिल हुए और सभी के साथ बैठकर भगवान् कृष्ण जी का प्रसाद ग्रहण किया। एवं बिते दिनों हुए बच्चों का डांस, क्विज, केंडल महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर का कार्यक्रम मे विजेता प्रतिभाशाली बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुशील महतो, ब्रजेश प्रसाद, अशोक सिंह, जोगेंद्र कोइरी, अरविंद कुमार, पुरोष्तम पाण्डेय, तुलसी महतो समेत काफी संख्या मे महिला पुरुष शामिल थे।

पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड के तुतलो गांव के मैदान में आदिवासी युवा संघ के तत्वाधान मे पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा के भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित हुए। फाइनल मैच जूनियर क्लब लोयो बनाम सीएसएम मसियातु नवाटोली के बीच खेला गया। जूनियर क्लब लोयो ने सीएसएम मसियातु नवाटोली को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि तुतलो के इस पावन धरती पर फुटबॉल टुर्नामेंट के माध्यम से आपसी सौहार्द को बरकरार रखते

हैं। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों मे प्रतिभा कूट-कूट कर भरा होता है लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारे मांडर विधानसभा क्षेत्र मे एक भी स्टेडियम नही है जहां खिलाड़ी गण जाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने खेल को निखार कर भारतीय टीम के लिए खेल सके। मौके पर नरकोपी थाना के एएसआई रामनगीना प्रसाद, तुतलो पंचायत के मुखिया कुलदीप उरांव, सरवा पंचायत के मुखिया विरेन्द्र उरांव, सरना बाल विकास के प्रधानाध्यापक मंगरा उरांव, 24 पड़हा राजा महादेव कूजूर, पुर्व सरपंच असलम अंसारी, समाजसेवी बिगु महतो, ग्राम प्रधान बोधा उरांव, जितेंद्र शाहि, गोएंदा उरांव, महेश उरांव, देवनाथ उरांव, मुसतकीम अंसारी, रोपा उरांव, गणेश कुमार महतो, तबारक अन्सारी, अमानत हुसैन, वकील अन्सारी, नौशाद अन्सारी,प्रवेज अंसारी, महताब अंसारी, जहीर अंसारी, प्रदीप उरांव, फैज आलम, नसीम अंसारी, अबरार आलम, अफरोज अंसारी, मुमताज अंसारी, जितेश उरांव, टुर्नामेंट के अध्यक्ष सुनील उरांव, सचिव रंथु उरांव, चरवा उरांव, बेलाल अंसारी, लतीफ अंसारी समेत हजारों की संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

चुरी दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन, सुदेश पासवान बने अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : चुरी दुर्गा पूजा समिति की बैठक सुनील सिंह के अध्यक्षता में हुई. बैठक में हर साल की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने को लेकर पूजा समिति का गठन किया गया.जिसमें सर्वसम्मति से आरके सिंह, कुबेरनाथ सिंह, सीताराम शाही, जगदीश पांडेय, गंभीर सिंह, अनिल जैन ,राजीव चटर्जी, सचिन सिंह, शिवप्रसाद चौहान को संरक्षक बनाया

गया. वही पूजा समिति के अध्यक्ष के रूप में सुदेश पासवान, व लक्ष्मण पासी, बिरेंची कुमार, आशीष कुमार, बबन चौहान को उपाध्यक्ष बनाया गया. अनूप रजक को सचिव, व अजय विश्वकर्मा, दिलीप सिंह, सुशील पासवान को सह् सचिव, उदय शंकर व पवन केसरी को कोषाध्यक्ष बनाया गया.कन्हैया सिंह, दीपक तांतो को उपकोषाध्यक्ष,वही संजय विश्वकर्मा, शक्ति पांडेय, निरंजन, विश्वनाथ सिंह, अविनाश पासवान, मिथिलेश पासवान को पूजा प्रभारी बनाया गया. जबकि कार्यकारिणी सदस्य में सुनील सिंह, सोनू पाण्डेय, रामप्रताप सिंह, अनिल पांडेय, अजय सिंह, कुलदीप, मनोज, रंजीत पासी,सोनू सिंह, अमित चंद्रवंशी, निकेश चंद्रवंशी , रामफल पासवान, सुदर्शन पासवान, अशोक राजभर, अविनाश सिन्हा, समीर शर्मा का नाम शामिल है.

पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे विश्वकर्मा पूजा की तैयारी जोरो पर

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा की तैयारी पूरे जोर-शोर से की जा रही है।औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां बड़े पैमाने पर विश्वकर्मा पूजा की जाती है।पिपरवार क्षेत्र के सभी परियोजना कार्यालय, ट्रांसपोर्टिंग कार्यालय,विद्युत सब स्टेशन सभी गैरेज सहित अन्य जगहों पर धूमधाम के साथ विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया जाता है। अशोक परियोजना के वर्कशॉप में विश्वकर्मा पूजा को लेकर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है।पूजा के सफल आयोजन को लेकर विश्वकर्मा पूजा समिति का गठन किया गया।कमेटी में संरक्षक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, अध्यक्ष खान प्रबंधक एसके सिंह,उपाध्यक्ष शंभु शरण प्रसाद,मनोज कुमार,कौशल आर्य,अजित कुमार भंडारी, सचिव मिथिलेश कुमार,सह सचिव शेषनाथ प्रसाद,जैनुल अंसारी,राजेश प्रजापति, लखन साव,कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार महतो,सह कोषाध्यक्ष स्वरूप सनायमत को बनाया गया।इसके अलावा शिवलाल महतो,अनिल पांडेय,शंभु राम,रामकुमार साव,कामेश्वर राम, रामधनी साव,मथुरा प्रसाद मडंल, मो. सिराजउदीन,बिनोद सिहं,केके चर्तुवेदी,मो. मुबारक,शंकर विश्वकर्मा,प्रयाग मिस्त्री,राज कुमार,धनेश्वर गंझु,विनोद कुमार, सुभाष कुमार,विकास सिंह,ओम प्रकाश चौहान,प्रदीप कुमार सहित कई लोगों को समिति में शामिल कर उन्हें अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई है।

स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के मुरतो गांव में बुधवार को जन भावना फाउन्डेशन के बैनर तले स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फाउन्डेशन के राजेंद्र लोहरा ने बताया कि जन भावना फाउन्डेशन का उद्देश्य है कि गांव गांव विकास किया जाएगा साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह, हेल्थ केयर के बारे में फायदा दिलाया जाएगा। शिविर में डॉ दिनेश प्रसाद साहू द्वारा जांच किया गया। शिविर में 150 लोगों का जांच किया और दवा वितरण किया गया। मौके पर बेड़ो प्रखंड कोडिनेटर मनोज तिर्की, मुरतो पंचायत कोडिनेटर राजेंद्र लोहरा, सावित्री देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

पिपरवार के कल्याणपूर मे एतिहासिक जितिया मेला को लेकर कमेटी का हुआ गठन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर सरना क्लब मे तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला के आयोजन को लेकर एक बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी और संचालन शिवशंकर साव ने किया।बैठक में आगामी 8 अक्टुबर से 10 अक्टुबर तक कल्याणपूर मे तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।बैठक में इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया,साथ ही मेला के सफल आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया।जिसमे संरक्षक टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी,फूलचंद टाना भगत,अलेकजेंडर तिग्गा,धनेश्वर गंझू,क्यूम अंसारी,नागेश्वर महतो,रमेश मुंडा,शिवशंकर साव वही अध्यक्ष फूलदेव टाना भगत, उपाध्यक्ष निर्मल उरांव,सचिव बालेश्वर उरांव,सह सचिव बालकंत उरांव,कोषाध्यक्ष मानेश्वर भगत,उप कोषाध्यक्ष अरुन उरांव को बनाया गया। इसके अलावे दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।बैठक में बहेरा मुखिया रेखा देवी,पंसस बसंती देवी,निर्मल उरांव, बालेश्वर उरांव,फूलचंद टाना भगत,मानेश्वर भगत,क्युम अंसारी,धनेश्वर गंझू,इन्द्रजीत उरांव,इदरीस अंसारी,रामू मिंज,श्रीवास्तव उरांव, बालकंत उरांव,अरुन उरांव, टिकेश्वर महतो,अलेकजेडर तिग्गा,करन महतो,हनी भगत,पंकज दास,सचिन पासवान,फूलदेव टाना भगत, नागेश्वर महतो,रमेश मुंडा सूरज भगत,राजेश भगत, ललीता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने, डीलर द्वारा निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में राशन देने, बायोमेट्रिक प्रणाली का गलत इस्तेमाल करने सहित अन्य मामलों पर जांच कर तत्काल रूप से डीलर का लाइसेंस रद्द करने तथा कानूनी कार्यवाई करने का निर्देश दिया। नए लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ देने के मद्देनजर उपायुक्त ने प्रखंडवार लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को वर्तमान रिक्तियों के अनुसार सभी लाभुकों को राशन कार्ड के लाभ से आच्छदित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी योग्य लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ मिले इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि अयोग्य राशन कार्ड धारी का नाम राशन कार्ड सूची से हटाया जाए। इसके लिए उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को अयोग्य राशन कार्ड धारियों को स्वत- राशन कार्ड सरेंडर करने अथवा जांच में सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाने की जानकारी देने हेतु अभियान चलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जांच में अगर यह सामने आता है कि किसी व्यक्ति ने अयोग्य होते हुए भी राशन कार्ड के माध्यम से राशन का उठाव किया है तो संबंधित पर आपराधिक कार्रवाई के साथ-साथ लिए गए राशन की तिथि से बाजार दर की राशि 12त्न ब्याज के साथ वसूली की जाएगी। पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ससमय लाभुकों को उनके घरों तक राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त ने सितंबर माह के अंत तक अभियान मोड में कार्य कर सभी राशन कार्ड धारियों का राशन कार्ड आधार कार्ड से लिंक करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की राशन कार्ड की रिक्तियों में वृद्धि हेतु उपायुक्त ने वृहद रूप से सर्वे करने एवं वैसे व्यक्तियों जिनकी वर्तमान में मृत्यु हो गई है अथवा लंबे समय से वे क्षेत्र में निवास नहीं कर रहे हैं उनका नाम राशन कार्ड से हटाने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने मृत्यु प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य दस्तावेजों के उपयोग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिले में संचालित दाल भात केंद्रों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में प्रति सप्ताह किसी एक दाल भात केंद्र का औचक रूप से निरीक्षण करने केंद्र पर साफ सफाई का जायजा लेने, प्रतिदिन दाल भात केंद्र के माध्यम से लाभ ले रहे लाभुकों की जांच करने तथा लाभुकों से संबंधित पंजी का नियमित संधारण सुनिश्चित कराने आदि केके संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए वहीं धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 20 सितंबर तक अनिवार्य रूप से लक्ष्य के विरुद्ध सीएमआर की पूर्ण प्राप्ति करने एवं सीएमआर की प्राप्ति के अनुरूप किसानों को दूसरी किस्त की राशि तथा बोनस का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, गुरुवार, 14 सितंबर 2023 | पेज 5

अंसार खान ने हिदायतुल्ला खान को उनके निवास पहुंच कर दी बधाई

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में हिदायतुल्ला खान को झारखंड सरकार के द्वारा अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके आवास पहुंचा कर उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। और दूसरी और मौलाना अंसार खान ने अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारू को बनाए जाने पर उन्हें फोन पर बधाई दी। इस दौरान अंसार खान और हिदायतुल्ला खान के बीच अल्पसंख्यक को लेकर काफी देर तक चर्चाएं की गई। इस अवसर पर अंसार के साथ हाजी मोहम्मद अब्दुल लतीफ, प्रोफेसर मोहम्मद मोईन, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद शमसी, आरजू खान, मोहम्मद अली इमाम आदि शामिल थे।

निवेशकों को शिक्षित करने के लिए एचएसबीसी का नया डिजिटल कैंपेन शुरू

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने एक डिजिटल निवेशक शिक्षा अभियान एसआईपी है फायदे वाली आदत का आरंभ किया है, जो दीर्घ कालिन वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में एसआईपी की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। अपनी तरह के इस पहले अनूठे अभियान का लक्ष्य है भारत में 27 से 35 वर्ष के बीच की आयु के मिलेनियल निवेशकों को शिक्षित और सक्षम करना। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए कैलाश कुलकर्णी, सीईओ, एचएसबीसी असेट मैनेजमेंट कंपनी (इंडिया) प्रा. लि. ने कहा कि एसआईपी है फायदे वाली आदत एसआईपी को एक आदत के रूप में प्रस्तुत करता है, जो सकारात्मक दिनचर्या के लाभ की झलक दिखाता है, और जानकारी से परिपूर्ण तथा आत्मविश्वास से भरपूर मिलेनियल निवेशकों की पीढ़ी को बल देता है। इस उपक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य है दो महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित करना. पहला है, एसआईपी एक निवेश से भी बढ़कर है; यह एक व्यवस्थित आदत है जो मिलेनियल्स को तात्कालिक और दीर्घ कालिक दोनों लक्ष्यों के लिए नियमित रूप से निवेश करने में सक्षम बनाती है। दूसरा, हम एसआईपी द्वारा प्रदान किए जानेवाले निवेश में आसानी और चक्रवृद्धि की शक्ति पर बल दे रहे हैं।

टेल्को हनुमान मंदिर में कृष्ण जी की छठी मनाई गई

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): टेल्को न्यू मार्केट स्थित हनुमान मंदिर में महिला मंडली द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण जी का छठी मनायी गई। इस अवसर पर महिला मंडली द्वारा सोहर गान किया गया। तत्पश्चात हनुमान चालीसा का भी पाठ किया गया। इस अवसर पर भक्तों के बीच लड्डू वितरण किया गया। महिला भक्त मंडली मे मुख्य रूप से सुधा यादव की सराहनीय भूमिका रही इस अवसर पर कांता देवी, मधु राय, उर्मिला देवी, माधुरी देवी, शर्मिला देवी, मीरा देवी,मंजू देवी इत्यादि उपस्थित थी।

निफ्टी 50 का 20,000 अंक पार करना ऐतिहासिक उपलब्धि : चौहान

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): देश के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने निफ्टी 50 के 20,000 अंक पार करने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि निफ्टी 50 - भारत का पसंदीदा स्टॉक इंडेक्स आज 20,000 अंक के ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पॉइंट पर पहुंच गया। निफ्टी 50 को 1,000 की शुरुआती संख्या में लॉन्च किया गया था, और पिछले 27 वर्षों में निफ्टी 50 की प्रगति यह दर्शाती है कि भारतीय और विदेशी निवेशक भारत के निष्पक्ष, कुशल, पारदर्शी और कम लागत वाले पूंजी बाजार और इसकी नियामक, कानूनी प्रणाली में पूरा भरोसा रखते हैं। 7.5 करोड़ से अधिक प्रत्यक्ष अद्वितीय पैन नंबर वाले निवेशक अब हमारे साथ पंजीकृत हैं, जिससे पता चलता है कि 5 करोड़ परिवार अब अपनी बचत का एक हिस्सा सीधे इक्विटी बाजार में निवेश करते हैं।

बच्चों का खाता खोलना व आधार सीडिंग करना अनिवार्य : बीपीओ

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुचाई के प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को बीपीओ नाथो महतो के अध्यक्षता पर प्रखंड के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बीपीओ नाथो महतो लेखापाल कृष्णा महतो व बीआरपी सीआरपी उपस्थित थे। बैठक में बीपीओ नाथो महतो ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों का पोस्ट ऑफिस में 100 प्रतिशत खाता खोलवाना सुनिश्चित करें। सभी शिक्षकों को बायोमेट्रिक हाजरी साथी बच्चों का क्लास वाइज हाजरी बनाना। बच्चों का बैंक खाता व आधार अपडेट। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ नाथो महतो फिजियोथैरेपी आदित्य कुमार,लेखापाल कृष्णा मोहन महतो, सीआरपी शीतल साहू,राजेश प्रधान पंचु मार्डी,दीनबंधु सिंह रुपेश मिश्रा,समेत शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति थे।

मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह

नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता): सरायकेला खरसावां जिला के कुकडू मंडल अंतर्गत बेरासी-सिरुम शक्ति केंद्र के बूथों में अमृत वाटिका निर्माण कार्य के लिए बुथो के हर घर से मिट्टी का संग्रह किया गया,एवं सिरुम गांव के एक गैर सरकारी स्कूल में अमृत वाटिका के तहत वृक्षारोपण किया गया। सिरुम सामुदायिक भवन में पंचप्राण कार्यक्रम को भी सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के मंडल प्रभारी मदन सिंह सरदार , मंडल अध्यक्ष भरत चंद्र महतो, जिला आईटी सेल सह प्रभारी सुमन मुखर्जी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खाद्य आयोग के अध्यक्ष व सदस्य ने किया सरायकेला खरसावां जिला का भ्रमण

सम्बन्धित पदाधिकारियों व मुखियाओं के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी व सदस्य शबनम परवीन द्वारा सरायकेला खरसावां जिले का बुधवार को भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के तहत परिसदन स्थित सभागार में सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। मौके पर अध्यक्ष ने जिला आपूर्ति कार्यालय, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग में खाद्य आपूर्ति सम्बन्धित संचालित योजनाओं की समीक्षा कर पी.डी.एस केन्द्रो में निर्धारित समयावधी में उचित मात्रा में लाभुकों को खाद्य आपूर्ति करने, विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रो तथा कुपोषण उपचार केंद्रों में सूची अनुसार गुणवत्ता पूर्ण पोषण आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आंगनवाड़ी केन्द्रो एवं विद्यालयों में साप्ताहिक सूची प्रकाशित करने के भी निर्देश दिए। आमजनों के साथ सुनवाई/ जनसुनवाई कार्यक्रम में खरसावां, गम्हरिया एवं राजनगर के विभिन्न क्षेत्रो में निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरण करने, एक माह में दो बार पंचिंग कराने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने व नाम हटाने, समेत विभिन्न शिकायतों से अध्यक्ष अवगत हुए। उन्होंने सम्बन्धित पदाधिकारियों उक्त समस्याओं के जाँचोपरान्त त्वरित उचित कारवाई करने तथा राशन कार्डधारियों को उचित समय एवं उचित मात्रा में राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम सामुदायिक भवन सरायकेला स्थित सभागार भवन में जिले के सभी पंचायतों के मुखिया के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा अधीक्षक एवं सिविल सर्जन द्वारा केंद्र में खाद्य आपूर्ति संबंधित संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी साझा करते हुए क्षेत्र में योजनाओं को धरातल पर लाने तथा अंतिम पायदान में खड़े व्यक्तियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने में पंचायत स्तर पर मुखियाओं को पहल करने की अपील की गई। मुखियाओं के साथ संवाद के क्रम में आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि मुखिया समाज के नींव हैं, जब तक समाज मजबूत नहीं होगा, तब तक कोई भी राज्य प्रगति के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता है। राज्य सरकार योजनाओं एवं कार्यक्रमों को लागू करती है तथा उसका अनुपालन, लाभुकों तक उसकी पहुंच को सुनिश्चित करना पदाधिकारी एवं कर्मियों का दायित्व है। झारखंड राज्य खाद्य आयोग की सदस्या ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना लागू करने के पीछे सरकार की मंशा स्पष्ट है, कि अनाज के अभाव में कोई भुखा नहीं रहे, कोई भी महिला या बच्चा कुपोषण का शिकार ना हो।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने हेमंत सोरेन को दिया बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा झारखंड प्रदेश के महामंत्री अजय श्रीवास्तव ने राज्य के हेमंत सरकार के प्रति कायस्थ प्रशासनिक अधिकारियों की पोस्टिंग करने पर आभार जताया। उन्होंने चंदन सिन्हा को वरीय आरक्षी अधीक्षक रांची बनाए जाने पर बधाई दिया और जो भी सीओ, बीडीओ बनाए गए हैं उनको भी शुभकामनाएं दिया। हेमंत सरकार ने कायस्थ की प्रशासनिक क्षमता एवं उनकी अनुभव का लाभ लेने का जो निर्णय लिया है, वो स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा की राज्य की भाजपा सरकार में कायस्थ को उचित सम्मान नही मिला जिसका उदाहरण है कि अमित खरे और निधि खरे ने राज्य से अपना स्थानांतरण कराना उचित समझा। झारखंड प्रदेश एवं देश भर में 90 प्रतिशत कायस्थ समाज राष्ट्रवाद के कारण भाजपा को अपना बहुमूल्य मत देती है, फिर भी प्रशासनिक एवं राजनैतिक दिशा में उपेक्षा होटी है, यह चिंता का विषय हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया की उन्होंने ऐसे प्रशासनिक अधिकारियों की छमता को पहचाना और श्री अमित खरे को शिक्षा सचिव बनाया और उनके सेवानिवृत होने पर प्रधानमंत्री ने अपना विशेष सलाहकार बनाया और निधि खरे को केंद्रीय सरकार में सचिव बनाया। आज जो नई शिक्षा नीति देश में लागू होने जा रही है, उसकी नीव भी अमित खरे के द्वारा रखा गया।

बीयर बार फायरिंग मामले में कुख्यात अपराधी नरसिंह को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : एमजीएम थाना अंतर्गत डिमना चौक स्थित जलसा बीयर बार में 11 सितंबर की रात हुए फायरिंग मामले में पुलिस ने आरोपी स्वराज नरसिंह गागराई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ एक खोखा बरामद किया है। इसकी जानकारी ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त बीयर बार मालिक ने स्वराज को देर रात होने का हवाला देते हुए बार से निकलने को कहा था. इस पर स्वराज नरसिंह एवं उसके अन्य साथी आक्रोशित हो गए और हंगामा करना शुरू कर दिया. उसी दौरान उनके द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि नरसिंह एक कुख्यात अपराधी है। वह इससे पहले एमजीएम और सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के कांडों में जेल जा चुका है। फिलहाल पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

झामुमो का चांडिल प्रखंड स्तरीय बैठक में शामिल हुए विधायक, संगठन मजबूती पर जोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : चांडिल प्रखंड के चौलीवासा बड़ामटांड स्थित सामुदायिक भवन परिसर मे बुधवार को झामुमो का चांडिल प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो कि अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने संगठन मजबूती व सदस्यता अभियान पर जोर देने को लेकर विचार विमर्श किया गया। कहा कि कार्यकर्ता सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव में अधूरे पड़े विकास कार्य को प्राथमिकता देकर उसे जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कार्यकर्ता ही पार्टी का रीढ़ है सभी एक एकजुटता बनाए रखे। वही कार्यकर्ता ने एक स्वर मे कहा विधायक सविता महतो ने चुनावी घोषणा पत्र मे जो भी वादे किए थे उसी के अनुरूप कार्य करने से कार्य कि सरहाना कि। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो,दुखु सिंह मुंडा, डा सुबोध महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईया, धरमु गोप, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष मो अरशद, कपाली नगर अध्यक्ष इनामूल हक, रुही दास मांझी, करण हांसदा, बैद्यनाथ टुडू, राजू किस्कु, हीरा महतो, भदरु सिंह मुंडा, अजित सिंह मुंडा, लम्बोदर महतो, विश्वनाथ गोप, राहुल वर्मा, सोनाराम सिंह मुंडा, श्रीकांत महतो समेत सैकड़ो की संख्या मे झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सेंट्रल कारिमिया हाई स्कूल के रिटायर्ड शिक्षक हसीन तारिक का निधन, शिक्षाविदों ने जताया दुख

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : शहर के महशूर शिक्षक हसीन तारिक का आज हैदराबाद में इलाज के दौरान इंतकाल हो गया है। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। हसीन तारिक बहुत सारे सामाजिक संस्था एवं सोसाइटी से जुड़े हुए थे एवं टीचर एसोसिएशन के भी मेंबर थे। उनके इंतकाल की खबर सुन कर आर्क जैन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर एसएस राजी, करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मोहम्मद रियाज, हेल्प एजुकेशन जमशेदपुर के सदर प्रोफेसर लाइक उर रहमान चौधरी, मिन्हाज आलम, तुक्मन्ना मलिक ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, झारखंड ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के रियाज शरीफ, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के रिटायर्ड हाजी जमील असगर, करीम सिटी कॉलेज के सेक्रेटरी डॉक्टर मोहम्मद जकारिया, अहसीन इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर आसिफ महमूद, सेंट्रल कारिमिया हाई स्कूल एवम मिडल स्कूल के शिक्षक और गोलमुरी मिल्लत स्कूल के शिक्षक ने दुख का इजहार किया है। हसीन तारिक अपने पीछे 3 बेटे इमरान तारीक, अज़ीम तारीक,नदीम तारीक और एक बेटी सना तारीक को छोड़ गए है। वही ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के दफ्तर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से सैयद आसिफ अख्तर, मोइनुद्दीन अंसारी, शाहिद परवेज, हाजी फिरोज असलम, नादिर खान, साजिद परवेज, अफताब आलम, कनाडा के हाजी सैयद मंजर अमीन, हाजी इकबाल, जववादुल हसन, आर्क जैन यूनिवर्सिटी के अब्दुल अज़ीम, मुजफ्फर हुसैन, हेल्प एजुकेशन के मोहम्मद फारूक, सेंट्रल रिलीफ एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सभी सदस्य ने उनके देहांत पर गहरे शोक जताया। इंतकाल की खबर उनके भतीजे मुख्तार आलम खान ने दी।

इंडिया वुडलाईन का डीलर मीट आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : इंडिया वुडलाईन लिमिटेड ने अपने प्रमुख ब्रांड कलेक्टिव लक्ज़री लैमिनेट का डीलर मीट बिष्टुपुर में आयोजित किया। कंपनी के प्रबंध निदेशक मनव कटुरैआ की उपस्थिति में मीट आ आयोजन किया गया। इस अवसर पर, मलिक प्लाईवुड एंड डेवेलपर्स प्रा लि के सुमित मलिक सहित अन्य साझेदार भी मौजूद थे। समारोह में झारखंड का डिस्ट्रीब्यूटर मलिक प्लाइवुड एंड डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया. मीट में कंपनी ने अपने डीलरों के साथ संवाद करने और उनकी तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बनाई। मनव कटुरैआ, कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, ने इस मौके पर एक मोटिवेशनल स्पीच दी और उन्होंने डीलरों को कंपनी के उद्देश्यों और लक्ष्यों के प्रति उनके सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की। सुमित मलिक ने भी इस मौके पर अपने अनुभवों और विचारों को साझा किया। वह डीलरों के साथ सहयोग करने के लिए अपनी कंपनी की निष्कर्ष इच्छा व्यक्त करते हुए दिखे। इस समागम का मुख्य उद्देश्य था कि डीलर और कंपनी के बीच साझेदारी को बढ़ावा दिया जाए और विपणन नेटवर्क को मजबूत बनाया जाए। कंपनी के इस सफल डीलर मीटिंग के बाद, उम्मीद है कि डीलर और कंपनी का साथीत्व और विस्तार से मजबूत होगा, जिससे कंपनी के उत्पादों की बिक्री और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। इस अवसर पर कंपनी के महाप्रबंधक रविकांत तिवारी भी उपस्थित थे.

चेक बाउंस मामले आशीष व श्वेता को न्यायालय के समक्ष 11 अक्टूबर को उपस्थित रहने का आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : न्यायालय बीके भगत प्रथम श्रेणी न्यायिक पदाधिकारी के न्यायालय ने अभियुक्त आशीष श्रीवास्तव एवं श्वेता कुमारी के विरुद्ध धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत संज्ञान लेते हुए 11 अक्टूबर 2023 को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने हेतु तिथि निश्चित की गई। इन लोगों के विरुद्ध सोनारी कागल नगर निवासी श्याम सुंदर शर्मा ने न्यायालय में शिकायत दर्ज कराया है इनके विरुद् शिकायत है कि व्यवसाय करने के लिए श्यामसुंदर शर्मा से एक लाख रुपए कर्ज लिए थे एवं तीन माह के अंदर लौटने का वादा किए थे। मगर 3 महीने के अंदर वापस नहीं करने पर दोनों अभियुक्त संयुक्त हस्ताक्षर कर एक चेक श्याम सुंदर शर्मा को दिए थे। जब श्याम सुंदर शर्मा चेक को भुगतान हेतु बैंक में डाले तो वह चेक बाउंस हो गया। अभी कुछ दिन पहले ही आशीष श्रीवास्तव को राजेंद्र प्रसाद प्रथम श्रेणि न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय से चेक बॉस के मामले में भी सजा हुई है। दोनों अभियुक्त आशी नेल्स इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक है जो सोनारी जेएम अपार्टमेंट बाल बिहार में रहते है। शिकायतकर्ता के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के द्वारा न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखे हैं।

गोपाल मैदान में कुड़मी सेना का करम महोत्सव 1 अक्टूबर को

जुटेंगे समाज के दिग्गज, बंधेगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शमां

कुड़मी रत्न से सम्मानित होंगे तीन कुड़मी न्यायधीश

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : कुड़मी सेना की ओर से आगामी 1 अक्टूबर (रविवार) को बिस्टुपुर गोपाल मैदान में राष्ट्रीय करम महोत्सव का आयोजन अपरान्ह 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा, जिसमे करम डाल की पूजा के उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह, झूमर गीत-संगीत की भी प्रस्तुति कलाकार करेंगे. आज न्यू सीपी क्लब में कुड़मी सेना झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष बिशाल चंद्र महतो की अध्यक्षता में बैठक किया गया. उन्होंने बताया कि करम महोत्सव कार्यक्रम में झूमर गीत-संगीत प्रस्तुत करने के लिए झारखंड के मशहूर गायक ओड़िशा के दीपक महतो अपनी अपनी टीम के साथ शहर आएंगे. श्री महतो ने बताया कि लगभग 5 हज़ार लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण होगा। उक्त अवसर पर पश्चिम बंगाल की न्यायधीश नूपुर महतो, सुजाता महतो और ओड़िसा की न्यायधीश मन्दिरा मोहन्ता को कुड़मी रत्न से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही झारखण्ड संस्कृति की कई सारी प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं बिशाल ने कहा कि कुड़मी समाज द्वारा पुनः अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध करने हेतु आदिवासी कुड़मी समाज द्वारा 20 सितंबर को रेल टेका में कुड़मी सेना के भारी संख्या से कार्यकर्ता होंगे शामिल। संवाददाता सम्मेलन में गौरंगो महतो, सूरज महतो, पोबिर महतो, मनोज महतो, बिष्णु देव महतो, देवदीप महतो, डीके महतो, जगतपति महतो,मनमोहन महतो, पीडी महतो, धनंजय महतो, बिजय महतो, प्रशांत महतो, अभिषेक महतो(रोसू), खगेन महतो, सचिन महतो, सौरव दास एवं भारी संख्या से सेना के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सब सिख्खण को हुक्म है गुरु मान्यो ग्रन्थ जयकारे के साथ प्रकाशोत्सव का हुआ आगाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : बुधवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाशोत्सव के मौके पर साकची गुरुद्वारा में अरदास उपरांत एक शोभा यात्रा निकाली गयी जहाँ सिख संगत ने पुरे उत्साह, श्रद्धा भाव और सत्कार से शामिल होकर शोभा यात्रा को सफल बनाया। शोभा यात्रा साकची गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर कालीमाटी रोड, बसंत टॉकीज गोलचक्कर, काशीडीह मोड़ गोलचक्कर होते हुए वापस साकची गुरुद्वारा में संपन्न हुई। शोभा यात्रा की अगुवाई स्त्री सत्संग सभा और सुखमणि साहिब जत्था की बीबियों ने किया। प्रधान निशान सिंह, ट्रस्टी सतनाम सिंह सिद्धू-अवतार सिंह फुर्ती-जगजीत सिंह, महासचिव परमजीत सिंह काले, जोगिन्दर सिंह जोगी समेत साकची कमिटी के सभी सदस्य शोभा यात्रा में उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभा यात्रा समाप्ति की अरदास के बाद गुरु ग्रन्थ साहिब को श्रद्धा भाव और सम्मानपूर्वक नयी पालकी साहिब में विराजमान किया गया। साकची

गुरुद्वारा के ग्रंथी अमृतपाल सिंह मन्नण ने अखंड पाठ आरम्भ किया जिसमे सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह, महासचिव गुरचरण सिंह बिल्ला, सुखदेव सिंह बिट्टू, सरबजीत सिंह ग्रेवाल, जसपाल सिंह और सुखविंदर सिंह राजू भी शामिल हुए। बाद में साकची के प्रधान निशान सिंह और महासचिव परमजीत सिंह काले ने बताया कि अखंड पाठ की समाप्ति 15 सितम्बर को होगी तथा 15 और 16 सितम्बर को दो-दिवसीय विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया जायेगा जहां दोपहर में दोनों दिन गुरु का अटूट लंगर बरताया जायेगा। दरबार साहिब, अमृतसर के कीर्तनीये हजूरी रागी जत्था भाई साहब भाई संदीप सिंह और भाई साहब भाई दिलजीत सिंह भोपालवाले अपने रसभरे कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे जबकि भाई साहब भाई भूपिंदर सिंह जोगी ढाढ़ी जत्था मोहाली संगत को धार्मिक बयार से मंत्रमुग्ध करेंगे। इनके अलावा साकची गुरुद्वारा के ग्रंथी ज्ञानी अमृतपाल सिंह मनन और सरदार करतार सिंह भी गुरु ग्रन्थ साहिब की महिमा का बखान संगत के बीच करेंगे।

संपादकीय

जी-20 में अफ्रीकी संघ

राजधानी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने कुछ अभूतपूर्व, वैश्विक और कूटनीतिक सफलताएं हासिल की हैं। सम्मेलन की शुरुआत के बाद 10 मिनट में ही प्रधानमंत्री मोदी ने 'अफ्रीकी संघ' को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करा लिया। यही नहीं, संघ के अध्यक्ष अजाली असौमानी को अपना स्थान ग्रहण करने को आमंत्रित भी किया। वह आए और प्रधानमंत्री मोदी से गले मिले और फिर स्थान ग्रहण किया। यकीनन यह ऐसा क्रांतिकारी निर्णय था कि एक साथ 55 अफ्रीकी देश झूम उठे होंगे, क्योंकि हाशिए से उठकर वैश्विक मुख्यधारा का हिस्सा बनने का उन्हें अवसर मिला है। अब तीसरी दुनिया अथवा ग्लोबल साउथ का एक हिस्सा विश्व की विकसित तथा सबसे तेज अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों से जुड़ेगा। ज्यादातर अफ्रीकी देश गरीब, पिछड़े, बीमार, कुपोषित और भुखमरी के शिकार रहे हैं। कुछ देश आर्थिक विकास के रास्ते पर आगे बढने लगे थे, लेकिन कोरोना महामारी ने बहुत कुछ ध्वस्त कर दिया। चीन ने इन देशों की दुरावस्था का नाजायज फायदा उठाया है। हालांकि उसका निवेश 300 अरब डॉलर से अधिक का है। वह 9 अफ्रीकी देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी मदद कर रहा है। करीब 10 हजार कंपनियां अलग-अलग अफ्रीकी देशों में कार्यरत हैं, लेकिन अफ्रीकी देश महसूस करते हैं कि वे चीन के कर्ज तले दबे हैं, लिहाजा उससे मुक्ति चाहते हैं। भारत उनके लिए 'देवदूत' साबित हो सकता है। वैसे भी भारत अफ्रीकी देशों में 197 परियोजनाएं सम्पन्न कर चुका है। अब भी भारत की 182 से अधिक परियोजनाएं जारी हैं। अफ्रीकी देशों के 25,000 से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ते हैं। हमने 12 अरब डॉलर का कर्ज बेहद कम ब्याज दरों पर अफ्रीकी देशों को मुहैया कराया है। भारत ने कोरोना महामारी के टीके, जेनेरिक दवाइयां, खाद्य सामग्री आदि भी उपलब्ध कराई हैं और हम अफ्रीकी आबादी को कंप्यूटर और उससे जुड़े प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। भारत कृषि, स्वास्थ्य, फॉर्मेसी, कपड़ा, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और ढांचागत विकास कार्यों आदि में काम कर रहा है। भारत अफ्रीकी देशों में सबसे बड़े निवेशकों में एक देश है। अब 'अफ्रीकी संघ' के जी-20 के स्थायी सदस्य बनने के बाद उन्हें अधिक आसान ऋण, निवेश और विकास बैंकों की मदद भी मिल सकेगी। यही जी-20 के 'एक पृथ्वी, एक परिवार' के सूत्रवाक्य को चरितार्थ कर रहा है। इसका व्यापक असर यह होगा कि चीन को अपनी 'अफ्रीकी नीति' बदलनी पड़ेगी। यकीनन यह भारत की 'असाधारण उपलब्धि' है, क्योंकि हमने अपने संबंधों के बूते सर्वसम्मति तैयार की थी। दूसरी विराट उपलब्धि यह है कि भारत, अमरीका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली, यानी यूरोप के बीच समुद्री जहाज और रेलगाड़ी का 'आर्थिक समृद्धि कॉरिडोर' बनाने पर भी सहमति बनी है। यह अभूतपूर्व और बेमिसाल गलियारा होगा और इसके देशों के बीच कारोबार, आवाजाही, परिवहन आदि को ऐसे पंख लगेंगे, जिनकी कल्पना ही की जा सकती है। चीन-पाकिस्तान वाला गलियारा तो नाकाम हो चुका। वैसे भारत रूस और ईरान वाले कॉरिडोर का भी हिस्सा है, लेकिन प्रस्तावित गलियारा उससे अलग और बड़ा विस्तृत होगा। तीसरी उपलब्धि यह रही कि भारत 37 पन्नों के 'नई दिल्ली घोषणा-पत्र' पर 100 फीसदी सहमतियां बनाने में कामयाब रहा। अटकलें लगाई जा रही थीं कि घोषणा-पत्र जारी होने में मुश्किलें आएंगी, लेकिन भारत ने युद्ध और यूक्रेन का जिक्र भी किया। यूक्रेन का उल्लेख 4 बार किया गया है, लेकिन रूस का नाम नहीं लिया गया। भारत को यह समझौता जरूर करना पड़ा। कहा गया कि युद्ध के असर बड़े व्यापक होते हैं, लिहाजा यह युद्ध का युग नहीं है। परमाणु हथियारों की धमकी या उनका इस्तेमाल भी अस्वीकार्य है। किसी भी देश की संप्रभुता, अखंडता पर बल-प्रयोग न किया जाए। सभी देशों को यूएन चार्टर के मुताबिक काम करना चाहिए। भारत घोषणा-पत्र में वैश्विक आतंकवाद का 9 बार जिक्र करने में कामयाब रहा। प्रस्ताव पारित किया गया कि आतंकवाद के हर रूप की निंदा करते हैं, क्योंकि यह शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। इनके अलावा, जी-20 ने सतत विकास, पर्यावरण, जैव ईंधन गठबंधन, डिजिटल प्रौद्योगिकी पर अपनी प्राथमिकियां तय कीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'अफ्रीकी संघ' को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करा लिया। यही नहीं, संघ के अध्यक्ष अजाली असौमानी को अपना स्थान ग्रहण करने को आमंत्रित भी किया। वह आए और प्रधानमंत्री मोदी से गले मिले और फिर स्थान ग्रहण किया। यकीनन यह ऐसा क्रांतिकारी निर्णय था कि एक साथ 55 अफ्रीकी देश झूम उठे होंगे, क्योंकि हाशिए से उठकर वैश्विक मुख्यधारा का हिस्सा बनने का उन्हें अवसर मिला है। अब तीसरी दुनिया अथवा ग्लोबल साउथ का एक हिस्सा विश्व की विकसित तथा सबसे तेज अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों से जुड़ेगा। ज्यादातर अफ्रीकी देश गरीब, पिछड़े, बीमार, कुपोषित और भुखमरी के शिकार रहे हैं। कुछ देश आर्थिक विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने लगे थे, लेकिन कोरोना महामारी ने बहुत कुछ ध्वस्त कर दिया। चीन ने इन देशों की दुरावस्था का नाजायज फायदा उठाया है। हालांकि उसका निवेश 300 अरब डॉलर से अधिक का है। वह 9 अफ्रीकी देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी मदद कर रहा है। करीब 10 हजार कंपनियां अलग-अलग अफ्रीकी देशों में कार्यरत हैं, लेकिन अफ्रीकी देश महसूस करते हैं कि वे चीन के कर्ज तले दबे हैं, लिहाजा उससे मुक्ति चाहते हैं। भारत उनके लिए 'देवदूत' साबित हो सकता है। वैसे भी भारत अफ्रीकी देशों में 197 परियोजनाएं सम्पन्न कर चुका है। अब भी भारत की 182 से अधिक परियोजनाएं जारी हैं। अफ्रीकी देशों के 25,000 से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ते हैं। हमने 12 अरब डॉलर का कर्ज बेहद कम ब्याज दरों पर अफ्रीकी देशों को मुहैया कराया है।

कुछ अलग

अब सोशल मीडिया की आपदा

हिमाचल की आपदा ने एक नया मनोविज्ञान, सोच का आधार और वक्त को सहेजने की दरकार पैदा की है। कुछ पात्र बदले हैं और इरादे भी पर्वतीय अंचल में उठे विनाश को दरकिनार करने की तरकीब में शीर्षासन कर रहे हैं। हिमाचल में यूं तो आज तक हुआ बहुत, मगर पाया क्या। तरक्की के गुलगुले छानते-छानते हमने रेत के महल में महफिल सजा दी। कमोबेश हर सरकार ने सियासी टोने टोटके किए, विकास के लक्ष्य और मंजिलें आकाश की तरफ उठा दीं। तीव्रगामी सरकारों ने पहाड़ पर इतने आंकड़े लाद दिए कि यह बोझ लिए, सदी ने अपने प्रश्न बदल दिए। इसी आपदा में सोशल मीडिया का संसार गाली गलौज करने पर उतर आया या उसे भ्रम हो गया कि अब पृथ्वी पर उसकी बुद्धि ही अपराजेय होगी। सोशल मीडिया की इसी लड़ाई के योद्धा से पूछा जाए कि उसका योगदान क्या है, तो बगलें झांकेगा, लेकिन कहने को दोष की अंगुलियां पहन कर हर इशारा करेगा। शिमला ही की बात करें, तो निर्माण के भूत तो हम ही निकलेंगे। इसमें दो राय नहीं कि प्रशासनिक ढील के चलते सारे कायदे कानून ढीले हो गए, तो सामाजिक और सियासी व्यवस्था ने यह जुर्म साझा करके इसे नए हिमाचल की पहचान बना दिया। शिमला में बसने का दबाव सियासत और समाज से आया जहां अफसरशाही तथा नौकरशाही ने हाथ धो लिए। हिमाचल में पेड़ और पेट का रिश्ता आज तक समझा नहीं गया। पहले पेड़ और पेट आपस में मैत्रीभाव रखते थे। अब पेट कहता है पेड़ उखाड़ो। हमारी जीवनशैली यूं तो पेड़ से उखड़ गई, लेकिन हमने यह जिद्द भी नहीं की कि पर्वतीय होने के मायने क्या हैं। क्या हमने सेब आर्थिकी से जमीन के पानी और आबोहवा की निगरानी को विचलित नहीं किया। क्या हमने वन संरक्षण के नाम पर ऐसे पेड़ नहीं उगाए, जो केवल आंकड़ों में उग-उग कर चीड़ हो गए और जंगल कभी वन्य प्राणियों के बहाने, तो कभी आग के मुहाने तक बस्ती में उतर आया। पर्वतीय वास्तुकला के हिसाब से क्या भवन खड़ा करना मुमकिन है। जरा सोचें उस हिसाब से क्या इमारती लकड़ी मिल जाएगी, जो हमारी दीवारों और छत को पूरा कर देगी। क्या हमें खड्ड-नदी के पत्थर पर्वतीय निर्माण की कला में नींव को सुदृढ़ करने को मिल जाएंगे। जरा बाजार में खड़ा होकर पूछना कि वहां हिमाचल की मांग को पूरा करने आयातित लकड़ी कहां से आ रही।

क्लाइमेट थिंकटैंक 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' ने 'क्लाइमेट डॉट' के साथ मिलकर आज 'ईवी डैशबोर्ड' जारी किया

इस डैशबोर्ड पर मिलेंगे देश की इलेक्ट्रिक गाड़ियों के सभी आंकड़े

निशान्त

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में राष्ट्रीय और राज्यों के स्तर पर बनी ईवी नीतियों को उपभोक्ताओं के प्रति और मित्रवत बनाने तथा इस सिलसिले में एक नियामक कार्ययोजना लागू करने की पूरी गुंजाइश है।देश में लागू इलेक्ट्रिक वाहन नीतियों और उनकी प्रभावशीलता को समझने के लिये ईवी बिक्री विश्लेषण की आवश्यकता तथा अन्य पहलुओं पर विचार के लिये एक वेबिनार आयोजित किया गया। क्लाइमेट डॉट के निदेशक अखिलेश मागल ने ईवी डैशबोर्ड का जिक्र करते हुए कहा कि इस टूल के जरिये हमने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में मौजूद खामियों को ढूंढने पर ध्यान दिया है।

देश के वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) की पैठ लगातार बढ़ रही है। ऐसे में क्लाइमेट थिंकटैंक 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' ने 'क्लाइमेट डॉट' के साथ मिलकर आज 'ईवी डैशबोर्ड' जारी किया। क्लाइमेट ट्रेंड्स की निदेशक आरती खोसला ने इसको जारी करते हुए कहा की – यह अनोखा डैशबोर्ड सरकार के 'वाहन' पोर्टल की मदद से इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री से सम्बन्धित रियल टाइम डेटा लेकर उसे बेहद आसान और उपयोगकर्ता के लिये सुविधाजनक तरीके से पेश करता है जिससे बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की पैठ समेत विभिन्न स्तरों के बारे में त्वरित विश्लेषण और शोध किया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में राष्ट्रीय और राज्यों के स्तर पर बनी ईवी नीतियों को उपभोक्ताओं के प्रति और मित्रवत बनाने तथा इस सिलसिले में एक नियामक कार्ययोजना लागू करने की पूरी गुंजाइश है।देश में लागू इलेक्ट्रिक वाहन नीतियों और उनकी प्रभावशीलता को समझने के लिये ईवी बिक्री विश्लेषण की आवश्यकता तथा अन्य पहलुओं पर विचार के लिये एक वेबिनार आयोजित किया गया। क्लाइमेट डॉट के निदेशक अखिलेश मागल ने ईवी डैशबोर्ड का जिक्र करते हुए कहा कि इस टूल के जरिये हमने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में मौजूद खामियों को ढूंढने पर ध्यान दिया है। इस डैशबोर्ड के जरिए उपयोगकर्ताओं को एक ऐसा मंच देने की कोशिश की गयी है जहां वे अपनी बात को बहुत प्रभावशाली तरीके से रख सकें। हालांकि अभी यह डैशबोर्ड का पहला संस्करण ही है। भविष्य में इसे और बेहतर बनाने की कोशिश की जाएगी। यह डैशबोर्ड सिर्फ शोधकर्ताओं और अध्ययनकर्ताओं के लिए ही नहीं, बल्कि उन पत्रकारों के लिए भी है जो इस पर कोई लेख लिखना चाहते हैं, इसलिए हमने यह सुनिश्चित किया है कि जो भी डाटा डैशबोर्ड पर डाले जाए वह बिल्कुल सटीक हों। हमारा यह भी उद्देश्य है कि पब्लिक नैरेटिव भी बना रहे क्योंकि किसी भी तरह का रूपांतरण करने में जनमत की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। क्लाइमेट डॉट के अंकित भट्ट ने इलेक्ट्रिक व्हीकल डैशबोर्ड के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस डैश बोर्ड में सबसे पहले भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार के बारे में बताया गया है। इन वाहनों को चार श्रेणियां में बांटा गया है। इनमें मुख्यतः दो पहिया वाहन, तिपहिया वाहन, चार पहिया वाहन और बसें शामिल हैं। इसमें

इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री का राज्यवार ब्यौरा भी दिया गया है। देश का हर राज्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में आगे निकलने के लिये चुनौती पेश कर रहा है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर राज्यों की एक से बढ़कर एक नीतियों से उनकी यह मंशा जाहिर होती है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे नजर आता है लेकिन इस राज्य में बिकने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों में एक बड़ा हिस्सा तिपहिया वाहनों का है। उन्होंने कहा कि यह दिलचस्प है कि उत्तर प्रदेश की इलेक्ट्रिक वाहन नीति वर्ष 2022 में आई लेकिन इस राज्य में तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री उससे पहले ही बढ़ना शुरू हो गई थी। उत्तर प्रदेश में तिपहिया वाहनों की बिक्री सबसे ज्यादा है। महाराष्ट्र और कर्नाटक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के मामले में दो अन्य अग्रणी राज्य हैं। यह दिलचस्प है कि जहां उत्तर प्रदेश में शेयर्ड मोबिलिटी में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की तादाद ज्यादा है वहीं, महाराष्ट्र और कर्नाटक में निजी इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों की संख्या अधिक है। दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन नीति इस राज्य को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कैपिटल बनाने के विजन पर आधारित है। इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के मामले में यह राज्य अन्य के मुकाबले बहुत आगे हैं। भट्ट ने कहा कि नीति आयोग ने वाहनों के सभी सेगमेंट्स में वर्ष 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी को 30% तक करने की योजना बनाई है। उपभोक्ताओं का इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर जिस तरह से रुझान बढ़ रहा है और राज्यों के स्तर पर जिस तरीके की प्रभावशाली इलेक्ट्रिक वाहन नीतियां बनायी जा रही हैं, उनके मद्देनजर इस बात की प्रबल संभावना है कि वर्ष 2030 तक के लिए निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी विशेषज्ञ नारायण कुमार ने ईवी नीतियों को और व्यापक तथा उपयोगकर्ताओं के हितों के प्रति और बेहतर बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए वेबिनार में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए न सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि राज्यों के स्तर पर भी मजबूत नियामक कार्य योजनाएं बनाने की जरूरत है। राज्यों को उनकी स्थिति के अनुरूप नीति बनाने की जरूरत है क्योंकि हर राज्य अपने आप में अलग है, इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम मजबूत नियामक कार्ययोजनाओं पर ध्यान दें ताकि चीजों को सतत तरीके से किया जा सके। उन्होंने कहा, ''जब चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की बात आती है या इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का विषय हो, तब यह बहुत जरूरी है कि हमारे पास एक मजबूत रेगुलेटरी फ्रेमवर्क हो। यह फ्रेमवर्क ऐसा होना चाहिए जो निवेशकों को भी निवेश की सुरक्षा के प्रति विश्वास दिलाए। उसके लिए हमें अपने फाइनेंशियल मेकैनिज्म पर बहुत ध्यान देना होगा। वर्तमान में इलेक्ट्रिक वाहनों को किस्तों पर खरीदने पर वसूले जाने वाले ब्याज की दर कई बार बहुत ज्यादा होती है। इसमें ज्यादा से ज्यादा एकरूपता लाये जाने की जरूरत है।'' उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री लगातार दोहरे अंकों में रिकॉर्ड की जा रही है और क्लाइमेट ट्रेंड्स एवं क्लाइमेट डॉट के डैश बोर्ड के मुताबिक भारत में सिर्फ छह राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और राजस्थान ही देश की कुल इलेक्ट्रिक वाहन बिक्री में 60% का योगदान कर रहे हैं। बाकी 40% हिस्सा देश के अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का है। कर्नाटक को छोड़कर बाकी सभी राज्यों ने इलेक्ट्रिक वाहनों पर डिमांड साइड इंसेंटिव की पेशकश की है। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन की शोधकर्ता शिखा रुकाडिया ने नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री को कैसे बढ़ाया जाए, इस पर रोशनी डालते हुए कहा, ''यह सही है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की पैठ देश के कुछ मुट्ठी भर राज्यों तक ही सीमित है। हम यह देख रहे हैं कि जो भी बढ़ोत्तरी हुई है उनमें से 80% हिस्सा दोपहिया वाहनों का है। सरकार ने समय-समय पर इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए नीतियां लागू की है लेकिन उनमें समय पर उतार-चढ़ाव भी देखा गया है।

महंगाई नियंत्रण की कठिन चुनौती

दालों का आयात बढ़ाए जाने से दालों की महंगाई भी कम हो सकती है। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि भारत के पास अगस्त 2023 में 595 अरब डॉलर का जो विशाल विदेशी मुद्रा भंडार चमकते हुए दिखाई दे रहा है, वह भी महंगाई नियंत्रण में अहम भूमिका निभा सकता है। देश में 29 अगस्त को एथनॉल फ्यूल से चलने वाली जो दुनिया की पहली इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फ्यूल कार लांच की गई है, उसी क्रम में एथनॉल फ्यूल से चलने वाली कारों का रणनीतिक रूप से तेजी से उत्पादन बढ़ाया जाना होगा। हम उम्मीद करें कि सरकार खाद्य पदार्थों में तेज महंगाई के बढ़ते चिंताजनक ग्राफ के मद्देनजर महंगाई नियंत्रण के कारगर रणनीतिक प्रयास करेगी।

यकीनन इस समय बढ़ती हुई महंगाई लोगों की जेब पर भारी पड़ रही है। महंगाई के लिए खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच इस समय सऊदी अरब और रूस द्वारा कच्चे तेल उत्पादन में कटौती के निर्णय से कच्चे तेल की कीमतें पिछले 10 माह के उच्चतम स्तर लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने से महंगाई की चुनौती और कठिन हो गई है। ऐसे में सरकार के लिए महंगाई कम करना बड़ा मुद्दा बन गया है। यद्यपि केंद्र सरकार ने 29 अगस्त को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए घटाकर बड़ी राहत दी है, लेकिन आम आदमी सरकार से खाद्य पदार्थों की कीमतों के साथ-साथ पेट्रोल-डीजल के दामों में कुछ कमी की भी अपेक्षा कर रहा है। हाल ही में 5 सितंबर को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जुलाई 2023 में जो मुद्रास्फीति सप्लाई चेन के झटकों के कारण ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है, उसे कम करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार जून 2023 में जो खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी थी, वह माह जुलाई में 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई है। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण खुदरा महंगाई दर केंद्र सरकार के 6 प्रतिशत की तय ऊपरी सीमा से अधिक है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए खुदरा महंगाई दर का अनुमान बढ़ाकर 5.4 फीसदी कर दिया है। इस समय खाद्य कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कई कारण उभरकर दिखाई दे रहे हैं। काला सागर अनाज समझौता खत्म करने के रूस के फैसले और गेहूं उपजाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में बारिश नहीं होने के कारण अनाज के दाम बढ़ गए हैं। देश में फसलों पर सफेद मक्खी के प्रकोप और मॉनसूनी बारिश के असमान वितरण से भी सब्जियां महंगी हुई हैं। स्थिति यह है कि सीमित आपूर्ति के कारण देश में थोक गेहूं की कीमतें पिछले दो महीनों में तेजी से बढ़ी हैं। सरकार के गोदामों में भी गेहूं के स्टॉक में कमी आई है। बाजार में नकदी ज्यादा रहने से भी महंगाई बढ़ी है। मौसम विज्ञानियों ने इस बार अलनीनो के हावी रहने से भारत का 30 सितंबर तक का मानसून सीजन सामान्य से कम यानी 94 फीसदी से कम बारिश के साथ समाप्त होने की बात कही है। मौसमी विज्ञानियों के मुताबिक अलनीनो के अगले साल मार्च-अप्रैल तक इसी स्थिति में रहने की संभावना है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में खाद्य कीमतों के कारण बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार और आरबीआई कई प्रयासों के साथ आगे बढ़े हैं। 24 अगस्त को आयोजित आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक में टमाटर सहित अन्य सब्जियों की बढ़ती कीमतों के कारण ब्याज दर को न बदलते हुए 6.5 प्रतिशत रखने का महत्वपूर्ण फैसला किया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा खाद्य पदार्थों के निर्यात पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद कम उत्पादन के कारण गेहूं के निर्यात पर जो पाबंदी लगाई थी, वह अब तक जारी है। सरकार ने बासमती चावल के निर्यात के लिए 1200 डॉलर प्रति टन को न्यूनमत मूल्य तय किया है। प्याज पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया है। केंद्र ने 25 अगस्त से उबले चावल के निर्यात पर भी 20 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। गेहूं और चावल की बढ़ती कीमतों को काबू करने की कोशिश में सरकार जुटी हुई है। इसलिए सरकार ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के जरिए रियायती दर पर गेहूं और चावल दोनों बेच रही है। इसी तरह सब्जियों, दालों और तिलहन के दाम काबू में रखने के लिए भी खास उपाय किए गए हैं। सरकार पेट्रोल का आयात खर्च घटाने और कम कीमत रखने के मद्देनजर पेट्रोल में 10 फीसदी इथेनॉल ब्लेंडिंग कर रही है। स्थिति यह है कि महंगाई नियंत्रण के इन विभिन्न प्रयासों के बावजूद अभी खाद्य महंगाई नियंत्रित नहीं है। वित्त मंत्रालय ने भी जुलाई 2023 की अपनी रिपोर्ट में आगाह किया है कि वैश्विक तथा क्षेत्रीय अनिश्चितताओं और देश के भीतर आपूर्ति में अड़चनों की वजह से आने वाले महीनों में भी महंगाई ऊंची बनी रह सकती है। महंगाई पर नियंत्रण इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि एक निश्चित समय से महंगाई की दर अधिक रहने से आम आदमी की मुश्किलों के साथ आर्थिक विकास भी प्रभावित होता है। हम देश में प्याज और टमाटरों की बढ़ी हुई कीमतों का चुनाव पर बड़ा असर भी देख चुके हैं। ऐसे में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा महंगाई दर पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को अधिक कारगर उपायों के साथ आगे आना होगा। यद्यपि पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले 15 माह में गिरावट आई है, लेकिन उनके दाम जस के तस बने हुए हैं। मई 2022 में कच्चे तेल की कीमतें करीब 110 डॉलर प्रति बैरल थी, जो अभी 90 डॉलर प्रति बैरल हैं। साथ ही भारत की पेट्रोल-डीजल कंपनियां कुछ मात्रा में घरेलू कीमत घटाने की स्थिति में हैं। ऐसे में केंद्र सरकार के द्वारा पेट्रोल व डीजल पर सीमा व उत्पाद शुल्क में और राज्यों सरकारों द्वारा वैट में कमी के कदम भी फिर जरूरी दिखाई दे रहे हैं। देश में जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जानी होगी। खाद्य पदार्थों के थोक एवं खुदरा व्यापारियों के लिए भी उपयुक्त भंडारण सीमा लागू की जानी होगी। अतिरिक्त नकदी की निकासी पर रिजर्व बैंक को ध्यान देना होगा। अभी से आवश्यक खाद्य पदार्थों के उपयुक्त रूप से आयात की रणनीति से मजबूत आपूर्ति से खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को नियंत्रित किया जाना होगा। साथ ही सरकार के द्वारा आम उपभोक्ताओं तक रियायती मूल्यों पर प्याज, गेहूं, दालों की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी होगी। गेहूं की कीमतों को कम करने के लिए रूस से छूट पर 30 से 40 लाख टन गेहूं आयात किया जाना उपयुक्त हो सकता है।

देश दुनीया से

ग्रीन इंडस्ट्रियल युग में गेम चेंजर के रूप में उभरे हैं भारत और चीन

जलवायु परिवर्तन से निपटने और नेट ज़ीरो एमिशन हासिल करने के वैश्विक प्रयासों के मद्देनजर, यूरोपीय थिंक टैंक स्ट्रैटेजिक पर्सपेक्टिव्स की एक नई रिपोर्ट ने ज़ीरो-कार्बन प्रौद्योगिकियों के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य पर प्रकाश डाला है। रिपोर्ट शीर्ष पांच प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं – चीन, यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और भारत – और उभरते हरित औद्योगिक युग पर हावी होने की दौड़ में उनकी संबंधित स्थिति का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है। जहां रिपोर्ट सभी पांच अर्थव्यवस्थाओं की प्रगति और रणनीतियों पर प्रकाश डालती है, इसमें भारत और चीन पर दिये गए निष्कर्ष रोचक हैं। यह दोनों देश अलग-अलग विशेषताओं और सस्टेनेबिलिटी की दिशा में वैश्विक बदलाव में महत्वपूर्ण क्षमता रखते हैं। भारत, एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है, जिसने वैश्विक नेट ज़ीरो आपूर्ति श्रृंखला में खुद को स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि भारत को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अगर अधिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाए तो यह विकास की महत्वपूर्ण क्षमता प्रदर्शित करता है। भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक अपनी बिजली उत्पादन में सौर और पवन ऊर्जा को शामिल करने में प्रगति है, जो 2017 के आंकड़ों से इसकी हिस्सेदारी लगभग दोगुनी है। साल 2022 और 2030 के बीच 49% की अपेक्षित चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ देश का इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग भी उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है। अपने आशाजनक प्रक्षेप पथ के बावजूद, भारत की शुरुआती स्थिति कुछ अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की राजकोषीय क्षमताओं से सीधे तौर पर तुलनीय नहीं है। फिर भी, अतिरिक्त निवेश के साथ, भारत विभिन्न क्षेत्रों में सफल नेट-शून्य विकास का प्रदर्शन बन सकता है, जिससे इसके हरित परिवर्तन में और तेजी आएगी।

भारत, एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है, जिसने वैश्विक नेट ज़ीरो आपूर्ति श्रृंखला में खुद को स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि भारत को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अगर अधिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाए तो यह विकास की महत्वपूर्ण क्षमता प्रदर्शित करता है। भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक अपनी बिजली उत्पादन में सौर और पवन ऊर्जा को शामिल करने में प्रगति है, जो 2017 के आंकड़ों से इसकी हिस्सेदारी लगभग दोगुनी है। साल 2022 और 2030 के बीच 49% की अपेक्षित चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ देश का इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग भी उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है। अपने आशाजनक प्रक्षेप पथ के बावजूद, भारत की शुरुआती स्थिति कुछ अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की राजकोषीय क्षमताओं से सीधे तौर पर तुलनीय नहीं है।

ज़ीरो-कार्बन प्रौद्योगिकियों में चीन का प्रभुत्व

दूसरी ओर, चीन ज़ीरो-कार्बन प्रौद्योगिकियों की वैश्विक दौड़ में अग्रणी बनकर उभरा है। रिपोर्ट सौर फोटोवोल्टिक्स, पवन टरबाइन और बैटरी के लिए लिथियम-सेल के निर्माण में चीन की पर्याप्त प्रगति के साथ-साथ हरित क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार सृजन और निवेश को रेखांकित करती है। चीन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य बढ़ते नेट-शून्य बाजार के एक महत्वपूर्ण हिस्से पर कब्जा करना और बाकी दुनिया के लिए प्रौद्योगिकी और घटक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नियंत्रण सुरक्षित करना है। चीन, यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच प्रतिस्पर्धा भयंकर है, हर कोई हरित औद्योगिक युग में नेतृत्व के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है। हालाँकि, प्रभावशाली विनिर्माण क्षमताओं और नवीकरणीय ऊर्जा में पर्याप्त निवेश द्वारा समर्थित, चीन ने विश्लेषण किए गए अधिकांश क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से बढ़त ले ली है। रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि सभी पांच प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं संबंधित सामाजिक-आर्थिक लाभों को पहचानते हुए सक्रिय रूप से इस नए औद्योगिक युग में खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं। रिन्यूबल एनेर्जी, बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों और हीट पंपों में विनिर्माण और निवेश को प्रौद्योगिकी दौड़ में सबसे आगे रहने वाले देशों के लिए प्रतिस्पर्धी लाभ के रूप में पहचाना जाता है। जबकि यूरोपीय संघ अपनी अर्थव्यवस्था को तेजी से डीकार्बोनाइज कर रहा है और संयुक्त राज्य अमेरिका अनुसंधान और विकास निवेश के माध्यम से नवाचार में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है, जापान भी नवाचार में एक मजबूत प्रतियोगी है, खासकर प्रति व्यक्ति आधार पर।

दृष्टिकोण

शैक्षणिक व्यवस्था का सूत्रधार है शिक्षक

मनुष्य की मानसिक शक्ति अत्यधिक विकसित है। मनुष्य के पास प्रचुर मात्रा में ज्ञान होता है। इस ज्ञान का उपयोग देश की सेवा में लगाना चाहिए। तभी मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। मनुष्य कौन है? इस बात का उसे अध्ययन करना चाहिए और इस बात के लिए सदैव उसे प्रयासरत रहना चाहिए की वह कौन है? उसका अस्तित्व क्या है? यदि संतजनों की माने तो मनुष्य वह है जो इस संसार को धर्मशाला समझे और अपने आपको उसमे ठहरा हुआ यात्री। इस प्रकार कर्म करते हुए वह कर्म के बंधनो में न ही बंधेगा और न ही उसमे विकार भाव उत्पन्न होंगे। ज्ञान रूपी स्तम्भ जीवन को गति और सही दिशा की ओर अग्रसर करते हैं। ज्ञान गुरुओं के द्वारा दिया जाता है। गुरु के बिना कोई भी समाज शिक्षित नहीं हो सकता है। मकान व स्तम्भ दोनों का आधार गुरु है। कहने का तात्पर्य बिना गुरु के ज्ञान का कोई अस्तित्व नहीं। ऋषि भृर्तहरि के शब्दों में मनुष्यों की पहचान यह है कि वह साहित्य,संगीत व कला का आनंद लेना जानता हो।यदि नहीं जानता तो वह बिना पूंछ-सींग का साक्षात पशु है। भारतीय संस्कृति एक सतत संगीत है। आधुनिक काल में मनुष्य अपने ज्ञान का दुरूपयोग कर रहा है। उसने अपनी सभ्यता व प्राचीन संस्कृति को खो दिया है। शिक्षा देने वाले को शिक्षक(अध्यापक) कहते हैं। शिक्षक के द्वारा व्यक्ति के भविष्य को बनाया जाता है एवं शिक्षक ही वह सुधार लाने वाला व्यक्ति होता है। प्राचीन भारतीय मान्यताओं के अनुसार शिक्षक का स्थान भगवान से भी ऊँचा माना जाता है क्योंकि शिक्षक ही हमें सही या गलत के मार्ग का चयन करना सिखाता है। संत कबीर दास का एक दोहा है- गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागू पाय। बलिहारी गुरु आपने, गोविन्द दियो बताय।। अर्थ – कबीर दास जी ने इस दोहे में गुरु की महिमा का वर्णन किया है। वे कहते हैं कि जीवन में कभी ऐसी परिस्थिति आ जाये की जब गुरु और गोविन्द (ईश्वर) एक साथ खड़े मिलें तब पहले किन्हें प्रणाम करना चाहिए। गुरु ने ही गोविन्द से हमारा परिचय कराया है इसलिए गुरु का स्थान गोविन्द से भी ऊँचा है। एक शिक्षक को भिन्न भिन्न नामो से जाना जाता है जैसे- टीचर,अध्यापक,गुरु,आचार्य,आदि। गुरु ज्ञान का प्रतीक होता है। महान संत कबीर ने कहा था – कबीरा ते नर अँध है,गुरु को कहते और। हरि रूठे गुरु ठौर है,गुरु रूठे नहीं ठौर।। अर्थ – वे लोग अंधे हैं जो गुरु को ईश्वर से अलग समझते हैं। अगर भगवान रूठ जाएँ तो गुरु का आश्रय है पर अगर गुरु रूठ गए तो कहीं शरण नहीं मिलेगा। शिक्षा (एजुकेशन) बालक की जन्मजात शक्तियों का स्वाभाविक,समन्वित व प्रगतिशील विकास है। "शिक्षा व्यक्ति का ऐसा पूर्ण विकास है जिसके द्वारा व्यक्ति अपनी पूरी क्षमता से मानव जीवन के लिये अपनी मौलिक भूमिका प्रदान करते है।"

महिला स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर व कृषि उपकरण वितरित किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिला खेल स्टेडियम के समीप स्थित मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम एवं उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन के द्वारा 5 महिला स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण वितरित किया गया। इस मौके पर विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम ने कहा सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन योजना अंतर्गत सरकार के द्वारा 80 प्रतिशत अनुदान पर कृषि के आधुनिकीकरण के लिए महिला स्वयंसहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर, रोटावेटर, मिनी राइस मिल, कल्टीवेटर, केजव्हील, यूनिवर्सल माउंटिंग फ्रेम, वाटर पंप, पाइप इत्यादि का वितरण किया जा रहा है। इन यंत्रो एवं उपकरणों का उपयोग कर जिला के किसान कम मेहनत में अपने खेतों में ज्यादा फसल उगा पायेंगे और ज्यादा मुनाफा कमा पायेंगे। इससे न सिर्फ कृषि उपज में वृद्धि होगी बल्कि किसानों के आमदनी में भी वृद्धि होगी।उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन ने कहा लातेहार जिले की आबादी का बड़ा हिस्सा अपनी आजीविका के लिए कृषि कार्य पर निर्भर है द्य कृषि उत्पादन को बढ़ाने एवं कृषि कार्य से बेहतर आमदनी के लिए कृषि के आधुनिकीकरण एवं यंत्रीकरण की आवश्यकता है द्य किसानों को आधुनिक ज्ञान एवं तकनीक की मदद से फसल के विविधीकरण एवं कृषि उपज बढ़ाने के लिए कार्य करना होगा। विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम एवं उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन के द्वारा इन महिला स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर, रोटावेटर, मिनी राइस मिल, कल्टीवेटर, केजव्हील, यूनिवर्सल माउंटिंग फ्रेम, वाटर पंप, पाइप वितरित किया गया। 1. गंगा महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम - होसिर बरवाडीह 2. सूरज आजीविका महिला ग्राम संगठन ग्राम -जगलदगा 3. चंदवा आजीविका महिला संकुल संगठन ग्राम-सेन्हा चंदवा 4. ममता आजीविका महिला ग्राम संगठन ग्राम-सिंजो लातेहार 5.्कबरी आजीविका महिला संकुल संगठन ग्राम -कारवाई गारू,इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला गोपनीय प्रभारी श्रेयांश, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, विधायक लातेहार के प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक मनिका प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

सामायिक फसलों में नैनो उर्वरक के प्रयोग पर विचार गोष्ठी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ होटल लोटस में बुधवार को सामायिक फसलों में इफको कंपनी का नैनो उर्वरक प्रयोग फसल पर गोष्ठी का आयोजन किया गया इस गोष्ठी का उद्घाटन लातेहार जिला कृषि पदाधिकारी अमरितेश कुमार सिंह, बालूमाथ वीडिओ ललिता बखला, सहायक निदेशक क्षेत्र चियकी डॉक्टर अखिलेश शाह, समेत कई लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी डा अमरितेश कुमार सिंह ने कहा कि नैनो कंपनी द्वारा उर्वरक प्रयोग करने की नई विधि मार्केट में लाई गई है एक बोड़ा यूरिया का बाजार में कीमत 1350 है और नैनो कंपनी उसी का 1 लीटर का लिक्विड 600 रुपये में तैयार की है और यह लिक्विड एक बोड़ा यूरिया के बराबर काम करती है। वही बालूमाथ वीडियो ललिता बाखला ने कहा कि किसान सिर्फ धान गेहूं की खेती करते हैं और इसमें किसानों को कम मुनाफा होता है इसलिए मोटा अनाज की खेती करें ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। वही इफ़को कंपनी के राज्य विपणन प्रबंधक यूके सिन्हा ने कहा कि खेती करने से पूर्व आप सभी किसान मिट्टी का जांच करा लें। मंच का संचालन क्षेत्र प्रबंधक चंदन कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्र पदाधिकारी लातेहार दिवाकर पुराण ने की। इस मौके पर डॉक्टर अखिलेश, डॉक्टर जे उराव निदेशक शिक्षा प्रसार बी ए यू रांची, बीज दुकानदार विनय कुमार, मोहम्मद बारीक, किसान लल्लू राम, संतन सिंह, शिवकुमार राम, समेत कई लोग मौजूद थे।

पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने भुसाढ़ गांव का किया दौरा

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने भुसाढ़ गांव का दौरा किया, कहा कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है, इससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है, नल जल ठिकेदार की मनमानी का आलम यह है कि टावर की सीढ़ी को उपरी हिस्से को रस्सी से बांध दिया, ग्रामीणों ने बताया कि सीढ़ी में एंगल और नट बोल्ट लगाकर रखना चाहिए लेकिन इसे रस्सी से बांधकर छोड़ दिया है। सीढ़ी को रस्सी से बांधकर छोड़ देने से दुर्घटना होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है, काम शुरू हुए करीब दो माह से अधिक समय हो गया, इतने समय में अभी तक शिर्फ बोरिंग कर टावर खड़ा किया गया, पाईप बिछाकर कनेक्शन देकर छोड़ दिया गया है। नल जल योजना के तहत अभी तक हरघर में पानी की सप्लाई नहीं हो पाया है, योजना की धीमी होने पर पंसस ने नाराजगी जाहिर किया है।

जालसाजी कर जमीन रजिस्ट्री कराने का आरोप

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ अंचल कार्यालय में आसमा खातून पिता साबुन मियां ग्राम चतरा लाइन मोहल्ला निवासी ने बालूमाथ अंचलाधिकारी को आवेदन देकर दाखिल ख़ारिज़ वाद संख्या 777/ 2013 -24 के मामले में आपत्ति दर्ज कराई है ।दिए गए आवेदन में कहा है कि ग्राम कोमर, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार में हमारा रैयती जमीन है। जिसे बहला फुसला कर मेरे रिस्तेदार, अब्दुल्लाह पिता स्व0 मो0 निजामुद्दीन एवं मो0 जियाउल रहमान, पिता मो0 मोतिउर रहमान,ने चतरा से लातेहार ले गए ये कहकर की जमीन का बंटवारा करना है।मैं अपने हिस्से की जमीन जो खाता संख्या 14, प्लॉट न0 2162, कुल रकबा चार एकड़ तीन डिसमिल है तथा मेरे हिस्से में 88 डिस0 जमीन आता है जिसे मैं चारों बेटा एवं बेटी के बीच मे बांटना चाहती थी।लेकिन बटवारा की जगह बिक्रीनामा केवाला में सिर्फ मो0 अब्दुल्लाह एवं मो0 जियाउल द्वारा धोखे से हस्ताक्षर करवा लिया गया तथा मेरे दोनो बेटों को भी आपसी बटवारा का झांसा देकर बिक्रीनामा केवाला में हस्ताक्षर करवा लिया गया। और जब पता चला तब तक केवाला हो चुका था। इस मामले पर पीड़िता ने झूठ एवं जालसाजी कर कराए गए केवाला को रद्द करने की मांग की है।एवं लातेहार उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।

ट्रेक्टर से गिरकर युवक की मौत

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा ग्राम में मोबाइल देखने के चक्कर मे ट्रैक्टर से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सनी पाहन 15 वर्ष पिता अशोक पाहन ग्राम हरैयाटांड थाना बालूमाथ निवासी एक ट्रैक्टर में बैठकर मुरपा आ रहा था। इसी दौरान मुरपा चौक के समीप ठोकर में ट्रेक्टर अनियंत्रित हुई और मोबाइल देखने के क्रम में ट्रैक्टर से नीचे गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा जांचोपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया गया। वही घटना की सूचना पाकर पुलिस ने शव अपने कब्जे में ले लिया। और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

जेएसएलपीएस के वार्षिक आम सभा का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेतला : बेतला पंचायत के ग्राम कुटमू मोड़ के निकट पुराने पंचायत भवन परिसर में बुधवार को आशा आजीविका महिला संकुल संगठन जेएसएलपीएस का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जेएलएलपीएस बीपीएम अभय कुमार, पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक जिदान प्रकाश बारला, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन के सदस्यों और पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने सभा को संबोधित करते हुए कहां की जेएसपीएल महिलाओं के उत्थान और स्वरोजगार से जोड़ने का यह सही माध्यम है। प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहां कि इस तरह के आम सभा होने से समूह की महिलाओं को जागरूक का एक अच्छी पहल है।जीप सदस्य संतोषी कुमारी ने कहा कि महिलाओं समूह से जुड़ कर एक अच्छा मुकाम हासिल कर बहुत सारे महिलाए खुश भी है। शाखा प्रबंधक जिदान प्रकाश बारला ने कहां कि समूह की महिलाओं को बैंक से पुरी सहयोग में अहम भूमिका निभा रही हैं। मौके पर बेतला पंचायत के मुखिया मंजू देवी, केचकी पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, पोखरी कलां पंचायत के मुखिया नीतू देवी, केचकी पंचायत समिति सदस्य आरती देवी, बेतला मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह, बेतला क्लस्टर कोर्डिनेटर जाबिर हुसैन, भोला यादव, समुह के अध्यक्ष अध्यक्ष रिना देवी, सचिव फातिमा बीबी, समूह की सदस्य मंजू देवी, रूकमानी देवी, ममता देवी, जल सहिया सह समूह की सदस्य कांति देवी समेत सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने किया प्रखंड कार्यालय का घेराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले जिप सदस्य कन्हाई सिंह के अगुवाई में सामुदायिक वन पट्टा के मांग पुरी नहीं होने पर बुधवार को बरवाडीह प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुराने ब्लॉक परिसर से सैंकड़ों ग्रामीणों के साथ बरवाडीह बाजार होते हुए जल जंगल जमीन हमारा है,वन पट्टा निर्गत करो,वन विभाग की मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारों के साथ जुलूस की शक्ल में प्रखंड कार्यालय पहुंचकर घेराव करते अंचलाधिकारी राकेश सहाय को मांगपत्र सौंपा। मौके पर कन्हाई सिंह ने कहा कि वन अधिकार लागू होने के 16 वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रखंड वासियों को अबतक वन पट्टा निर्गत नहीं होना शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि लगभग 35 गांवों ने सामुदायिक वन पट्टा के लिए आवेदन दिया गया है जिसका निष्पादन अबतक नहीं हुआ है। उन्होंने मांगपत्र के माध्यम से बताया है कि गांव के लोगों ने अनुमंडल पदाधिकारी सह अध्यक्ष अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति लातेहार को सामुदायिक वन पट्टा के लिए आवेदन भेजा गया है। वहीं आग्रह किया गया है कि आवेदनों का निष्पादन कर वन पट्टा निर्गत किया जाए। बताया गया है कि मामले पर त्वरित कार्रवाई नहीं होती है तो बाध्य होकर उग्र आन्दोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी। संयुक्त ग्राम सभा ने तय किया है कि आगामी 12 अक्टूबर को अनुमंडल कार्यालय का घेराव किया जाएगा। वहीं इस संबंध में अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि सामुदायिक वन पट्टा,दावा अनुमंडल वन अधिकार समिति के पास लंबित है।सामुदायिक दावे का जांचोपरांत जिला वन अधिकार समिति को भेजा जाता है, जहां। दावा उचित होने के बाद वन पट्टा निर्गत होता है।

जलनल योजना के तहत सवेंदक निर्भीक होकर घोटाला करने में मस्त

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड क्षेत्र में केंद्र सरकार का उपयोगी योजना जलनल का कार्य जारी है। जहां सवेंदक द्वारा निर्भीक एवं निडर होकर पुराने चापानल जिसमें पूर्व से पानी ड्राई हो चुका है या उपयुक्त जलनल योजना के लिए पर्याप्त नहीं हैं उसी में मोटर डाल कर खाना पूर्ति की जा रही है। यह मामला खपिया के सीधा बागी में वर्षो पुराने चापानल में किया जा रहा है। जबकि नया बोरिंग क्र पर्याप्त पानी लेबल के अनुशार मोटर डाल करीब 20 से 22 घर में पेयजल आपूर्ति पाइप के माध्यम से किया जाना है। और तो और जमीन में पाइप डालने की गहराई 3 फिट है लेकिन बेख़ौफ़ व निर्भीक होकर 1 फिट से लेकर 15 इंच गहराई में पाइप बिछा दिया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में उक्त पाइप जुताई या सड़क किनारे होने से टूटने की सम्भावना बनी है। वहीं पाइप की गुणवत्ता बिलकुल निम्न व् घटिया है। हालांकि इस जलनल योजना के लूट काण्ड में पीएचडी विभाग के पदाधिकारी से लेकर जेई एईई भी शामिल है। यही कारण है कि अभी तक सवेंदको पर पीएचडी विभाग से कोई कार्रवाई नहीं की जाती रही है। हालांकि क्षेत्र में इस तरह जलनल लूट की छूट काण्ड को अखबारों के पन्ने में खूब छपे है। किंतु वहीं कहावत है कि सैया भइल कोतवाल अब डर कहे का।

आदिवासियों पर अत्याचार थम नहीं रहा : प्रतुल शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता

हेरहंज : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव आज लातेहार जिला के हेरहंज प्रखंड के सुदूर जंगलों के बीच स्थित केरू गांव पहुंचे। ज्ञातव्य है कि की इसी गांव में 2 दिन पहले एक आदिवासी युवक को जूता चप्पल की माला पहनकर पूरे गांव में घुमाया गया था। प्रतुल के साथ हेरहंज प्रखंड भाजपा के अध्यक्ष मनीष जायसवाल,प्रदेश युवा मोर्चा आईटी संयोजक राहुल शाहदेव सहित कई नेता मौजूद थे। प्रतुल ने ग्रामीणों से पूरे घटना की जानकारी ली। प्रतुल ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में आदिवासियों पर लगातार अत्याचार हो रहा है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया की हेरहंज पुलिस ने इस मामले पर अभी तक पांच लोगों की गिरफ्तारी की है।प्रतुल ने कहा कि यह मुख्यमंत्री की तुष्टिकरण की नीतियां का परिणाम है कि क्रूर और दुष्ट मानसिकता वाले लोगों का मनोबल बढ़ गया है। उन्होंने कहा ऐसे लोगों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि सिर्फ मांस धोने की सजा की एवज में नासिर अंसारी और बाबर अंसारी ने उस आदिवासी युवक के साथ न सिर्फ मारपीट की बल्कि पूरे गांव में जूते चप्पल की माला पहनकर घुमाया। प्रतुल ने कहा कि यह 21 वीं शताब्दी में कलंकित करने की घटना है।

गांजा तस्कर गुजराती महिला गिरफ्तार, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सुचना मिली थी की रांची से गढ़वा जाने वाली श्रीराम रथ नामक बस में एक महिला के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा को तस्करी करने हेतु गढ़वा की ओर ले जाया जा रहा है। इस संबंध में लातेहार थाना में सन्हा अंकित कर गश्ती में तैनात पुलिस टीम को थाना चौक पर चेकिंग लगाने का निर्देश दिया गया। चेकिंग के क्रम में ही उक्त श्रीराम रथ नामक बस जिसका पंजीयन संख्या- जेएच 19 बी-2470 थाना चौक के पास आई। जिसे चेकिंग के क्रम में रोका गया। इसी दौरान अचलाधिकारी लातेहार भी थाना चौक पहुंचे। तब महिला आरक्षी की मदद से अंचलाधिकारी लातेहार की मौजूदगी में जब उक्त बस को चेक किया गया तो बस के ड्राईवर सीट वाले रो में सीट संख्या 7 में बैठी हुई थी। महिला आरक्षी के मदद से उक्त सीट पर बैठी महिला की तलाशी लेने पर महिला के पास से पर्सनुमा बैंग एवं महिला के पैर के पास रखे अमेरिकन TOURISTER ब्लू एवं ग्रे रंग के बैग से क्रमशः दो-दो पैकेट कूल-4 पैकेट, जिसमें एक पैकेट 4.200 द्मद्द.दूसरा पैकेट 3.160 द्मद्द तीसरा पैकेट 2.120 द्मद्द एवं चौथे पैकेट पर 2.110 कूल-11.590 द्मद्द ब्राउन रंग के रैपर से सील किया हुआ संदिग्ध वस्तु गांजा बरामद किया गया। एवं दो मोबाइल फोन बरामद किया गया।

सीसीएल ने विस्थापित प्रभावित गांवों में हाई मास्ट सोलर लाइट लगाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : आम्रपाली-चन्द्रगुप्त सीसीएल क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर परियोजना क्षेत्र के विभिन्न प्रभावित, विस्थापित गाँव में सीसीएल सीएसआर के तहत 43 हाई मास्ट सोलर लाइट लगाया गया है। इस लाइट की विशेषता यह है कि, इसकी ऊंचाई 9 मीटर, 40 वाट के 4 एलईडी लाइट, लिथियम बैट्री, ऑटोमेटिक बंद व चालू, 16 घंटे तक का बैकअप एवम 2 साल की वारंटी है। यह हाई मास्ट सोलर लाइट त्वद्गरू पोर्टल के टेंडर के माध्यम से लिया गया है द्ध जिसका संवेदक्र भारत सोलर सिस्टम, उत्तराखंड से है। एक सोलर लाइट की लागत एक लाख अठारह हज़ार रुपया (जीएसटी सहित) हैं। अर्थात 43 हाई मास्ट सोलर लाइट को लगाने में सीसीएल को करीब पचास लाख नौ हज़ार (जीएसटी सहित) रुपया खर्च करना पड़ा है। मुख्य रुप से यह लाइट परियोजना क्षेत्र के कुमरांग कला, कुमरांग खुर्द, उरसू, बिंगलात, सेरेंदाग, कसियाडीह, पोकला, घाघरा, होनहे, कोयद, हांडु, शिवपुर, मिसरौल, चुंदरू धाम, अंबेडकर चौक, पचड़ा, सिजुआ, जोरदाग, चट्टी पेटो, बुकरू, सोपारम, मिसरौल, धनगद्दा, सिमरिया, राहम सिसई आदि गांवों में लगाया गया है। यह सोलर लाइट मुख्य रूप से चौक चौराहा एवम् सार्वजनिक स्थान पर ही लगाया गया है।

जिले द्वारा लाख सख्ती के बावजूद भी क्षेत्र में अवैध बालू भंडारण जारी

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड के खपिया सीधा बागी में इन दिनों बालू का भंडारण जोरों पर है। एक तरफ जिला उपायुक्त अब्बू इमरान द्वारा बैठक कर नदियों से बालू उठाव एवं भंडारण को लेकर पदाधिकारियों को सख्ती से निबटने का सख्त निर्देश दिया जा चुका है। इसके बावजूद भी जगह जगह दर्जनों ट्रक्टर बालू का भंडारण किया जा रहा है। वहीं जब गरीब असहाय घर बनाने के लिए कहीं से बालू उठाता है तो उस पर पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त व्यक्ति पर मामला दर्ज या परेशान किया जाता है। वैसे में दोहरी नीति न्याय कैसा।जब पूर्ण रूपेण बालू का उठाव पर प्रतिबंद लगाया जा चुका है या नदी उठाव का सविंदा झारखण्ड सरकार से निकाली नहीं गयी है तो इस तरह बालू का ढेर कैसे। क्या इसमें भी बाबुओं का मिली भगत है या वैसे लोगों की मनमानी यह ग्रामीणों के लिए बड़ी सवाल है। आखिर ऐसे लोगों को भंडारण करने की छूट किसने दिया।

सिमरिया, केरेडारी, टंडवा, अम्रपाली हाइवा मालिकों की अहम बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन परिसर में हाइवा ऑनर एशोसियन के बैनर तले बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता कमख्या नरायन प्रसाद सिंह ने किया। वहीं संचालन अमिति कुमार सिंह ने की। बैठक में केरेडारी, टंडवा, अम्रपाली, सिमरिया आदि क्षेत्र के सैकड़ों हाइवा ऑनर शामिल हुए। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आज के बाद से बाहरी कोल वाहनों का परिचालन अपने क्षेत्र से किसी भी हाल में नहीं होने देंगे।चुकी मौत हमारी,धूल कण हमारी,बिमारी एवं घटना दुर्घटना की जिम्मेवारी हमारी और राज बाहरी लोगों का ऐसे में सरासर गलत व बेईमानी है। चुकी झारखण्ड के हाइवा वाहनों को उड़ीसा,पंजाब छतीस गढ़ आदि राज्यों में चलने नहीं दिया जाता है बल्कि उलटे फाइन टैक्स भर कर अपने वाहन को वापस अपने झारखण्ड राज्य में चलाना पड़ता है। वहीं कोल कम्पनियों द्वारा बाहरी हाइवा लाकर यहां से कोयले की ढुलाई कम रेट पर करवाता है। और हम लोगों का हक मार कर यहां से बाहर रुपया ले जाता है। हम लोग हाथ पर हाथ मलते रहते हैं। जबकि हम हाइवा मालिकों को अभी भी कोल कम्पनियों के ट्रांसपोर्टरों द्वारा बकाया भाड़ा बाकी है। वहीं सही ढुलाई रेट नहीं दिया जाता है। अब ट्रांसपोर्टरों का मनमानी किसी भी हाल में हम लोग चलने नहीं देंगे। इसके लिए हाइवा ऑनर एशोसियन ने गुरूवार 14 सितम्बर से बाहरी कोल वाहनों को सिमरिया चौक पर चक्का जाम करेगा। मौके पर आशीष कुमार साव, राजू कुमार, सुनील कुमार, सुरेश कुमार, संतोष कुमार, सुरेंद्र यादव, मुकेश कुमार सिंह, मो डब्लू, सुमन कुमार सिंह, अरविन्द सिंह, सुनील कुमार, भीम महतो, उपेंद्र कुमार सिंह, धनेश्वर साव, मो जाबिर हुसैन, निर्मल महतो अजय राणा, अनिल कुमार, संदीप कुमार राणा, मो इजराइल, मो तबरेज, संजय सिंह, नागेश्वर साव, त्रिवेणी साव के अलावे दर्जनों हाइवा ऑनर शामिल थे।

11 सूत्री मांगों को लेकर दुर्गा सोरेन सेना ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

दुर्गा सोरेन के रैली में पहुंची हजारों की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड मुख्यालय के सुभाष चौक पर दुर्गा सोरेन सेना के बैनर तले 11 सूत्री मांगों को लेकर सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौपा। जिसमें हजारों कार्यकर्ता पदाधिकारी रैली और प्रदर्शन किया। यह रैली आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह के घर से सिमरिया के विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु एवं संचालन संतोष नायक ने किया। रैली में दूर दराज से हजारों कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल हुए। जहां दिसोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद सीता सोरेन जिंदाबाद राजश्री सोरेन जिंदाबाद जय श्री सोरेन जिंदाबाद सिमरिया अनुमंडल को अकाल क्षेत्र घोषित करो सिमरिया अनुमंडल में प्रखंड अंचल कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाओ के नारे के साथ सिमरिया अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। नुक्कड़ सभा में केंद्रीय प्रवक्ता राज किशोर कमल ने कहा कि दुर्गा सोरेन सेना एक सामाजिक संगठन है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक हम लोग पहुंचने का काम करेंगे आज जो भ्रष्टाचार चरम पर है उसे पर यदि लगाम नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में चतरा मुख्यालय से लेकर रांची की सड़कों पर हम लोग आंदोलन करेंगे ।आज हजारों की संख्या में है कल बिस हजार की संख्या में आंदोलन करने का काम करेंगे। मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि भी अपना वक्तव्य रखें बहुत सारे वक्ता ने अपनी अपनी बातों को रखा जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु ने कहा कि हम तमाम साथी एक हैं गरीबों पर अत्याचार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे गरीबों को इंदिरा आवास बृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन मिलना चाहिए संतोष नायक ने कहा कि पूरे टंडवा कोलांचल में अगर स्थानीय व्यक्ति को कंपनी द्वारा काम पर रखा नहीं गया तो हम लोग पूरे कोलांचल में भी आंदोलन करेंगे।

मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत किया गया मिट्टी संग्रह

बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को भाजपाइयों ने पश्चिमी जीप सदस्य संतोषी कुमारी के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के बेतला, कुटमू समेत कई अन्य जगहों पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिट्टी संग्रह किया गया। प्रखंड क्षेत्र से मिट्टी संग्रह करके जिला स्तर पर इकट्ठा करते हुए केन्द्र में दिल्ली में स्मारक स्थल बनने को लेकर मिट्टी संग्रह किया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल, भाजपा नेता मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, बेतला मुखिया मंजू देवी, नीलम देवी, ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ छोटू, राघव सरण सिंह साथ ही यह लगातार कार्यक्रम चलाया जा रहा है।इधर छिपादोहर मंडल में भी केड़ पंचायत अंतर्गत कारीमाटी में सांसद प्रतिनिधि सह भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य अजय सोनी,भाजयुमो जिला मंत्री श्री अजय प्रसाद के नेतृत्व में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत धार्मिक स्थल एवं ग्रामीणों के घर से माटी संग्रह किया गया।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, गुरूवार, 14 सितंबर 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

प्रशिक्षु आईएएस का कोषागार प्रशिक्षण पूर्ण कोषागार पदाधिकारी ने दिया प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): परीक्ष्यमान सहायक दण्डाधिकारी एवं सहायक समाहर्त्ता हजारीबाग सुलोचना मीणा,भाप्रसे का चार सप्ताह का कोषागार प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण हुआ। कोषागार पदाधिकारी उज्जवल चौरसिया ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि में इनका कार्य उत्कृष्ट रहा। प्रशिक्षण के दौरान सुलोचना मीणा के द्वारा कोषागार में विपत्रों को पारित करने की प्रक्रिया, ऑनलाईन विपत्रों को निष्पादित करने की प्रक्रिया, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की वित्तीय जिम्मेवारियाँ, अकेक्षण दल द्वारा की गई आपत्तियों के निष्पादन एवं इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ हासिल की गई। उज्जवल कुमार चौरसिया,कोषागार पदाधिकारी के द्वारा सुलोचना मीणा को कोषागार प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

सांसद जयंत सिन्हा ने हिंदू उच्च विद्यालय में किया कई योजनाओं का शिलान्यास

हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता): लोकसभा सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा ने हिंदू उच्च विद्यालय के प्रांगण में डीएमएफटी मद से 02 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से 12 कमरे, डीप बोरिंग, शौचालय एवं मुख्य द्वार के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया, स्वागत कार्यक्रम में एनसीसी के छात्रों के द्वारा सांसद जयंत सिन्हा को गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। सांसद श्री सिन्हा ने विद्यालय प्रांगण में कल्पतरु वृक्ष का पौधा रोपण भी किया। श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षण संस्थानों में अच्छी शिक्षा के लिए अच्छे माहौल और अच्छी व्यवस्था का होना भी अति आवश्यक है। बच्चों की अच्छी पढ़ाई के लिए समुचित और सुरक्षित व्यवस्था का दायित्व हम सब पर है। इस कारण जैसे ही मेरे संज्ञान में विद्यालय प्रबंधन ने यह मामला उठाया मैने तत्काल इस पर संज्ञान लेते हुए जिला खनिज विकास मद से भवन निर्माण और जीर्णोद्धार की स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि निर्गत कर दिया। अब विद्यालय प्रबंधन की यह जिम्मेवारी बनती है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता न करते हुए इसका निर्माण मजबूती के साथ करवाएं। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग उपेंद्र कुमार, हिंदू उच्च विद्यालय के पूर्व प्राचार्य रमेश सिंह सत्यबोध, ज्ञान प्रकाश, डॉ नरेंद्र शंकर, भैया अभिमन्यु प्रसाद, जीतू जैन, भैया तरुण कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित हुए।

बरही विधायक के अनुशंसा पर प्रखण्ड के विभिन्न जर्जर सड़कों का होगा मरम्मती

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने प्रखण्ड के विभिन्न जर्जर सड़क को मरम्मती व जीर्णोद्धार को लेकर अनुशंसा किया। जिसके बाद सभी सड़को का मरम्मतीकरण को लेकर प्राक्कलन तैयार कर कर लिया गया है और टेंडर निकाल दिया गया है। ज्ञात हो कि बरही प्रखंड में खराब हो चुके सड़को से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी, जिसके बाद विधायक श्री अकेला के अनुशंसा से कई सड़कों का मरम्मतीकरण होने जा रहा हैं, जिसका निविदा भी विभाग के द्वारा निकाला गया हैं। विधायक श्री अकेला ने कहा कि जब तक बरही की जनता का सेवा करने का मौका मिलता रहेगा वह बरही में विकास की बयार बहाते रहेंगे। श्री अकेला ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयास से गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछ रहा है, लेकिन कुछ लोग विकास को अवरुद्ध करना चाहते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार सख्ती से पेश आएगी। हमारा एक मात्र लक्ष्य है हर गांव को अच्छी गुणवत्तावाली सड़कों से जोड़ना। इस काम में कोई गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बताते चलें कि आरईओ रोड से माधोपुर तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड से गडलाही तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड से जरहिया तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड से लश्करी मोड़ से आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड दुधपनिया मोड़ से आरईओ रोड तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, विजैया से खुटवाटांड तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड से धुरगड़गी तक पथ का विशेष मरम्मती व जीर्णोद्धार कार्य किया जाना है।

फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): बरही थाना अंतर्गत करियातपुर में बीते रात्रि मंगलवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक करियातपुर निवासी स्व. सुरेश रजक का 20 वर्षीय पुत्र साजन कुमार है। मंगलवार रात्रि उक्त घटित घटना पर उसे परिजनों द्वारा आनन - फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर बुधवार सुबह बरही थाना की पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची और शव को निगरानी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रमुख मनोज रजक, करियातपुर पंचायत के मुखिया और पूर्व मुखिया प्रतिनिधि व रमेश ठाकुर, कोनरा के पंसस मो. यूसुफ, मो. साबिर, मोहन कुमार आदि पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया। मृतक के बड़े भाई मंटू रजक व उनका भाभी पंसस अर्चना भारती ने बतलाया कि साजन कुमार ने अपने रूम में बेडसीट से पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

दुलमी मंडल में भाजपा ने मेरी- माटी मेरा-देश कार्यक्रम का किया आयोजन

रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता): दुलमी मंडल में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम हुआ, प्राचीन हनुमान मंदिर फनीकपूर से पवित्र मिट्टी संग्रह हुई । भारतीय जनता पार्टी दुलमी मंडल कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हर घर मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने फनिकपूर हनुमान मंदिर से पवित्र मिट्टी को संग्रहण किया कार्यकर्ताओं ने फनिकपूर गांव में अमृत कलश लेकर हर घर जाकर मिट्टी संग्रहण किया गया और पद यात्रा करते हुए ?भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पहुंचे ?,मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सभी पंचायतों से मिट्टी संग्रहण कर एक पात्र में मिट्टी को जमा कर जिला कार्यालय भेजा जाएगा और जिला कार्यालय से सभी मंडलों के मिट्टी संग्रहण कोह प्रदेश कार्यालय भेजागा । और सभी प्रदेश से केंद्रीय कार्यालय भेजा जाएगा और केंद्रीय कार्यालय में एक आमंत्रित वाटिका कहा निर्माण किया जाएगा मौके पर मंडल महामंत्री जनेश कुमार उसरा पंचायत के शक्ति केन्द्र प्रमुख रोहित केवट सोसो पंचायत के शक्ति केन्द्र प्रमुख प्रदिप महतो ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रभास महतो एसटी मोर्चा मंडल मंत्री कपिल देव करमाली गंगा राम महतो रामेश्वर महतो सहदेव ठाकुर रघू महतो ।

झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट सेमी फाइनल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला गांव के महथा बगीचा खेल मैदान में झारखंड प्रतिभा फुटबॉल सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें सिद्धू कान्हू नगर रजरप्पा प्रोजेक्ट एवं महतो एलवन धनबेडवा के बीच रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया गया दोनों टीमों द्वारा खेल मैदान में जोरदार प्रदर्शन किया और जिसमें पेनल्टी शूटआउट के दौरान धनबेडवा की टीम 2-0 से विजय हासिल हुई और अपना फाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया आयोजित सेमीफाइनल के मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष भूषण उरांव एवं विशिष्ट अतिथि गौतम वर्मा शामिल हुए मैच का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया इस दौरान अतिथियों के द्वारा उपस्थित दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए एक दूसरे को दोस्ताना तरीका से मैच खेलने का सलाह दिया तथा फुटबॉल को की मारकर अतिथि के द्वारा उद्घाटन किया गया उपस्थित दर्शकों के बीच में मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में खेल के क्षेत्र में युवाओं का भविष्य उज्जवल है और राज्य सरकार खेल के प्रति काफी टाटिबंध है खेल का प्रचार प्रसार और बढ़ावा देने के लिए हर संभव राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को मदद करने का काम कर रही है जरूरत है खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी की पहचान हो सके और अपना भविष्य उज्जवल बन सकता है ।

सदर विधायक ने किया भेलवाटांड़ रोला व सिलवार का सघन दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बुधवार को सदर प्रखण्ड के कई गांवों का सघन दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत बड़ासी पंचायत के जगदीशपुर ग्राम स्थित भेलवाटांड़ टोले से किया जहां उनके पहुंचने पर पुरे टोले के करीब 100 घरों के क़रीब 350 बच्चे-बूढ़े, नौजवान, महिला- पुरुषों ने घर से निकलकर विधायक मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। यहां विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों के आग्रह पर पिछले तीन वर्षों से अर्धनिर्मित शिव मंदिर का निरीक्षण कर जायजा लिया

और ग्रामीणों संग जल्द ही इस अर्धनिर्मित मंदिर के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का संकल्प लिया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बड़का डैम तालाब का भी जायजा लिया और इसके गहरीकरण की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने का वादा किया।

महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता को साबित कर रही : उमाशंकर अकेला

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : महिलाएं खुद को पहचाने, अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करें स्वयं आगे बढ़े अपने परिवार के साथ साथ समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाए, आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कमजोर नहीं हैं।

हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रहीं है। अपने हजारीबाग जिले के बरही का ही उदाहरण लें तो यहां एसडीओ, बीडीओ समेत कई पंचायत प्रतिनिधि भी महिलाएं है। उक्त बातें बरही विधायक उमाशंकर

अकेला ने बरसोत आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति वार्षिक आमसभा में कही। करियातपुर पुराना स्कूल भवन में बरसोत आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लि0 बरसोत वार्षिक आम सभा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।

विष्णुगढ़ सीएचसी में प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन 14 सितंबर 2023 दिन गुरुवार को किया जा रहा है। इसमें सभी प्रकार के रोगों का इलाज में मुफ्त में किया जाएगा। इस संबंध में पूछे जाने पर विष्णुगढ़ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में पुरुष, महिला एवं बच्चों का इलाज अलग-अलग डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा।इस स्वास्थ्य मेला में सभी विभाग के डॉक्टर दस बजे से लेकर तीन बजे तक वहां पर सभी उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावे स्वास्थ्य विभाग से महिलाओं एवं रोगियों को कीट एवं पोषण आहार से मिलने वाली फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी।

डीसी कार्यालय के समक्ष भाकपा का महाधरना 21 सितंबर को

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला इकाई हजारीबाग की बैठक सीपीआई कार्यालय में की गई। बैठक में समता सैनिक दल और खतियानी परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता महादेव मांझी ने किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि जल जंगल जमीन की लूट, गैर मजरूआ भूमि की लूट, खासमहल की अवैध बंदोबस्ती,

जमीन म्यूटेशन में भ्रष्टाचार गोंदलपूरा कॉल ब्लॉक रद्द करने आपूर्ति विभाग के द्वारा की गई कालेबाजारी और नदी नाले के लूट के साथ भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू करने के लिए 21 सितंबर को उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग के समक्ष महाधरना होगा। पूर्व सांसद ने कहा कि महा धरना से पूर्व भाकपा कार्यकर्ता समता सैनिक दल के सदस्य और खतियानी परिवार के रैयत पूरे शहर में विशाल रैली निकालेंगे। रैली में शामिल लोग भ्रष्टाचार जमीन जंगल की लूट और कालाबाजारी के खिलाफ मोर्चा खोलने का काम करेंगे। आज जिस प्रकार से देश में महंगाई चरम सीमा पर है और लोग रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं सरकार और उनके पदाधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त होकर आम जनता को लूटने का काम कर रहे हैं इसके खिलाफ सीपीआई का विरोध शुरू से रहा है और आगे भी रहेगा। केंद्र सरकार गलत तरीके से खेती गृहस्ती वाली जमीन कोयला खनन के लिए अदानी कंपनी को दे रही है उसका आवंटन रद्द हो।

फाइनल मुकाबले में बरहमोरिया की टीम बनी विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत कुसुम्भा पंचायत में किसान क्लब अलखरीकला द्वारा दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का रंगारंग समापन हुआ। फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले एवं फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि पंचायत के युवा मुखिया दुलारचंद पटेल,उपमुखिया बाबूचंद हेंब्रम ने संयुक्त रूप से किकलगी कर की। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था,जिसमें से सुपर क्लब बरहमोरिया और जनूमटांड़ के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमे 2 - 1 से बरहमोरिया के टीम ने जीत हासिल किया । विजेता टीम को बड़ा कप एवं उप विजेता टीम को छोटा कप दे कर सम्मानित किया गया। मुखिया दुलारचंद पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जब से इस तरह के प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है,तब से युवाओं में काफी उत्साह का संचार हुआ है। खेल के प्रति इनकी

ललक और समर्पण देखकर खुशी महसूस होती है। इस तरह के खेल आयोजनों से आने वाले समय मे अच्छी प्रतिभा को जिला,राज्य में मौके मिल सकते है। इस मौके मुख्य रूप से भेलवारा मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो,भेलवारा पंचायत रोजगार सेवक संझलू हांसदा,निर्णायक महोदय मेहिलाल मरांडी,शिवलाल टुडू, साहेब राम,सुरेश मुर्मू,प्रदीप टुडू,के अलावे दर्जनों युवा खेल प्रेमी मौजूद थे।

विधायक अंबा प्रसाद ने किया शेष परिसंपत्ति का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : पतरातू प्रखंड स्थित वर्किंग हॉल में बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद द्वारा पतरातू प्रखंड अधिन 46 पंचायतो के बीच 64 लाभुको के बीच डॉ भीमराव अंबेडकर आवास का चेक एवं सर्टिफिकेट का वितरण किया। वहीं 7 महिला समूहों के बीच के.सी.सी लोन के तहत 35 लाख रुपए,विकलांग,वृद्धा एवं विधवा पेंशन का भी वितरण किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक सुश्री अंबा प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज

कुमार गुप्ता एवं अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे ने पुष्पगुच्छ देकर माननीय विधायक का स्वागत-अभिनंदन किया। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल,विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह,विधायक प्रतिनिधि अमित साव,डॉ के.के शर्मा,अनिल कुमार,नईम असारी,योगेंद्र सिंह खरवार,अंजन प्रसाद,रंजीत ठाकुर, निर्मला देवी,मोबीन खान,लियाकत अंसारी,शकरुल्लाह अंसारी सहित विभिन्न पंचायत के मुखिया,पंचायत समिति सहित प्रखंड एवं अंचल के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

सांसद जयंत सिन्हा व विधायक अंबा प्रसाद ने 11.825 किमी लंबे सड़क का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के ग्राम बादम बस स्टैंड से पसेरिया तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हजारीबाग सांसद सह वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति अध्यक्ष जयंत सिन्हा एवं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काट कर और विधिवत नारियल फोड़ कर किया। बादम बस स्टैंड से पसेरिया मोड़ तक 11.825 किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जाएगा। सड़क का निर्माण कार्य पूजा एंटरप्राइजेज के द्वारा किया जाएगा। शिलान्यास के बाद सांसद और विधायक ने लोगों को संबोधित किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा के सभी जनप्रतिनिधियों को मिल जुल कर काम करना है। मिलजुल कर काम करने से ही जन समस्याएं खत्म होगी और छेत्र का विकास होगा। केंद्र

सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में बताते हुए जयंत सिन्हा ने कहा के सरकार के योजनाओं का लाभ उठाएं। अभी जो कठिनाई आवागमन में होती है सड़क के निर्माण के बाद ये कठिनाई नहीं उठानी पड़ेगी। उन्होंने कहा के राजनीति में हम दल की बात करते हैं लेकिन जब बात विकास की आती है तो हम लोग किसी दल की नही बल्कि जनता के दल की बात करते हैं। इस दौरान एनटीपीसी द्वारा ग्राम जुगरा में मुआवजा दिए बिना जबरन घर तोड़ने और सड़क निर्माण का मुद्दा, गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना का मुद्दा तथा ग्राम बादम में 4 वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना चालू नहीं होने का मुद्दा ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष रखा। जवाब पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा के मैं अभी गारेंटी दिया अगर मेरी गारेंटी में दम नहीं है या आपको नहीं पसंद है तो मुझे निकाल दीजिए। अगर हम आपका काम ठीक से नहीं कर रहे हैं तो आपका अधिकार है आप मुझे वोट दीजिए या नहीं दीजिए। मैं ग्रामीणों की पीड़ा को समझ रहा हूं मैं निष्ठा पूर्वक ग्रामीणों की सेवा कर रहा हूं। अगर आप जमीन नहीं देना चाहते हैं तो आप आइए मुझ से मिलिए मैं प्रशासन से बात करूंगा और आपको सुरक्षित रखूंगा। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य गीता देवी, बड़कागांव बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रफीक अंसारी, संसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष खेमलाल महतो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जिप प्रतिनिधि दीपक करमाली, महेंद्र नाथ पांडेय, त्रिवेणी महतो, रवि कांत, मनीष पांडेय, जमाल सगीर, दिलदार अंसारी, चंद्रिका साव, चंद्र साव, अशोक साव, सचिदानंद पांडे, किशोर राणा, ज्ञानी शर्मा, करीम साव, भागीरथ ठाकुर, मो शुक्रउल्लाह, त्रिलोकी साव, शमशेर आलम, अहमद उल्लाह, बेचन साव, विक्रम गुप्ता, निरंजन साव सहित सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर जाने वाला रास्ता में बह रहा है सेफ्टी टंकी का पानी, प्रबंधन बेखर



प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : जहां एक और पूरे झारखंड में डेंगू का प्रकोप जारी है वही वर्तमान में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर जानें वाला रास्ता में गंदे पानी का बहाव पिछले कई दिनों से है। इस रास्ते से सैकड़ों मरीज रोजाना आना-जाना कर रहे हैं, सेफ्टी टंकी के गंदे पानी के बह से आसपास काफी बदबू भी पैदा हो गई है। इस संबंध में अस्पताल के डीएस प्रकाश ज्ञानी से पूछने पर उन्होंने बताया कि यह गंदा पानी का बहाव को लेकर हमने जिले के पदाधिकारी को सूचना दे दिया है। लेकिन जिले से समस्या का समाधान के लिए अभी तक कोई उपाय नहीं किया गया। वहीं आगे उन्होंने बताया की अस्पताल में ड्रेनेज नाम की कोई भी व्यवस्था भवन निर्माण के द्वारा नहीं किया गया। जिससे आए दिन समस्या पैदा हो रही है, समय-समय पर हम लोग इसे साफ भी करवाते हैं। ड्रेनेज नहीं होने के कारण ऐसी समस्या उत्पन्न हो रही है। बता दे की इस रास्ते से जब भी मरीज गुजरते हैं तो अपने नाक को बंद करना पड़ता है। अब बात यह है कि अगर मरीज यहां ठीक होने के लिए आए या बीमार होने के लिए।

तीन दिवसीय भादी महोत्सव के प्रथम दिन मेहंदी उत्सव का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में धार्मिक उत्सव आयोजित किया जा रहे हैं इसी बीच शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में तीन दिवसीय भादी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है जिसके पहले दिन मेहंदी उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया दादी भक्तों ने दादी को मेहंदी लगाई। साथ ही महिलाओं ने अपने हाथों में दादी नाम की मेहंदी रचाई। यूं तो जब बेटी अपने घर की ओर प्रस्थान करती है तब हाथों में मेहंदी लगा कर सोलह श्रृंगार कर घर को जाती है दादी के आगमन से पूर्व, दादी की बेटियों ने अपने हाथों से दादी को मेहंदी रचाकर, दादी का स्वागत

किया । इसी बीच सभी महिलाएं दादी नाम के कई भजन प्रस्तुत की। महिलाओं में कार्यक्रम को लेकर अति उत्साह नजर आ रहा था। महिलाएं दादी मंदिर में कार्यक्रम को लेकर जुटी रही।

कार्यक्रम से संबंधित हर एक छोटी सी छोटी चीजें का बेहतर ध्यान रख रही थी। ताकि तीन दिवसीय भादी महोत्सव में कोई त्रुटि ना रह जाए। तो वही कमेटी के पदाधिकारियों एवं समस्त दादी भक्तों में कार्यक्रम को लेकर एक अलग ही जुनून बन चुका है। सभी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में जुटे हुए हैं। तीन दिवसीय भादी महोत्सव हजारीबाग में ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा वही भादी महोत्सव के दूसरे दिन 14 तारीख को राणी सती मंदिर परिसर में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया है।

बड़कागांव में फलेरिया उन्मूलन को लेकर डोर टू डोर सर्वेक्षण शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : फलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रखंड के सभी गांव में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार के नेतृत्व में डोर टू डोर सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। बड़कागांव प्रखंड में 10 से 25 अगस्त तक कुल 141792 लोगों को दवा खिलाई गई थी। उक्त सर्वेक्षण कार्य प्रखंड मलेरिया पर्यवेक्षक तरुण कुमार के द्वारा किया जा रहा है। प्रखंड में कुल 13 क्लस्टर बनाए गए हैं जहां 268 सहिया सर्वेक्षण कार्य में लगाए गए हैं। बड़कागांव मध्य पंचायत में सर्वेक्षण कार्य करते पर्यवेक्षक तरुण कुमार ने बताया की फलेरिया उन्मूलन सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है ताकि फलेरिया रोगियों की पहचान पूर्ण रूप से

किया जा सके। जब तक सर्वेक्षण पूर्ण नही होता तब तक सर्वेक्षण कार्य जारी रहेगा इसका तिथि निर्धारित नहीं है। हमें घर-घर जाकर के लोगों की जांच करनी है। वही आगे उन्होंने बताया कि चिन्हित फाइलेरिया रोगियों के लिए पेंशन हेतु हजारीबाग सदर अस्पताल में विकलांगता प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। प्रत्येक माह के 15 तारीख को शिविर में शामिल होकर विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सर्वे कार्य में मुख्य रूप से तरुण कुमार, ब्लॉक सब कोऑर्डिनेटर रितेश कुमार, सहीया चंचला देवी, सहीया साथी सीमा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

हुलाडेक रीसाइक्लिंग ने एक सामुदायिक संग्रह बिन लॉन्च किया सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्वी भारत की अग्रणी अपशिष्ट प्रबंधन कंपनी हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में रांची के सेंट जेवियर्स कॉलेज में एक ई-कचरा बिन स्थापित किया है। इस परियोजना का नेतृत्व डॉ. फादर नबोर लकड़ा, प्रिंसिपल और डॉ. अजय मिंज, वाइस प्रिंसिपल, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची। हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग 2019 में रांची में अपना परिचालन शुरू करने के बाद से प्रीमियम शिक्षा संस्थानों में जागरूकता शिविरों की श्रृंखला आयोजित कर रहा है। कार्यशालाओं में भारत में ई-कचरे के परिदृश्य, रीसाइक्लिंग के अनौपचारिक क्षेत्र और ई-कचरा निपटान के उचित तरीकों पर प्रकाश डाला गया। पुनर्चक्रण इन कार्यशालाओं के बाद संग्रह अभियान चलाया गया जिसमें छात्रों को अपना इलेक्ट्रॉनिक कचरा डालने के लिए परिसर में ई-कचरा डिब्बे रखे गए।हमें सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में अपने स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन समाधान लाने में खुशी हो रही है। हुल्लाडेक सभी के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए समर्पित है, और यह पहल उस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है।

चेहल्लुम के मौके पर जांगी गांव में लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के मगनपुर पंचायत स्थित जाँगी गांव में यादे हुसैन लाठी खेल प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। अयोजन का शुभारंभ गोला पश्चिमी के जिप सदस्या सरस्वती देवी, समीर अंसारी पंचायत के उपमुखिया अकबर अली के द्वारा फीता काटकर किया गया। लाठी खेल के इस शानदार मुकाबला में दूरदराज क्षेत्र के कई टीमों ने हिस्सा लिया। इस मुकाबला में खिलाड़ियों ने लाठी डंडे व अस्त्रशस्त्र के द्वारा एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज खेल दिखाते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। मुकाबला में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता टीम को कमिटी की ओर से मुख्य अतिथि के हाथों पुरुस्कृत किया गया।अयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से कमिटी के सदर एहसानुल हक, सेक्रेटरी अब्दुल कयूम अंसारी, नायब सदर कमरूल अंसारी, ऐनुल अंसारी, खजांची फरीद अंसारी का अहम योगदान रहा। मुकाबला का संचालन सोसो कलां के समाजसेवी गुलाम सरवर उर्फ भूषण अंसारी ने किया।

भदानीनगर मजदूर की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने वेंकटेश फैक्ट्री के मुख्य गेट जामकर किया विरोध प्रदर्शन

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिले के भदानीनगर लपंगा वेंकटेश स्पंज फैक्ट्री में भुरकुंडा पटेल नगर निवासी मनदीप सिंह की आज वेंकटेश फैक्ट्री में काम करने के दौरान ट्रक की चपेटे में आने से मौत हो गई। घटनाक्रम की खबर फैलते ही क्षेत्र वासी और परिजनों द्वारा भदानीनगर पहुंचकर फैक्ट्री प्रबंधक से न्याय और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जिसके बाद परिजन व कंपनी प्रबंधक के अधिकारी के बीच हुई घंटो वार्ता के बाद न्याय मुआवजा का निष्कर्ष नहीं निकल पाया है।जिसके बाद नाराज़ ग्रामीण व परिजनों ने फैक्ट्री के मुख्य गेट को जामकर डेड बॉडी के साथ विरोध प्रदर्शन कर न्याय और मुआवजा की मांग कर रहे हैं।वहीं घटनास्थल पर परिजनों द्वारा फैक्ट्री के गेट खोलाने पर गेट भी नहीं खोला जा रहा 100 मीटर के दायरे से कंपनी के सभी कर्मचारी को गायब कर दिया गया। फैक्ट्री प्रबंधक के किसी अधिकारी का बाहर नही आने पर नाराज़ ग्रामीण रामगढ़ पतरातु फोर लेन जाम करने का विचार कर रहे हैं।

कुंटू बाबू ने स्वतंत्रता सेनानी चुनचुन प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर अर्पित किया श्रद्धा सुमन

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार सुबह भाजपा नेता सह पूर्व रामगढ़ विधानसभा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने स्वतंत्र सेनानी स्वर्गीय चुनचुन प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर अरगड्डा बाजार स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,वरिष्ट भाजपा नेता दिवाकर प्रसाद सिंह,रामप्रसाद मल्लिक,आशुतोष कुमार सिंह,संजय सिंह, सुरेश करमाली, मनोज प्रधान, अभिमन्यु रजक, अजय साव, अरविंद कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

प्रदेश हस्ताक्षर अभियान की संयोजक नामित हुई सिंधु झा

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के हस्ताक्षर अभियान में तेजी लाने के निमित्त संगठन के दायित्व निर्धारण कमिटी की अनुशंसा पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह शिक्षिका सिंधु झा को हस्ताक्षर अभियान (महिला विंग) का प्रदेश संयोजक नामित किया गया है।उक्त जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से मीडिया को देते हुए सिंधु झा ने संगठन के वरिष्ट पदाधिकारियों और खास कर राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण मुरारी एवं प्रदेश अध्यक्ष संपति कुमारी का आभार जताते हुए कहा की आज देश में जनसंख्या का बढ़ता दर विकराल रूप लेता जा रहा है जो भविष्य में हमारी संसाधनों पर भारी पड़ेगा। जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को लेकर कानून बनाने हेतु जेएसएफ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर हस्ताक्षर अभियान छेड़ रखा है।जो अन्य प्रदेशों की तरह झारखंड में भी जोर शोर से शुरू किया गया है । मुझे मिले दायित्व का मैं अनुपालन करते हुए पूरे प्रदेश का भ्रमण करूंगी और संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा करवाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में शिक्षण संस्थान,रेलवे स्टेशन, सरकारी संस्थानों को भी अछूता नहीं छोड़ा जाएगा ।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, GUMLA-835207
E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in

Corrigendum

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, गुमला अंतर्गत घाघरा से नेतरहाट पथ का 3,12,14,21,24,26,28,30,44,45 एवं 46 वें कि0मी0 में साधारण मरम्मति कार्य। कार्य की निविदा Date of Publication of Tender on Website **13.09.2023** के स्थान पर 15.09.2023 Last date/Time for receipt of bids. **20.09.2023** के स्थान पर **21.09.2023** एवं Date of Opening Of Technical Bid- **21.09.2023** के स्थान पर **22.09.2023** पढ़ा जाय। शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा। Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

PR 306652 Road (23-24)*D

Sd/-
Executive Engineer
PR 306864 Road (23-24)_D **R.C.D. Road Division Gumla**

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,
ROAD DIVISION,GUMLA-835207,E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in

Very Short Term
e-Procurement Notice

e-Tender Reference no.- RCD/Gumla /877 Dated :- 13.09.2023

1	कार्य का नाम	घाघरा से नेतरहाट पथ के विभिन्न कि0मी0 में गार्डवाल निर्माण एवं मरम्मति कार्य।
2	प्राक्कलित राशि	**Rs.-** 9997245.00 (निनान्वे लाख संतानवे हजार दो सौ पैतालीस)
3	बीड सिक्युरिटी (राशि)	Rs.- 200000.00 (दो लाख)
4	कार्य पूर्ण करने की अवधि	03 Months
5	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	15.09.2023 from 10.30 A.M.
6	निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	21.09.2023 upto 12.00 Noon
7	निविदा खुलने का तिथि एवं समय	22.09.2023 at 12.30 P.M.
8	निविदा खुलने का स्थान	Chief Engineer (Com)cum-Nodal Officer, e-Procurement Cell, RCD, Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004.
9	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या	कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गुमला।
10	ई–मेल	eercdgumla-jhr@nic.in
11	ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का सहायता दूरभाष संख्या	0651-2401010

Note : Estimated amount may vary.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
Road Construction Department,Road Division, Gumla
PR 306866 Road(23-24).D

नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने नीति आयोग द्वारा जुलाई माह में जारी किए गए डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले के पूरे देश में पांचवा स्थान प्राप्त करने एवं स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारियों की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। नीति आयोग द्वारा विभिन्न सेक्टरों में सूचकांक वार कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके उनके विभाग से संबंधित सूचकांक में प्रतिमाह आ रहे बदलाव पर विशेष ध्यान देने, आंकड़ों का सही तरीके से आकलन व मूल्यांकन करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव संबंधित सूचकांक में प्रसव पूर्व जांच संबंधित सूचकांकों का सही आकलन कर संस्थागत प्रसव के आंकड़ों में सुधार सहित कई अन्य उदाहरण अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के सभी विद्यालयों में शत प्रतिशत शौचालयों का सुचारू रूप से संचालन व नियमित जलापूर्ति को लेकर चर्चा के क्रम में अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में विद्यालयों को नजदीकी जलापूर्ति योजना के साथ किस प्रकार से जोड़ा जाए संबंधित प्रतिवेदन तैयार करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कृषि संबंधित सूचकांकों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रतिमाह जारी किए जा रहे सॉइल हेल्थ कार्ड की संख्या पर असंतोष व्यक्त करते हुए डीएमएफटी के तहत संचालित मिट्टी जांच केंद्र का संचालन प्रभावी रूप से करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने अधिकारियों को मिट्टी जांच केंद्र का निरीक्षण कर हो रहे कार्यों का जायजा लेने का भी निर्देश दिया।

बिरहोर टोला बारियट्ठा में किया गया स्पेशल कैंप का आयोजन

बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड अंतर्गत बरियट्ठा बिरहोर टोला में स्पेशल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्वीप एक्टिविटी के साथ कुल 8 बिरहोर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत किया गया। इसके साथ 26 आवेदन जन्म निबंधन हेतु भरा गया। इस मौके पर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, बरही, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बरही सावना मांझी, प्रभारी प्रखंड साख्यिकी प्रवेक्षक सुरेंद्र कुमार दास, वसीम अकरम, मोहन मिर्धा, संजू कुमारी, पम्मी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, दीपक कुमार, सरिता देवी, बसंती देवी आदि उपस्थित थे।

बरलंगा थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के बरलंगा निवासी भिरगु ठाकुर उम्र 24 वर्ष रंग सांवला ऊंचाई 4 फिट 5 इंच पैर से हल्का विकलांग तथा गूंगा एवं बहरा है। वह आसमानी रंग का शर्ट काले रंग का पैंट तथा पैर में चप्पल पहना हुआ है साथ ही उसके बाएं हाथ में गोदना से मोबाईल नम्बर लिखा हुआ है जिसमें 9771687867 लिखा हुआ है। इसके परिजनों के द्वारा थाना में जानकारी देते हुए इसकी सूचना दी है।

दोहाकातू में सांसद चंद्र प्रकाश एवं विधायक सुनीता के निर्देश पर मृतक परिजन को खाद्य सामग्री दिया

रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातू पंचायत के सुदूरवरती गांव गंझू टोला तिलैया में गंझू परिवार के मृतक परिजनों को सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया, परिजनों ने आपबीती बताया कि वे पिछले कई दिनों से साहेबराम गंझू 35 वर्षीय काफी बीमार चल रहे थे लंबी बीमारी के कारण उनका निधन हो गया था, परिवार के सदस्यों का आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय और कमजोर थी मृतक दैनिक मजदूरी करके अपना परिवार का जीवन यापन चलता था। कामकाज करने वाला और कोई परिवार के सदस्य नहीं हैं उनके निधन से पूरा परिजन सुख में डूबे हुए हैं सुदूरवरती इलाका में रहने के कारण मजदूरी करके पूरा घर परिवार चलता था जिसकी सूचना रामगढ़ विधायक को दूरभाष से दिया गया ।

कोयलांचल अरगड्डा के स्वतंत्रता सेनानी चुनचुन बाबू के 35वीं पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : कोयलांचल अरगड्डा के गुरुवारी बाजार स्थित बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी चुनचुन प्रसाद सिंह की 35वीं पुण्यतिथि पर आम लोगों ने स्थापित प्रतिमा पर फूलमाला पहना व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। अवसर पर सभी ने सेनानी चुनचुन बाबू के आजाद भारत के आंदोलन और देश के लिए जोखिम उठाने, विपरीत परिस्थिति में अंग्रेजों व कंपनी प्रबंधन से लड़ी लड़ाई को याद किया। अवसर सीएमयू के महामंत्री रघुनंदन राघवन, सहायक महामंत्री चंदेश्वर प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, भाजपा जिला रामगढ़ महामंत्री छोटन प्रसाद सिंह, सीएमयू कुजू क्षेत्र के सचिव जे. अंसारी, सीएमयू बरकासयाल कार्यकारी अध्यक्ष संजय यादव, सेंट्रल कमेटी सदस्य पप्पू सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता दिवाकर प्रसाद सिंह आदि उपस्थित हुए। अवसर पर मुख्य वक्ता सीएमयु के महामंत्री रघुनंदन राघवन ने कहां कि कोलफील्ड मजदूर यूनियन के प्रेरणा स्त्रोत व संस्थापक सेनानी स्वर्गीय चुनचुन प्रसाद सिंह के देश के प्रति स्नेह, आंदोलन, बलिदान को लोग हमेशा याद रखेंगे। इनके बताएं मार्ग पर चलकर देश निर्माण की निरंतर आवश्यकता हैं। इसके अलावे कई प्रतिनिधियों ने अपनी बातों को सहजता से रखा। मौके पर यूनियन इफको के महासचिव नवीन कुमार सिंह, सचिव सुनील बेदिया, भाजपा प्रतिनिधि आनंद बेदिया,आदि थे ।

अरगड्डा के सीसीएल अंतर क्षेत्रीय दो दिवसीय क्षेत्रीय कैरम व शतरंज प्रतियोगिता हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के धरती टोगी क्लब के प्रांगण में आयोजित सीसीएल के दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय कैरम व शतरंज प्रतियोगिता का समापन बुधवार संध्या को हुआ। प्रतियोगिता में सीसीएल क्षेत्र के 12 टीमों ने भाग लिया। जिसमें शतरंज व कैरम प्रतियोगियों में 98 खिलाड़ी शामिल हुए। विजेता की बात करें तो कैरम में ऑल ओवर चैंपियन विजेता मगध अम्रपाली व उपविजेता हेड क्वार्टर रांची की टीम रही। इसमें विजेता कैरम विजेता टीम में शशि मोहन महतो, देवव्रत सरकार, सूरज तिवारी, आनंद सोरेन, एस. कुमार रहे। जबकि हेड क्वार्टर उपविजेता की टीम में मोहम्मद सुल्तान, जुनैद अहमद, शशि भूषण मंडल, मनोज करमाली, प्रभात दयाल रहे। कैरम सिंगल रनर में देवव्रत बनर्जी(कथारा) सिंगल विनर शशि मोहन महतो (मगध अम्रपाली), डबल रनर में डी. बनर्जी, पीएस परवा (कथारा) डबल विनर में मोहम्मद सुल्तान, जुनैद अहमद (हेडक्वार्टर रांची) रहे। इधर शतरंज प्रतियोगिता में विजेता टीम कथारा के विष्णु कुमार महतो, सिकंदर नायक, चंदेश्वर, पीके तिवारी, ईश्वर प्रसाद रहे। जबकि उपविजेता शतरंज टीम में बीएंडके के देव कुमार एसएन सिंह ,प्रकाश कुमार, कुणाल कुमार रहे।

शोषित वंचित समाज के आवाज थे स्व मेघनाथ महतो : ममता देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : दुलमी प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने वाले तथा जनता उच्च विद्यालय के संस्थापक सदस्य व समाज के प्रति नेक सोच रखने वाले सिरु निवासी स्व मेघनाथ महतो तिसरी पुण्यतिथि सिरु में मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुर्व ममता देवी शामिल हुए। मुख्य अतिथि ममता देवी ने बताया कि सूदखोरी, महाजनी और जुल्म के खिलाफ एक लंबी लड़ाई लड़कर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले मेघनाथ महतो ने सिर्फ राजनैतिक रूप से लोगों को जागरूक किया। बल्कि क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने में इनकी भूमिका को आनेवाली पीढ़ी हमेशा याद रखेगी। वे मजलूमों के एक बुलंद आवाज और मजबूत शख्सियत के मालिक थे। अपने राजनीतिक जीवन को शुरुआत कम्युनिस्ट पार्टी से शुरू की थी और पूरे जीवन काल इसी पार्टी में समर्पित होकर समाज को आगे बढ़ाने का काम किया। वे दृढ़संकल्प के धनी व्यक्ति थे। वह आज हमलोगों के बीच नहीं हैं। बस उनकी स्मृति मात्र शेष रह गई है। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश बिष्णु कुमार चितरंजन महतो नन्दन महली राजकिशोर महतो अलीजान अंसारी विनोद ठाकुर जगेश्वर बेदिया जनार्दन मानकी महेंद्र ओहदार लिलेश्वर छोटन कुमार सपुत युगल किशोर रामप्रसाद रघुनाथ पिटु कुमार विनोद कुमार दीपक कुमार शुकलता देवी संध्या देवी आदि।

भाकपा माले के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को मांग पत्र सुपुर्द की गई

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): भाकपा-माले रामगढ़ के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया,बिगेन्द्र ठाकुर,जगलाल सोरेन,पवन गोप सहित मृतक ललन किस्कू के पुत्र रामकुमार किस्कू एवं राजेश किस्कू सात सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक रामगढ़ से मिलकर मांग पत्र आवेदन सुपुर्द करने को लेकर कार्यालय पहुंचे। कार्यालय में पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल द्वारा कार्यालय में मांग पत्र आवेदन सुपुर्द की गई है। जो इस प्रकार है ललन किस्कू के हत्यारों को गिरफ्तार करो उनके परिजनों को न्याय दो और भाकपा-माले के जयवीर हंसदा के साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट कर थाना में बंद करने वाले घाटो थाना प्रभारी को मुअतल करने के संबंध मेंकहना है कि दिनांक 9 अगस्त 2023 को ललन किस्कू शाम की बेला में सोनडीहा बैंकर से काम करके घर वापसी के समय बड़गांव चैनपुर में मनोज साव के शरीर में टच होते हुए ललन किस्कू को मारते हुए अधमरा कर सड़क में लेटा दी जाती और उसे सड़क दुर्घटना करार दिया जाता है। अंत में ईलाजरत उनकी मौत हो जाती है तब बाद में मृतक के पुत्र रामकुमार किस्कू के द्वारा दिनांक-28.08.2023 को प्राथमिकी दर्ज करते हैं ।उसके बाद इससे संबंधित 2 सितंबर 2023 को थाना प्रभारी बातचीत करने के लिए थाना में ग्रामीणों को बुलाया गया था। तब उनके रिस्तेदारों सहित ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल वार्त्तालाप करने के लिए थाना पहुंचे।

रामगढ़ पुलिस ने दो युवक को एक हथियार और 10 जिंदा कारतूस सहित कैश के साथ किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ पटेल चौक के समीप एक होटल से पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार। पकड़े गए अपराधी के पास से पुलिस ने एक पिस्टल 10 जिंदा कारतूस और 86 हजार 500 रुपए किया बरामद, रामगढ़ पुलिस की सूचना मिली थी कि किसी बड़े घटना को अंजाम देने की थी कोशिश, पुलिस ने समय रहते हुए दोनों शातिर अपराधी को किया है गिरफ्तार, पकड़े गए अपराधीयो का पुराना इतिहास भी रहा है, पूरे मामले को लेकर रामगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी बताई जा रहे हैं किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की थे फिराक में, जिसकी जानकारी पुलिस को समय रहते हो पाएगा पुलिस ने अपराधी को किया गिरफ्तार, पुलिस ने पूछताछ करने के बाद दोनों पकड़े गए अपराधी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

हेसला- सिरका सड़क से पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को पकड़ा, हो रही कार्रवाई

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): अवैध बालू ढुलाई पर मंगलवार सुबह रामगढ़ पुलिस के द्वारा सिरका- हेसला सड़क पर बेधड़क दौड़ते दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को पकड़ा गया हैं। जिन्हें थाने में ले जाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं। इस संबंध में पुलिस रामगढ़ थानेदार रोहित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नगर परिषद क्षेत्र सिरका- हेसला सड़क से दो अवैध बालू लेदे ट्रैक्टरों को पकड़ा गया हैं। जिसे थाना लाया गया हैं। बतलादें कि थाना रामगढ़ क्षेत्र के सिरका दामोदर घाट व गिद्दी थाना क्षेत्र के बुडू में रात के अंधेरे में बालू की तस्करी बेधड़क जारी हैं। जिसे साठ गाठ कर अंजाम दिया जा रहा हैं। वही रामगढ़ पुलिस के अवैध बालू के धर पकड़ की कार्रवाई के बाद बालू माफियाओं में अपरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया हैं। सूत्र बताते हैं कि अवैध बालू लदे पकड़े ट्रैक्टर एक सिरका का और एक हेसला का हैं।

अरगड्डा पुराना ऑफिस के पीछे बदमाशों ने बोला धावा, सुरक्षा कर्मी की सजकता से भागे बदमाश

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा पुराना ऑफिस के पीछे से बीते मंगलवार रात अज्ञात बदमाशों के दल के द्वारा स्क्रैप लोहे को ठिकाने लगाने का कार्य किया जा रहा था। जिसे यहां तैनात होमगार्ड जवान रघु मुंडा की सजकता से असफल किया गया। इस संबंध में सिरका सुरक्षा विभाग ने बताया कि होमगार्ड जवान की सूचना के बाद रात्रि सीसीएल पेट्रोलियम गश्ती दल उक्त स्थल पर पहुंचा। लेकिन सभी बदमाश तब तक फरार हो चुंके थे। यहां जांच के बाद ही स्क्रैप लोहे की चोरी प्रकाश में आएगी। बतादे कि बीते दिनों पुलिस के द्वारा भी यहां से कुछ युवको को इधर-उधर नशेबाजी करते पकड़ा गया था। जो मामला काफी चर्चा में हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/KODERMA/04/EE/2023-24 (2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

ग्रुप सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Construction of Remaining boundary wall UHS, at Behradih G.P- Behradih Domchanch Block under Koderma district.	2185000.00	43700.00	5000.00	03 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.09.2023 से दिनांक 03.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 06.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.10.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा के पदनाम से देय होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 306910 Rural Work Department(23-24)#D ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

कार्यालय:- जिला पशुपालन पदाधिकारी,गुमला
शास्त्री नगर, गुमला, झारखण्ड-835207
Email- ahdgmla@gmail.com

"आम सूचना"

गुमला जिलान्तर्गत "वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre जो राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, रॉची से बिना निबंधित कराए अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थे एवं वर्त्तमान में बिना Renewal के ही संस्था का संचालन कर रहे है वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre को विज्ञापन प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर पंजीकरण हेतु आवेदन कर अपनी संस्था का पंजीकरण/Renewal करवाना अनिवार्य है अन्यथा नियमानुसार उनपर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।"

जिला पशुपालन पदाधिकारी–सह–सदस्य सचिव,
PR 306837 Animal Husbandry(23-24).D जिला पशु क्रुरता निवारण समिति,गुमला

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला
कचहरी परिसर, गुमला पिन : 835207
Email ID :- rmsagumla@gmail.com

अत्यावश्यक सूचना

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर अवमाननावाद संख्या 612/2022 में दिनांक 15.12.2023 को पारित अन्तिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या–21/2016 के तहत् अनुसूचित जिलों में नियुक्ति हेतु **35 (पूर्व के काउन्सेलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थी) + 12 (नवचयनित अभ्यर्थी)** लम्बित विभिन्न विषयों के अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची मूल फोल्डर के साथ निदेशक (मा.शि.), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1286, 1287, दिनांक 27.04.2023, पत्रांक 1308 दिनांक 28.04.2023, पत्रांक 1321, 1322 दिनांक 04.05.2023, पत्रांक 1354, 1355 दिनांक 09.05.2023, पत्रांक 1013 दिनांक 31.01.2023, पत्रांक 1893 दिनांक 11.07.2023, पत्रांक 1969 दिनांक 18.07.2023 एवं पत्रांक 2368 दिनांक 23.08.2023 द्वारा प्राप्त हुई है।

उक्त के आलोक में अनुशंसित सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के पूर्व उनके शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्रों की जांच/काउन्सेलिंग हेतु **दिनांक 16.09.2023** के **पूर्वाह्न 10:00 बजे** से जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय (कचहरी परिसर, गुमला) में आयोजित की गयी है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आप अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्र मूल प्रति, दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, चार फोटो, आधार कार्ड की मूल एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उक्त निर्धारित तिथि व स्थल पर ससमय निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
PR 306870 (Jharkhand Education Project Council) 23-24 (D) गुमला।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, गुरुवार, 14 सितंबर 2023 | पेज 10

ठाकुरपोंड़ा में किशोरियों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) : कसमार प्रखंड के ठाकुरपोंडा स्थित खेल मैदान में सहयोगिनी संस्था की ओर से गर्ल्स नॉट ब्राइड तथा आशा संस्था के सहयोग से किशोरी फुटबॉल टीमों के बीच टूर्नामेंट आयोजित की गयी। इस दौरान बालिका किशोरी क्लब धधकिया ने लक्ष्मी किशोरी क्लब पोंडा को तीन गोल से पराजित कर जीत दर्ज की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि खेल के मध्यम से अब लड़कियां जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि किशोरियों के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से किशोरियों का नेतृत्व विकास कर बाल विवाह पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। टूर्नामेंट के समापन के बाद खिलाड़ियों को ट्रॉफी व अन्य उपहार देकर संस्था ने सम्मानित किया गया ।

अगस्त माह का अनाज बटवाने को लेकर अनुमंडल अधिकारी को दिया आवेदन

सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सरिया प्रखंड में अगस्त माह का अनाज लाभुकों को आवंटन के हिसाब से कम देने की शिकायत को लेकर भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सरिया अनुमंडल अधिकारी को आवेदन दिया उक्त आवेदन में जिक्र करते हुए मंडल अध्यक्ष ने लिखा है कि अगस्त माह में प्रति लाभुकों को जो अनाज मिलना था वह अभी तक नहीं मिल पाया है साथ ही साथ सितम्बर माह का अनाज भी प्रति यूनिट कम दिया जा रहा है, एक तरफ मौसम की मार यहाँ के किसान झेल रहे है सुखाड़ जैसी हालात हो गई है ऐसे मे अगर लोगो को पूरा अनाज नहीं मिल पायेगा तो लोगो के सामने भूखो मरने जैसी हालात हो जायेगी इसलिए लोगो को आवंटन के हिसाब से अनाज बटवाने की मांग की है मौके पर अमरनाथ सिंह, सांसद प्रतिनिधि (बाल विकास) रामदेव ठाकुर, प्रयाग ठाकुर उपस्थित थे।

मधुबन के समाजसेवी दीपक मेपानी का निधन, पूरे इलाके में शोक

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह ज़िले के जैन धर्मावलम्बियों का विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल सम्मेद शिखर मधुबन के समाजसेवी दीपक मेपानी उर्फ काका का बुधवार सुबह हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। 49 वर्षीय समाजसेवी दीपक नेमानी के निधन की ख़बर मिलते ही न केवल मधुबन में अपितु पूरे जिले में शोक की लहर फैल गयी है। दीपक मेपानी उर्फ काका मधुबन में जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक तपागच्छ संघ तलहटी तीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर और भवन के सचिव पद पर कार्यरत थे। उन्होंने अपने पीछे पत्नी और एक बेटी के साथ भरापूरा परिवार छोड़ गए है। गुजरात से जैन तीर्थस्थल मधुबन में आकर बसे दीपक मेपानी समाज में अहम भागीदारी निभाने वाले, जरूरतमंदों की सेवा करनेवाले, कोरोनाकाल में गांव-गांव तक स्वंय जा जाकर राशन पहुंचाने वाले, लॉकडाउन में पैदल आने वाले मजदूरों को अपनी संस्था के माध्यम से भोजन की व्यवस्था करानेवाले दीपक मेपानी उर्फ काका न केवल मधुबन में बल्कि पूरे इलाके में काफी लोकप्रिय व्यक्ति थे। उन्होंने कई गरीबों की मदद की। कइयों असाध्य रोगियों का इलाज भी करवाया। बुधवार को इनके निधन की सूचना मिलने के बाद पूरे मधुबन में शोक की लहर दौड़ गई। काका के निधन पर गुणायतन ट्रस्ट के महामंत्री अशोक जैन, एमपी अजमेरा, सुभाष जैन के अलावे जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों भाजपा, कांग्रेस के नेताओं के साथ साथ सामाजिक संस्था राष्ट्रीय कायस्थवृन्द के पदाधिकारियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं परिवार को इस आकस्मिक दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। शोक व्यक्त करने वालों में राष्ट्रीय कायस्थवृन्द के त्रिपुरारी प्रसाद बक्सी, एमके वर्मा, संजीव सिन्हा सज्जन, राजेश कुमार।

डेकोरेटर्स एसोसिएशन का 20वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न



कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद जिला डेकोरेटर्स कतरास शाखा का 20वां वार्षिक अधिवेशन बुधवार को कतरास स्वास्तिक सिनेमा स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव द्वारका तिवारी ने कहा कि डेकोरेटर्स संचालक अपने-अपने कार्य में गुणवत्ता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने संगठन पर चर्चा करते हुए कहा की संगठन मजबूत होगा तभी आप मजबूत होंगे। जिस किसी पार्टी का काम लेते हैं पूरी ईमानदारी से करें। पदाधिकारी को संगठन के प्रति जिम्मारदार होना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि 24 सितंबर को धनबाद टाउन हॉल में डेकोरेटर्स एसोसिएशन का महा अधिवेशन होने जा रहा है जिसमें 18 शाखाओं के 1700 सदस्य भाग लेंगे। अधिवेशन को सफल बनाने की अपील की है। इसी दिन डेकोरेटर्स, लाइटिंग, फ्लावर, कैटर्स का 25प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की जाएगी। मौके पर कतरास शाखा के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव संदीप साव, कोषाध्यक्ष आकाश महतो, जिला महासचिव विश्वनाथ सिंह, झारखंड प्रदेश महासचिव द्वारिका तिवारी, जिला सचिव गुड्डू साव, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, गौतम चक्रवर्ती, मो अहद, मो परवेज, साजन सरकार, संटू लाला, विकास कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, मो समसुल हक आदि उपस्थित थे।

बिजली व पानी की समस्या से हैं परेशान झरिया वासी

पानी नहीं मिलने के कारण बोतलबंद पानी पीने को हैं लोग मजबूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : पानी का कोई अप डेट, पानी नहीं चल रहा है, पानी रूक रूक कर चल रहा है, बिजली कटा हुवा है, ओ इसी कारण पानी नहीं चल रहा है, हमारे यहां आज पानी नहीं चला, जब तक वोल्व नहीं लगेगा तब तक यही होगा, तीन दिन से पानी नहीं मिला, बिल पूरा वसूलते हो तो पानी भी पूरा दो। पानी बिजली उपभोक्ता अपनी भड़ास निकालते व्हाट्सएप ग्रुप पर। झरिया के लोगो को पानी नहीं मिल रहा ये हर रोज़ की समस्या है। व्हाट्सएप ग्रुप से पता चलता है की झरिया के लोगो को कितना पानी मिल रहा है। पानी एवं बिजली की समस्या से लोग काफी परेशान हैं। हर रोज़ कहीं

ना कहीं पानी की समस्या रहती है। खास कर जामाडोबा, फुसबंगला डिगवडीह, शालीमार जगह पर पानी नहीं मिल रहा है। लोगो का कहना है की हमे लगता था की सिर्फ कुछ ही जगह पर ही पानी बिजली की समस्या है लेकिन जब से व्हाट्सएप ग्रुप बना है तो पता चला की पूरी झरिया पानी बिजली की समस्या से परेशान है। लोगो का कहना है अधिकारी चाहे तो पानी बिजली की समस्या को दूर कर सकते हैं। अधिकारी की लापरवाही के कारण लोगो को पानी एवं बिजली समय पर नहीं मिल रहा है। शुभाशीष राय ने कहा की एक बड़ी आंदोलन की ज़रुरत है। लोगो को आगे आना होगा तभी पानी बिजली की समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज भी बिजली नहीं रहने के कारण जामाडोबा, रमजानपुर, आलमनगर, बाबु बसा, जीतपुर आदि जगह पर पानी की सप्लाई नहीं हुई है जिसके कारण लोगो को पानी नहीं मिला। कारण यह है की बिजली रात्रि 1 बजे से नहीं है।

अपराधियों ने धीरज को मारी गोली, मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

बाघमारा : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत अपर मंदरा , काली मंदिर के सामने गोली चली जिसमें मंदरा के धीरज रवानी को गोली मारी गई , धीरज की मौके पर मौत हो गई। बरोरा पुलिस नंदू पाल ने अपने पुलिस फोर्स के साथ तुरंत करवाई करते हुए आरोपी टिंकू ठाकुर को देसी पिस्टल 7.6 के2 साथ पकड़ा लिया है। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। बाघमारा पुलिस, बरोरा पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए लेने आए तो ग्रामीणों एवं परिजनों ने अपर मंदरा के मुखिया प्रतिनिधि को बुलाने की बात कही कहा जबतक मुखिया शंकर बेलदार घटना स्थल पर नही आता तब शव को ले जाने नही देंगें।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : पूर्वी टुंडी में असुरबांध ग्राम के मृतक स्व दुलाल मंडल की पत्नी भादू मंडल (लाभुक नॉमिनी) को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख का चेक मुख्य अतिथि रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया रांची के प्रबंधक राजन पांडा और अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया राजेश कुमार सिन्हा के हाथों दिया गया। यह योजना भारतीय रिजर्व बैंक की परियोजना मनीवाइज वित्तिय साक्षरता केंद्र, स्वधार फिनएक्सेस द्वारा संचालित की जाती है। इस दौरान अमन दीप गुप्ता जिला परियोजना प्रबंधक (आरबीआई वित्तिय साक्षरता केंद्र) धनबाद, केशव सिन्हा शाखा प्रबंधक पोखाररिया एस.बी.आई., बबलू कुमार रवानी सीएफएल प्रभारी, जयश्री गुप्ता और सौरभ कुमार सीएफएल प्रशिक्षक पूर्वी टुंडी, राजेंद्र कुमार एफएलसी धनबाद उपस्थित रहे।

विद्यालय में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेंगाबाद : उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहियारी विद्यालय में अनियमित को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बेंगाबाद को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में सहियारी गांव के लगभग सैकड़ो ग्रामीण का हस्ताक्षर है वही ग्रामीणों ने आवेदन के आधार पर कहा है कि विद्यालय की शिक्षक के द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षक के द्वारा बच्चों को नियमित रूप से पाठ पाठक नहीं किया जाता है वहीं सब शिक्षक एक साथ बैठकर अपने निजी कार्यों में व्यस्त रहते हैं या गैप लड़ते नजर आते हैं . बच्चों को मिलने वाली मिड डे मील

भोजन मेनू के हिसाब से नहीं दिया जाता है. विद्यालय समय पर शिक्षक नहीं पहुंचते हैं वहीं समय के पूर्व ही विद्यालय को बंद करके शिक्षक चले जाते हैं इसके साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि प्रधानाध्यापक की क्रियाकलाप से पूरा विद्यालय की विद्यार्थी एवं ग्रामीण परेशान है वह केवल ऑफिस वर्क की बात कह कर कार्यालय में बैठे रहते हैं विद्यार्थी पर ध्यान नहीं देते हैं । इसको लेकर ग्रामीणों ने पंचायत जनप्रतिनिधि वार्ड, पंचायत समिति सदस्य एवं मुखिया को आवेदन सौप कर समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन विद्यालय के शिक्षक पर इसका कोई असर नहीं पड़ा अंततः ग्रामीणों ने बुधवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बेंगाबाद को ज्ञापन सौंप कर विद्यालय की अनियमितता से अवगत कराया वहीं सुधार की गुहार लगाई । ग्रामीणों ने समस्या को लेकर एक प्रतिलिपि कॉपी जिला शिक्षक अधीक्षक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बेंगाबाद को भी सोप हैं । आवेदन में बदवारा मुखिया अनिता कुमारी के साथ सैकड़ो ग्रामीणों का हस्ताक्षर है। सहियारी वार्ड प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा प्रदीप कुमार, रोहन बर्मा, जीरवा देवी, बसंती देवी, शान्ति देवी, रेखा देवी, पोखन महतो, बाजो महतो, कंचन बर्मा, कमलेश कुमार बर्मा इत्यादि सैकड़ो ग्रामीणों का हस्ताक्षर है ।

पोषण अभिमान योजना अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पोषण विषय पर बच्चों के बीच निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गिरिडीह की अध्यक्षता में पोषण अभिमान योजना अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह-2023 का आयोजन कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, गिरिडीह में आयोजित किया गया। पोषण स्तर में सुधार हुई पूरे देश में माह सितम्बर में ÷राष्ट्रीय पोषण माह÷ का आयोजन किया जाता है। उक्त के अवसर पर विद्यालय में पोषण विषय पर बच्चों के बीच निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेम्ब्रोम के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को की प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वार्डेन, सभी शिक्षिका, अनुज कु0 वर्मा, डीपीए, गनोरी - यूनिसेफ़ एन जी ओ के प्रतिनिधि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

महुदा मंडल में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

अमर शहीदों के बलिदान को कोटि-कोटि प्रमाण : शेखर

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सह भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह के अध्यक्षता में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर देश पर बलिदान हुए वीर स्वतंत्रता सेनानी देश के वीर सपूतों के सम्मान में देशव्यापी कार्यक्रम के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम महुदा मंडल क्षेत्र अंतर्गत राधानगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर धनबाद जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह एवं भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह पूरे गांव में घूम-घूम कर अमृत कलश में प्रत्येक घर से मिट्टी एवं अक्षत

संग्रहित किया। शेखर सिंह ने कहा कि सबसे पहले अमर शहीदों के बलिदान को कोटि-कोटि प्रमाण करता हूं। यह देशव्यापी कार्यक्रम मंडल में 15/10/23 तक चलेगा एवम पूरे मंडल क्षेत्र में भ्रमण कर प्रत्येक गांव से मिट्टी एवं अक्षत संग्रहित किया जायेगा। इस माटी से दिल्ली में अमृत वाटिका को सुशोभित कर देश के लिए बलिदान हुए सभी वीर सपूतों को हमेशा के लिए याद रखा जाएगा।

समस्तीपुर मंडल में सघन टिकट जांच अभियान

12 सितंबर को बिना टिकट यात्रा के 4045 मामलों से रु.31.26 लाख का रेल राजस्व हुआ प्राप्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : समस्तीपुर मंडल द्वारा बिना टिकटध्उचित प्राधिकार की यात्रा पर रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाये जा रहे हैं ताकि बिना टिकटध्उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों को निरूत्साहित किया जा सके। इसी क्रम में दिनांक 12.09.2023 को समस्तीपुर मंडल के विभिन्न खण्डों पर सुबह 6.00 बजे से रात्रि 22.00 बजे तक 16 घंटे तक किला बंदी विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया ।

इस दौरान अधिकारियों की अलग. अलग टीम जिसमे लगभग 170 टिकट जाँचकर्मी एवं RPF आरपीएफ जवान शामिल थे। स्टेशन एवं ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया जिसमें बिना टिकटध्बिना उचित प्राधिकार के कुल 4045 मामलों से जुर्माने के रूप में रु.31.26 लाख की राशि प्राप्त हुई। इस अभियान के दौरान मंडल के समस्तीपुरए दरभंगाए सहरसाए रक्सौलए नरकटियागंजए बापूधाम मोतिहारीए जयनगरए सीतामढ़ी आदि स्टेशनों पर मुख्य रूप से टिकट जांच किया गया था।

फुटपाथ दुकानदारों के आमरण अनसन को विधायक ने कराया समाप्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रोजी रोटी रोजगार समिति फुटपाथ दुकानदार संघ के बैनर तले आरपीएफ के रवैया से परेशान होकर आमरण अनसन पर बैठे दुकानदारों के बुलावे पर पहुंचे धनबाद विधायक राज सिन्हा। उन्होने प्रशासनिक पदाधिकारीयों से बात कर अनसन स्थल पर बुलाया और दुकानदारों की समस्या से अवगत कराया। एसडीओ व सीओ द्वारा मिले सकारात्मक आश्वासन के बाद धनबाद विधायक राज सिन्हा नें रामनाथ सिंह और साथ में बैठे सभी फुटपाथ दुकानदारों को जूस पिलाकार भूख अनसन समाप्त कराया। समस्या का समाधान ना होने पर खुद भी दुकानदार भाइयों के साथ रोड पर उतरने की बात कही।

नगर स्तरीय कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में नगर आयुक्त के सभागार में आज नगर स्तरीय कोआर्डिनेशन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों, यूपीएचसी, अटल क्लिनिक केन्द्रों में परिवार नियोजन की सेवा शुरू करने तथा सभी स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने, बुजुर्ग स्वास्थ्य कैंप एवं तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को अटल क्लिनिक एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करने का निर्णय लिया गया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि अटल

क्लिनिक और अर्बन स्वास्थ्य केन्द्रों की सफाई में नगर निगम सहायता करेगा। सभी जगह से जमा पानी को हटाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करेगा। लोगों को जागरूक करने के लिए सभी योजनाओं से संबंधित ऑडियो क्लिप उपलब्ध कराये गए। नगर निगम कचरा वाला गाड़ी में उस ऑडियो क्लिप को चलायेगी। वहीं मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के समन्वय से प्रचार प्रसार किया जायेगा। डॉ संजीव कुमार जिला आरसीएच पदाधिकारी और डॉ ऋषभ कुमार ने बताया कि यह बैठक सिटी अर्बन हेल्थ को विकसित करने का अच्छा अवसर है। सभी विभागों को इसमें सहयोग करना होगा तभी अच्छी शहरी स्वास्थ्य की कल्पना कर सकते है। बैठक में नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार के अलावा डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, आईएमए सचिव डॉ चन्दन कुमार, डॉ गायत्री, बाघमारा, झरिया और धनबाद के सीडीपीओ, धनबाद, झरिया, बाघमारा के एमओआइसई, सभी यूपीएचसी के स्वास्थ्य पदाधिकारी, बिनय कुमार यादव, गौतम, रमेश कुमार, पीएसआई इंडिया से प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : भूलन बरारी के डुमरियाटांड़ बस्ती में मलेरिया एवं डेंगू जैसी खतरनाक संक्रामक बीमारियों के बढ़ते सम्भावित खतरों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग कि टीम ने बुधवार को जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों कि स्वास्थ कि जांच की। मालूम हो कि इन दिनों डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी कि आहट से तथा उसके प्रकोप से झरिया अंचल में कई लोगों के पीड़ित होने कि खबर से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पिछले दिन से

डुमरियाटांड़ में लगभग आधा दर्जन लोग तेज बुखार से प्रभावित हैं जिसमें एक मरीज पहले से कई बीमारी से ग्रसित थे। इस दौरान उसकी मौत हो जाने से क्षेत्र के लोगों में डेंगू कि आहट को लेकर हड़कंप मच गया। लोगों द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संक्रमण कि रोकथाम को आवश्यक कदम उठाने कि लगातार मांग कि जाने लगी। इसी क्रम में चासनाला, जोड़ापोखर स्वास्थ्य केंद्र की डेंगू सबलेन्स के इन्द्र कुमार, राहुल कुमार, सत्य नारायण महतो कि टीम ने बस्ती का दौरा कर घर घर जाकर स्वास्थ परीक्षण कर लोगो को स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी दिया। इस दौरान कई लोगों को बुखार से पीड़ित पाये जाने पर पीड़ितों को बेहतर इलाज के लिये स्वास्थ्य केन्द्र आने का सलाह दिया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, गुरूवार, 14 सितंबर 2023 | पेज 11

सुदर्शन भगत ने केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री को लिखा पत्र

अपने पूरे संसदीय क्षेत्रो में संचालित आयुष्मान योजना के चारों चरणों करवाने का किया आग्रह

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारत सरकार द्वारा जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जो कि आयुष्मान भारत के नाम से प्रचलित है, की अपने संसदीय क्षेत्र में उपयोगिता और महत्व को ध्यान में रखते हुए, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सुदर्शन भगत द्वारा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख भाई मंडवीय को पत्र लिखकर अपने पूरे संसदीय क्षेत्र के सभी प्रखंडों में भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान योजना के चारों चरणों करवाने हेतु आग्रह किया गया। एक संवेदनशील जन प्रतिनिधि होने के कारण सुदर्शन भगत यह समझते हैं कि उनके संसदीय क्षेत्र में सभी का आयुष्मान कार्ड बनने से लोगों को बहुत सुविधा होने वाली है। अतः

पत्र में श्री भगत द्वारा मंत्री जी को संबोधित करते हुए लिखा गया कि कृपया आपके द्वारा गत दिनांक 1, सितंबर, 2023 को लिखित पत्र संख्या D.O.Z.15015/40/2023-NHM-I-Part(3) का संदर्भ ग्रहण करें। जिसमें आपके द्वारा सभी सांसद साथियों को सेवा पखवाड़ा महा अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयुष्मान भवः पहल में देश के अधिकतम लोगों को आयुष्मान योजना से जोड़ने का विस्तृत उल्लेख किया गया है। इस महाअभियान में चारों क्रमों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया है । आदरणीय महोदय, सर्वप्रथम मैं आपके मंत्रालय द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की मैं भरपूर सराहना करता हूँ, स्वागत करता हूँ । एवं इस पत्र के माध्यम से आपसे निवेदन करता हूँ कि आयुष्मान भवः नामक पहले के चारों क्रमों की मेरे संसदीय क्षेत्र में महती आवश्यकता है । महोदय जी, मेरा संसदीय क्षेत्र ग्रामीण अञ्चल वाला, जनजातीय बहुल क्षेत्र हैं। यहाँ अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं का आभाव है,अतः आयुष्मान कार्ड अधिकतम लोगों का बनना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उसके सदुपयोग की पर्याप्त जानकारी होना अत्यंत जरूरी है। मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है,मेरे संसदीय क्षेत्र के गुमला एवं लोहरदगा जिले सहित रांची जिले के मांडर विधानसभा के सभी प्रखंडों मे इस महा अभियान की सघन उपस्थति सुनिश्चित करने की कृपा करें। तभी इसके क्रियान्वयन से अधिकतम लोग लाभान्वित हो सकेंगे। कृत कार्यवाही से मेरे कार्यालय को अवगत करवाने हेतु संबंधित को दिशानिर्देश जारी करने की कृपा करें। अतः भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लिए गए कार्यक्रम के निमित चार चरण होंगे जिनमें क्रमशः आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम/वार्ड एवं आयुष्मान मेला करवाए जाने का प्रावधान है । यह सब प्रक्रिया होने से समस्त क्षेत्रवासी आयुष्मान योजना का लाभ के सकेंगे।

नवचयनित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में वार्ड सदस्यों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का प्रथम चरण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड क्षेत्र के 4 पंचायत झलजमीरा, चितरी डाँडू, उगरा,सेरेंगहातु तोड़ार से 52 वार्ड सदस्य उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा के द्वारा वार्ड सदस्यों का कार्य व अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया था। तथा सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण का महत्व तथा पंचायत के विकास में वार्ड सदस्यों की भूमिका को बताया गया। वही तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सभी वार्ड सदस्यों को नियमित भाग लेकर प्रशिक्षण का लाभ उठाया। गुरुव से द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक शिविर आयोजित किया जायेगा। वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण मिलने से पंचायतों का सर्वांगीण विकास होगा। प्रशिक्षक के लिये प्रदान संस्था से चयनित मास्टर ट्रेनर गोल्डन राज, रामस्वारथ महतो और विनीता टोप्पो द्वारा मॉड्यूल के अनुसार निर्धारित सत्र-वार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें वार्ड सदस्यों से उनका अपेक्षा समझा कर वार्ड सदस्यों का पंचायत में भूमिका, ग्राम पंचायत नियमावली और ग्राम सभा से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में अलग-अलग सत्र के दौरान वीडियो तथा रोल प्ले के माध्यम से पूरा प्रशिक्षण कार्यक्रम को दिखाया और बताया गया।

कैरो के गजनी मे जमीन विवाद को लेकर घटी मारपीट की घटना, शिकायत पर थाना मे मामला दर्ज

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत ग्राम गजनी निवासी मोती साहू ने कैरो थाना मे 12 सितंबर मंगलवार को गाँव के ही 02 लोगों के खिलाफ शिकायत आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है। इस संबंध मे कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि गजनी निवासी मोती साहू ने शिकायत आवेदन के मध्यम से कहा है कि, मै दिनांक 11 सितंबर को शाम 05 बजे अपने घर से दुकान जा रहे थे, तभी गाँव के ही निवासी प्रेम उराँव व माधो उराँव पिता तिला उराँव आये और बोले गोन्दा बगीचा मे जो जमीन लिये हो उसे नही तो जान से मार देंगे इतना ही कहकर दोनो व्यक्ति रड व डन्टा से मारपीट करने लगे जिसे मुझे माथा मे गम्भीर चोटें आयी हैं। मामले पर मोती साव के द्वारा दिया गया शिकायत आवेदन पर कैरो थाना मे काण्ड संख्या 39/23 दिनांक 12-09-23 को भा0द0वि0 341, 323, 506/34 के तहत मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की करवाई मे जुट गई है।

अविराम के द्वारा महिला सशक्तिकरण पर टिको में चलाया गया जागरूकता अभियान

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): अविराम कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन टिको कुडू मे प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी के मार्गदर्शन मे अविराम के प्रशिक्षुओं द्वारा महिलाओं को सशक्त करने हेतु घरेलू हिंसा दहेज प्रथा या महिला उत्पीड़न पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतीकरण दी गई जिसके द्वारा गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में अविराम के छात्र-छात्राएं राहत रिया, नेहा, अर्पण, पंकज,और उनके साथियों के द्वारा प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें के ग्रामीणों में अनीता देवी, पुष्पा उराव, फूलमती उरांव, सुषमा उराव, प्रेम उरांव इत्यादि ने अपनी भागीदारी के द्वारा प्रशिक्षुओं का मनोबल बढ़ाया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व लिंग संवेदीकरण सेल की प्रभारी रितु मुक्ता और अर्चना द्वारा किया गया।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर भाजपा आगामी 21 सितंबर को करेगी बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद के नेतृत्व में चल रहे देशव्यापी कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश अभियान एवं आगामी कार्यक्रम 21 सितम्बर को राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी के संकल्प यात्रा के निमित्त सलडेगा बूथ नम्बर 155 में बैठक कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में नगर मंडल से नगर वासी शामिल होंगें। इसके लिए योजना बनाई गई मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मेरा माटी मेरा देश के जिला सयोंजक संजय ठाकुर ने कहा कि 25 से 28 सितम्बर तक राज्य के सभी 263 ब्लॉक से आए अमृत कलश को प्रदेश मुख्यालय में सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कर दिल्ली भेजना है। अमृत कलशों में लाई गई मिट्टी के कर्तव्य पथ शहीदों के सम्मान में बनने वाली अमृत वाटिका में

समर्पित की जाएगी । इस अवशर पर प्रधानमंत्री देश के भर से आए स्वयंसेवक को संबोधित करेंगे। जिला के सह सयोंजक प्रभारी रामविलास बड़ाईक ने कहा कि प्रत्येक गांव में हर घर से मिट्टी संग्रह के साथ प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका निर्माण, शहीदों के गांव एवं विद्यालय में शिला पलक लगवाना तथा गांव स्तर पर पंच प्रण की प्रतिज्ञा सामुहिक कराना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। नगर मंडल प्रभारी तुलसी साहू ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम नगर के सभी वार्डो पर चले साथ ही साथ संकल्प यात्रा में नगर मंडल की भागीदारी पूरे सिमडेगा विधानसभा में बढ़-चढ़ कर हो इसके लिए नगर वासियों को आमंत्रण करें और बाबूलाल जी का संकल्प यात्रा ऐतेहासिक हो इसकी योजना बनाई गई नगर मंडल में संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है शिशु मंदिर स्कूल में प्रधानाध्यापक राजेन्द्र साहू के अगुवाई में मिट्टी संग्रह के साथ शिला पलक लगाया गया।

कैरो से जिला शांति समिति के सदस्यो ने जिले के 32 वें एसपी से किया परिसदन मे मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 12 सितबंर मंगलवार को जिले के 32 वें पुलिस अधीक्षक हारिस विन जमा से कैरो थाना क्षेत्र से जिला शांति समिति सद्स्य नजीर आलम खान, शरत कुमार विद्यार्थी, व सुरज मोहन साहू ने देर शाम लोहरदगा परिसदन मे कीया मुलाक़ात। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यो के द्वारा जिले के 32 वे एसपी हारिस विन जमा को बुके देकर उन्हें जिले मे सू-स्वागतम के साथ शांति व्वस्था बनाये रखने मे सहयोग करने की बात उपस्थित कैरो समिति सदस्यो ने किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने समिति सदस्यो से कहा कि आपलोग जनता से जुड़े रहने वाले लोग हैं, आप सभी

आम जनता, राहगिरो को सड़क सुरक्षा के नियमो को बताएँ एवं नियमो का पालन करते हुए दो-पहिया वाहन सवार हेलमेट एवं चौपहिया वाले सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें जिससे की दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 02 लोगों की झगड़ा को 02 धर्मो की झगड़ा बनाकर सौहार्द बिगाड़ने वालो के खिलाफ करवाई की जायेगी, साथ ही शोसल मिडिया पर आपतिजनक पोस्ट, बाहर से आकर जिले मे साम्प्रदायिक तनाव व समाजिक समरसता विगाड़ने वालों लोगों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने निवर्तमान पुलिस अधीक्षक आर0 रामकुमार के द्वारा जिले मे शांति-सौहार्द के निमित सद्भावना दूत के कार्यो कि सराहना करते हुए कहा कि आनेवाले दिनों में नशा-मुक्त समाज निर्माण के लिये भी पुलिस के द्वारा मुहिम चलाई जायेगी।

आर्म्स एक्ट का आरोपी के घर स्थानीय पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): आर्म्स एक्ट के आरोप पर व्यवहार न्यायालय गुमला से जारी इश्तेहार के आलोक में सेन्हा पुलिस द्वारा गढ़गांव स्थित आरोपी के घर में इश्तेहार चिपकाया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदवा गढ़गांव निवासी गंदुर उराँव के पुत्र अमित उराँव के घर इश्तिहार चिपका कर सेन्हा थाना पुलिस ने आत्मसमर्पण के लिये चेतावनी दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया की घाघरा थाना कांड संख्या 101/22 धारा 25 (1-बी) ए 26 35 आर्म्स एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त अमित उराँव लम्बे समय से फरार चल रहा है। जिसके विरुद्ध व्यवहार न्यायालय गुमला में मामला लंबित है। साथ ही उन्होंने कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदवा गढ़गांव निवासी गंदुर उराँव के पुत्र अमित उराँव के घर इश्तेहार तामीला के लिए शस्त्र बल के साथ पहुंचा तो आर्म्स एक्ट में संलिप्त आरोपी को फरारा पाया जिसके उपरांत घर के दीवार पर इश्तेहार चिपका कर आत्मसमपर्ण करवाने के लिये परिजनों को निर्देश दिया गया।

खेलो झारखंड के तहत कैरो में प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 12 सितंबर मंगलवार को खेलो झारखंड के तहत डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय मे अंडर 19 आयु वर्ग बालक-बालिका का प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया। उक्त समापन खेल प्रतियोगिता मे प्रखंड के उच्च विद्यालय एवं झारखंड आवासीय विद्यालय के बालिकाओं ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता मे 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, एवं 1500 मीटर दौड़ मे बालक बालिकाओं ने भाग लिया, इसके साथ ही उंची कुद, लम्बी कुद, गोला फेंक, रिले रेश, वालीवाल, खो-खो, कबड्डी आदि खेल का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे सभी बिजयी खिलाड़ियों को प्रससती पत्र, व मेडल देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गयी। उक्त समापन खेल प्रतियोगिता का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश रंजन ने किया। इस अवसर पर खेल शिक्षक राजेश साहू, शिक्षक जितेन्द्र भुषण, पवन भगत, सुनील पन्ना, ताज मौहम्मद, विजय झा, इत्यादि शिक्षक के अलावा अनेको खिलाड़ी, प्रतिभागी कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में मेरी माटी मेरे देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : बुधवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में सदर प्रखंड अंतगर्त बराटपुर गांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त बूथ नं 209 से मिट्टी संग्रह किया गया। मौकेए पर लाल नलल नाथ शाहदेव भी शामिल रहे। मिट्टी सग्रंह के दौरान मनीर उराँव ने ग्रामीणों को बताया कि मेरी माटी मेरे देश' अभियान की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है। इस अभियान की शुरुआत भारत छोड़ो अभियान की वर्षगांठ के दिन से की गई है। 'मेरी माटी मेरे देश' अभियान के अंतर्गत भारत के अलग-अलग राज्यों से अलग-अलग ग्रामों से 7500 कलशो में मिट्टी लाई जाएगी। इस मिट्टी का उपयोग दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनी अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली में एक शीलाफलकम स्थापित की जाएगी। इस पर देश के शहीदों का नाम अंकित होगा। इसमें हमसभी का योगदान अपनी माटी को देकर गौरव का एहसास होता है। हमसभी को ऐसे अवसरों में स्वयं आगे आकर योगदान देनी है और लोग दे भी रहे हैं। कार्यक्रम में विगल मुंडा, अजय मुंडा, राजेश मुंडा, संजय उरांव, संदीप उरांव, अघना मुंडा, सुकरात उरांव, सुबोधनी देवी, बंसती मुंडा, हीरा देवी, सूरजमनी देवी, सुजता मुंडा, सनिचरवा मुंडा, अनिता उरांव एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

सेंट जेवियर कॉलेज में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सेंट जेवियर कॉलेज सिमडेगा के वाणिज्य विभाग सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में वाणिज्य विभाग के सभी सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया और सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों भव्य तरीके से स्वागत किया और उन्हें विदाई दिया। वही वाणिज्य विभाग के सभी शिक्षकों के द्वारा सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की सेमेस्टर 2 और सेमेस्टर 4 के विद्यार्थियों के द्वारा सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों के लिए कुछ खेल और डांस (नृत्य)का प्रोग्राम का आयोजन करते हुए उन्हें विदाई दिया वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ गौरव श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई दिया और उन्होंने कहा कि वाणिज्य विभाग के सेमेस्टर 6 के बच्चों ने इस कॉलेज का बहुत मान सम्मान बढ़ाया है साथ ही सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिया गया।

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –10/2023–24

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 29.9.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 30.9.2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 30.9.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

क्र0	कार्य का नाम	प्रा० राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु० में)	परिमाण वि० का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Supply, fitting & fixing of Instant Geyser, replacement of old and damaged sanitary items and other allied works at M.L.A Bunglow, Minister Bunglow, Officers Bunglow and other Govt. pool quarters of Doranda, under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1715869.00	34400.00	5000.00	30 Days
2.	Repairing and overhauling of 2000 LPH Iron cum Turbidity Removal filtration plant, Carbon Filter Plant with multiple valve, & necessary water supply pipe line and its allied work at Minister Residence F-Type Forest Bunglow no.-1 Doranda, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi	672970.00	13500.00	1250.00	15 Days
3.	Repairing of damaged sewer line water supply and replacement of old damaged sanitary fittings and other allied works at officer's Flat Nepal House, Miscut Maidan, Sachiwalay colony Hinoo and other Govt. Pool Qtr. under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1049667.00	21000.00	2500.00	15 Days
4.	Provision Gardening, Plant, Cement Gamla and its allied works at Forest Bungalow No-1, (Bunglow of Hon'ble Minister, D.W.& S.Department) of Jharkhand under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1101798.00	22100.00	2500.00	15 Days
5.	Provision of water supply by construction of 1No. HYDT with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Fire Station Dhurwa (C.T.I.) Ranchi Under D. W. & S. Division,Ranchi East Ranchi.	803537.00	16100.00	1250.00	15 Days
6.	Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Mess No-02 Jharkhand Police Academy Hazaribagh under D.W & S. Division, Ranchi East, Ranchi. (Part-B)	1847383.00	37000.00	5000.00	30 Days
7.	Renovation of toilet cum bathroom and improvement of water supply with replacement of sanitary fitting and sewrage work at qtr No.- D/15/18 Nepal House D/5, B/7 behind Indra palace Hinoo and others High court pool quarters under DW&S Division, Ranchi East Ranchi	1241192.00	24900.00	2500.00	15Days
8.	Improvement of water supply, sewerage work, changing of rusted G.I. pipe line out side of main building and repairing of fountain and other allied at Judges Quarter No.-02 (near A.G. more) doranda work under D.W.&S. Division Ranchi East Ranchi	1927180.00	38600.00	5000.00	30 Days
9.	Supplying all materials and labours for cleaning of sump,P.V.C tank and other allied work of Judges Bungalow Behind Indira Palace and other High Court pool Quarter under D.W.&S Division Ranchi East Ranchi.	874271.00	17500.00	1250.00	15 Days
10.	Renovation of 4 toilet cum bathroom replacement of sanitary fittings and other allied work at Judges Quarter No.- 02(near A.G. more) doranda under D.W.&S Division, Ranchi East, Ranchi.	2492720.00	49900.00	5000.00	30 Days
11.	Provision of water supply by construction of 1No. 125mm x 115mm x 120M deep D/T with Installation of 1.00 H. P. Submersible Pump Motor Its allied works at The Principal Secratory Residence, Governor of Jharkhand, Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	323874.00	6500.00	750.00	15 Days
12.	Supplying all materials and labours for cleaning of sump R.C.C overhead water tank,construction of drain repairing of near pump house P.C.C work at nepal house Sachiwalaya under D.W&S Division Ranchi East Ranchi.	1145523.00	23000.00	2500.00	15 Days
13.	Renovation of Kichen cum Store room, With allied Work at D.S.P.& Office's Residence I.R.B.-01 Jamtara, Jharkhand Under D.W.&S Division Ranchi East Ranchi.	669525.00	13400.00	1250.00	15 Days
14.	Seepage repair and renovation of toilet cum Bath room, improvement of W/S,S/I & sewerage work at MLA Residence Room No. 64, 65, 66 and others H.E.C. campus under Jharkhand Vidhan Sabha, Dhurwa,Ranchi.	718877.00	14400.00	1250.00	15 Days
15.	Seepage repair & renovation of toilet and bath room, improvement of W/S, Sanitary fittings, Sewerage Work at Quarter No. B-1193, B-2045, B-2247, B-2775, A-243 of Sector-II and A-135 of Sector-III and others Jharkhand Vidhan Sabha pool quarters, HEC Campus , Dhurwa, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1197646.00	24000.00	2500.00	15 Days

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 306875 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची।

वीरांगनाओं व पूर्व सैनिकों के सहयोग व सम्मान में नहीं होगी कोई कमी : विधायक भूषण बाड़ा

➲शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की पुण्यतिथि पर विधायक, डीसी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा हलवई नदी के सामने स्थित शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की पुण्यतिथि मनाई गई। भूतपूर्व सैनिक संगठन वेटरन्स इंडिया जिला कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और उपयुक्त अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर विधायक, डीसी सहित एसडीओ महेंद्र कुमार, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, सीओ सह बीडीओ प्रताप मिंज ने शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उनके बीरता को याद किया गया। साथ ही शहीद के पिता करलुस किड़ो को भी सम्मानित किया गया। वहीं करलुस को पेंशन बनवाने में ही रही

समस्याओं का भी निदान करने का आश्वासन विधायक व डीसी ने दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की बीरता हमें गौरवांवित करता है। इन्होंने नौकरी के महज तीन साल में ही अपनी अदम्य साहस, बहादुरी और बीरता का प्रदर्शन किया। देश की आन, बान व शान के लिए अपनी शहादत दी। इनके गांव तक सड़क काफी जर्जर हुआ करता था। अब गांव तक कालीकरण पथ का निर्माण हो चुका है। जब शहीद की मां जब अस्पताल में भर्ती थी तब सरकार से मिलकर उनके इलाज हेतु लगभग दस लाख रुपये की मदद दिलाई गई थी। आज करलुस को पेंशन नहीं मिल रहा है। इसका भी जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी धरती वीरों की धरती रही है। देश की रक्षा के लिए हमारे वीर जवानों ने सेना में नौकरी करते हुए उम्दा प्रदर्शन किया है। हमारे जिले के युवाओं की पहली पसंद आज भी सेना में ही नौकरी करने की रहती है। इससे साफ पता चलता कि हमारे जिले के युवाओं में मां भारती की रक्षा के लिए हमेशा पहले पायदान में खड़े रहना चाहते हैं। ऐसे वीर सैनिको को सम्मान देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वीर सैनिकों के कार्य को, उनकी समस्याओं का निदान कराने में पहली प्राथमिकता दी जाय। उन्होंने कहा कि वीरांगनाओं एवं पूर्व सैनिकों के सहयोग के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं रखेंगे। मौके वेटरन्स इंडिया के जिलाध्यक्ष बिष्णु महतो सहित सभी सदस्य व अन्य उपस्थित थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्चुअल माध्यम से आयुष्मान भवः अभियान का किया शुभारंभ

सांसद प्रतिनिधि, सिविल सर्जन समेत अन्य कर्मियों ने लिया टीबी मरीजों को गोद

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा आज बुधवार को वर्चुअल माध्यम से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ किया गया। लोहरदगा जिला में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता के नेतृत्व में लोहरदगा जिला के पदाधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के बारे में जिला के सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इस अभियान का उदेश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। प्रथम चरण में योग्य लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा जिसमें सहिया, एएनएम और स्वास्थ्य पदाधिकारियों को लगाया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में आयुष्मान मेला आयोजित किया जाएगा। तीसरे चरण में 2 अक्टूबर को लोगों के बीच जाकर आयुष्मान सभाएं की जाएंगी। टीबी के मरीजों को गोद लिये जाने के लिए सक्षम लोगों को जागरूक किया जाएगा। लोगों को जागरूक किया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल और सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने आज के कार्यक्रम में टीबी के दो-दो मरोजों को गोद लिया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

निवेशकों को आमंत्रित करने लंदन जाएंगे मुख्यमंत्री धामी

देहरादून : उत्तराखंड को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए दिसंबर में प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लंदन जाएंगे। इसके लिए लंदन में 25 से 28 सितंबर तक पहला रोड शो होगा। शासन की जानकारी के अनुसार सचिव मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, डीजी इंडस्ट्री रोहित मीणा डीजी सूचना बंशीधर तिवारी भी सीएम धामी के साथ लंदन जाएंगे। लदन में रोड शो के बाद 16 से 20 अक्टूबर तक दुबई और आबूधाबी में भी रोड शो होंगे। इस बाबत मुख्यमंत्री धामी ने बुधवार को बताया कि प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए प्रदेश सरकार ने 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। इसे हासिल करने के लिए समिट से पहले लगभग 25 हजार करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे पहाड़ों में रोजगार के साधन बढ़ने से पलायन भी रुकेगा।

पूर्व मेयर आशा लकड़ा ने किया जलसा सीजन एक महिला उद्यमियो के लिए एक पहल का उद्घाटन

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रख्यात फैशन डिजाइनर हनी मीढा सिन्हा द्वारा 13 सितंबर से 15 सितंबर तक अप्पर बाजार स्थित महाराज अग्रसेन भवन महाराज अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय जलसा सीजन 1 प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री एवं रांची की पूर्व में श्रीमती आशा लकड़ा जी के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी की जितनी सराहना की जाए कम है। एक छत के नीचे महिला उद्यमियों और उनके हुनर को देख कर बहुत खुशी हो रही हैं।महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह पहल काफी सराहनीय है।महिलाओं का सशक्तिकरण हमारे समाज के विकास का आधार है और उनके नेतृत्व विशेष रूप से जमीन स्तर पर हमारे समावेशी और दीर्घकालिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। आयोजनकर्ता श्रीमती हनी मिड्ढा सिन्हा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनके व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए जलसा का शुभारंभ किया जा रहा है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह एक पहल है। हर वर्ग की महिलाएं यहां अपने प्रतिभा को उजागर कर रही है। दुर्गा पूजा, दिवाली के साथ अन्य त्यौहार नजदीक आ रहे हैं, इसके मद्देनजर महिलाओं से जुड़ा हर प्रकार का सामान यहां उपलब्ध कराया गया है, ताकि वे एक स्थान पर ही खरीदारी कर सके।

यूएनजीए अध्यक्ष ने की भारत की प्रशंसा

*** जी-20 घोषणापत्र को बताया मोदी व उनकी टीम की कूटनीतिक दक्षता का प्रमाण**

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र : जी 20 घोषणापत्र की दुनिया के अलग-अलग देशों ने खुली प्रशंसा की है। इस कड़ी में अब संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस भी शामिल हो गए हैं। डेनिस फ्रांसिस का कहना है कि जी-20 घोषणापत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी टीम की कूटनीतिक दक्षता का प्रमाण है। फ्रांसिस ने जी-20 शिखर सम्मेलन के भव्य आयोजन और इस सम्मेलन से निकले नतीजों के लिए भारत को बधाई दी है। इसी माह 78वें सत्र के लिए 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र निकाय के अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने वाले डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि जी 20 के साझा बयान में कहा गया है कि हमें एकजुटता और सहयोग बनाए रखने की जरूर है। साथ ही हमें अपने समक्ष उत्पन्न चुनौतियों से निबटने के लिए एक दृष्टिकोण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह नरेन्द्र मोदी और उनकी टीम की दक्षता का प्रमाण है कि साझा बयान जारी करने के दौरान वे जी 20 को एकमत रखने में पूरी तरह से सक्षम थे। उल्लेखनीय है कि भारत ने 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान सहित सदस्य देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने हिस्सा लिया। हालांकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एवं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्वयं इसमें शामिल होने की बजाय अपने प्रतिनिधियों को भेजा। इस सम्मेलन की अहम बात यह थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर साझा बयान पर सभी सदस्य देशों ने सहमति जताते हुए घोषणापत्र की प्रशंसा की।

रांची जेल में बंद युवक का हत्या या की आत्महत्या, सवाल के घेरे जेल अधीक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची जेल में बंद रहमतुल्ला अंसारी की मौत के बाद उसके परिजनों ने जेल प्रशासन की लापरवाही पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

परिजनों का कहना है की रहमतुल्लाह अंसारी बिते चार महीना पूर्व चोरी के मामले में जेल गया था । अचानक बुधवार को परिजनों को यह बताया गया की रहमतुल्लाह अंसारी जेल में अपना गला काट लिया ।

आत्महत्या का प्रयास किया था , जिसे खनन फानन में मंगलवार की शाम रिम्स में भर्ती कराया था। जबकि परिजनों का आरोप है कि यह सरासर झूठ बात है, साजिश के तहत रहमतुल्लाह की हत्या की गई है और पुलिस मामले को दबाने के लिए बुधवार को 12ः00 बजे इसकी सूचना दी है, जबकि घटना मंगलवार शाम करीब सात बजे ही हो चुकी थी।

इस पूरे मामले की जानकारी लेने के लिए रांची जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को कई बार फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया और ना ही इस मामले पर जवाब दिया ।

खबर लिखे जाने तक घटना के पूरे मामला स्पष्ट नहीं हो सका कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

हालांकि इससे पहले भी पुराने वाले रांची बिरसा जेल में करीब 90 के दशक में भोमा सिंह नामक अपराधी की जेल में ही हत्या कर दी गई थी।

योगी ने विपक्ष पर कसा तंज, कहा- कई लोग हैं, जिन्हें राम-कृष्ण की परंपरा अच्छी नहीं लगती

एजेंसी

इंदौर : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में ऐसे कई लोग हैं, जो भारत और भारत की विरासत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें राम और कृष्ण की परंपरा अच्छी नहीं लगती। ऐसे लोग विदेशी हुकूमत को आज भी अपना आका मानते हैं। ऐसे विचार के लिए भारत में जगह नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को इंदौर में शिवाजी वाटिका में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के मिशन को ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की 350वीं वर्षगांठ मनाने की शुरुआत इंदौर ने ही की है। मुझे यकीन है कि इसकी गूंज कन्याकुमारी से कश्मीर तक जाएगी। उस समय के सबसे क्रूर मुगल शासक को चुनौती देने वाले शिवाजी महाराज को आज भी श्रद्धा और सम्मान से याद किया जाता है। लोक कल्याण का विकास, राष्ट्रवाद के भगवा को उन्होंने ऊंचाइयों तक पहुंचाया था। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को दोपहर में इंदौर पहुंचे थे। वे एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से सीधे उज्जैन पहुंचे और भगवान महाकाल के दर्शन किए। वे उज्जैन में भर्तृहरि की गुफा भी गए और वहां दर्शन करने के बाद इंदौर लौट आए। यहां उन्होंने राजबाड़ा स्थित देवी अहिल्या प्रतिमा पर नमन कर माल्यार्पण किया। फिर वे नाथ मंदिर पहुंचे और ध्वज स्तंभ का अनावरण किया। इसके बाद योगी बीआरटीएस स्थित शिवाजी वाटिका में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्वच्छता और स्मार्ट सिटी में नंबर आने पर बधाई दी। कार्यक्रम में उन्होंने उप्र के कवि भूषण की कविता का उल्लेख करते हुए कहा, दावा द्रुम दंड पर, चीता मृगझुंड पर,भूषन वितुंड पर, जैसे मृगराज हैं।

सनातन धर्म के विरोध पर कांग्रेस नेताओं की चुप्पी उठाती है कई सवाल : भाजपा

एजेंसी

चंडीगढ़ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा है कि उदयनिधि स्टालिन के बयान पर कांग्रेस पार्टी की चुप्पी अपने आप में बहुत कुछ कहती है। हरियाणा कांग्रेस के बड़े नेता, सुरजेवाला, भूपेंद्र हुड्डा, दीपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा आदि में से किसी ने भी इसकी निन्दा नहीं की और एक शब्द भी नहीं कहा। इससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी का जो पुराना विचार है कि किस प्रकार से तुष्टीकरण हो और हिंदुओं और उसकी विचारधारा पर, सनातन धर्म पर अटैक होते रहे।

इसलिए लोगों को इस विषय पर सजग होना पड़ेगा। धनखड़ ने बुधवार को यहां एक बयान जारी कर कहा कि इस प्रकार की सोच के साथ कांग्रेस पार्टी ने देश में गठबंधन किया है, विपक्षी दलों का, वो भारतीयता को, भारतीय मूल विचारों को, भारतीयता के सम्मान और गौरव को नष्ट करने की बात सोचते हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, अति निंदनीय है। पूरे देश में एक साथ मिलकर अपनी संस्कृति को बचाने के लिए, अपने गौरव को बचाने के लिए, अपने जो है पुराने इतिहास पर गर्व और गौरव करने के लिए, उसको साथ और संस्कृति को संजो कर लेकर चलने के लिए, ऐसी सभी ताकतों को पहचानना होगा, जो कुछ सीधे-सीधे अटैक करती हैं और कुछ चोरी छुपे जो है वो चुप रहती हैं और चोरी छुपे समर्थन करती हैं।

कांग्रेस की इसी कल्चर के कारण भारतीय संस्कृति का जो नुकसान हुआ है, पिछले सात दशकों में वह हम सब के सामने हैं।

झारखंड सोशल एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद कौशल

*** नेपाल, भूटान, सिंगापुर, मलेशिया सहित देश व विदेश के कई प्रान्तों में पर्यावरणविद को अबतक मिल चुका है 58 अवार्ड**

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : रांची के होटल चाणक्या बीएनआर में आयोजित झारखंड सोशल एक्सीलेंस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता के साथ रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश व डीजीपी अजय सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर अतिथियों ने राज्य भर से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को अतिथियों ने शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने के बाद अपने संबोधन में पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल ने देशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा है कि दूरदृष्टि, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा के साथ किए गए निःस्वार्थ कार्य कभी बेकार नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पांच दशक से उनके द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में लगाय गए पौधा अब फल देने लगा है। यही कारण है कि अक्टूबर से सितंबर माह के इस 11 महीने की अवधि में अबतक सूबे के राज्यपाल,विस अध्यक्ष सहित कई नामी गिरामी हस्तियों के हाथ 9 अवार्ड मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं। वन राखी मुवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि इसवर्ष उन्हें सूबे के राज्यपाल, सीपी राधाकृष्णन से दो बार, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्रि अर्जुन मुंडा, सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,।रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पलामू प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी,तत्कालीन उपायुक्त ए दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित कई स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा उन्हें अवार्ड मिला है। उन्होंने यह भी बताया उन्हें एवं उनकी धर्मपत्नी सह डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को इस वर्ष मलेशिया में आयोजित कार्यक्रम में आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान नामक अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। जो उनके जीवन में गौरव का क्षण है। कार्यक्रम में रांची विवि के वाईस चांसलर, विधायक सीपी सिंह समेत सूबे के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

लोहरदगा एसपी हरीश बिन जमॉ को भावभीनी विदाई दी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची के यातायात एसपी सह ग्रामीण एसपी के पद पर रहे आईपीएस अधिकारी हरीश बिन जमॉ को लोहरदगा का एसपी नियुक्त किया गया है। मौके पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के द्वारा कांटा टोली सुल्तान कॉलोनी स्थित अपने आवासीय परिसर में हरीश बिन जमॉ का भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके झारखंड पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव महताब आलम सहित रांची शहर के कई समाजसेवी , गणमान्य लोग उपस्थित हुए । इस अवसर पर एसपी हरीश बिन जमॉ को मुजीब कुरैशी द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी माला पहनकर उनको विदाई दिए, इस अवसर पर कई लोग भावूक भी हुए। सभी को संबोधित करते हुए एसपी हरीश बिन जमॉ ने कहा कि पहले भी मैं यहां आता रहा हूं आज भी मुझे यहां आने का मौका मिला । आज विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मैं आपको बता दूं की इसी जगह पर मुजीब कुरैशी द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में मेरा स्वागत भी हुआ और आज विदाई भी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि रांची शहर में पुलिस प्रशासन और समाज के बीच जो बेहतर संबंध होना चाहिए वह झारखंड प्रदेश में बखूबी निभाते रहे हैं । कई ऐसे मामले आए हैं जहां पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में इनका अहम योगदान रहा है और आगे भी इसी तरह से पुलिस प्रशासन एवं समाज के बीच में संबंध बनाने का प्रक्रिया अपना योगदान देंगे। वहीं झारखंड प्रदेश जमीयतुल प्रदेश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा कि हमारा समाज पिछड़ा वर्ग जरूर है, लेकिन हमेशा जिला प्रशासन ,पुलिस प्रशासन और तमाम राजनीति और सामाजिक लोगों के साथ समन्वय बनाकर आम जनता और समस्याओं से निदान दिलाने और विधि व्यवस्था बनाने में अपना योगदान देता रहा है और आगे भी देगा। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव महताब आलम ने कहा पुलिस और आम जनता के बीच एक बेहतर समन्वय बने इसके लिए समाज सेवी और बुद्धिजीवी वर्ग का हमेशा सहयोग रहता है और ऐसे समय पर मुजीब कुरैशी का अहम योगदान रहा है। इस मौके पर मंच संचालन मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद, धन्यवाद ज्ञापन जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस पप्पू ने किया। मौके पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरेशी, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव महताब आलम, खादगढ़ा टीओपी मंटू सिंह, जाकिर हुसैन समाजसेवी, जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस पप्पू कुरैशी, महासचिव परवेज कुरेशी, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डन , हाजी मिन्हाज , मासूक कुरैशी , अकबर कुरैशी, औरंगजेब खां, सहजाद, फिरोज, आसिफ , फिरोज खान, साजिद खान , आसिफ खान, ओवैस कुरैशी मुन्ना, हसीब खान, रोजमांत अंसारी, नईम अंसारी , फरहाद कुरैशी, सरफराज कुरैशी डब्लू, बशीर, खालिद, मोइनुद्दीन सहित सैंकड़ों समाजसेवी, बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित थे।

मंदिर में हुई तबाही का प्रियंका गांधी ने लिया जायजा

एजेंसी

शिमला : कुल्लू और मंडी जिलों के आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा करने के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार को शिमला के उपनगर समरहिल स्थित शिव बावड़ी मंदिर में हुई तबाही का जायजा लिया प्रियंका गांधी ने बुधवार सुबह करीब 10 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के साथ शिमला में बारिश,बाढ़ और भूस्खलन की तबाही का जायजा लिया। प्रियंका गांधी ने भूस्खलन से जमींदोज हुए शिव बावड़ी मंदिर का निरीक्षण किय। इस मौके पर प्रियंका ने कहा कि यह बहुत बड़ा हादसा था। हिमाचल में बरसात से भीषण तबाही हुई है, लोगों के घर बह गए हैं। सड़कों और नेशनल हाईवे को काफी नुकसान पहुंचा है। इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। इस समय केंद्र सरकार को राज्य के लोगों की खुलकर मदद करनी चाहिए। केंद्र को मदद देते समय यह नहीं देखना चाहिए कि यहां सरकार कांग्रेस की है या भाजपा की। हिमाचल प्रदेश के लोगों ने आपदा का मजबूती के साथ एकजुट होकर सामना किया है और प्रदेश सरकार ने लोगों की हरसंभव मदद की है। उन्होंने कहा कि जिस भावना के साथ लोगों ने इस मुश्किल घड़ी का सामना किया है, वह पूरे देश के लिए मिसाल है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के साथ ही प्रदेश की उदारतापूर्वक मदद करने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि जी-20 सम्मेलन में केंद्र सरकार ने विदेशी सेब पर आयात शुल्क कम करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कदम से विदेशी सेब का आयात बढ़ेगा और इसकी मार प्रदेश के सेब बागवानों पर पड़ेगी। बीते 14 अगस्त की सुबह करीब सवा सात बजे भूस्खलन और बाढ़ की चपेट में आने से 150 वर्ष पुराना शिव बावड़ी मंदिर ध्वस्त हो गया था। भूस्खलन इतना ख़ौखनाक था कि मंदिर का नामो निशान ही मिट गया। श्रावण माह के आखिरी सोमवार को हुए इस भयानक हादसे ने कई परिवारों को मौत की नींद सुला दिया। हादसे में 20 लोग मारे गए। इनमें एक परिवार के सात लोगों की मौत हुई। इस परिवार की तीन पीड़ियां खत्म हो गई।

संघ की समन्वय बैठक पुणे में आज से

पुणे : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक पुणे में गुरुवार (14 सितंबर) से शुरू हो रही है। तीन दिवसीय इस बैठक में 36 संगठनों के 266 प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। पर्यावरण पूरक जीवनशैली, जीवन मूल्य आधारित परिवार व्यवस्था, समरसता का आग्रह, स्वदेशी का आचरण और नागरी कर्तव्यों का वहन इन पांच मुद्दों पर बैठक में चर्चा की जाएगी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बुधवार को पुणे में पत्रकार वार्ता में बताया कि बैठक में सम्मिलित होने वाले सभी संगठन संघ से प्रेरित हैं, समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वायत्त रूप से काम करते हैं। इन संगठनों की वर्ष में एक बार बैठक होती है। अपने कार्यों व अनुभवों को साझा करते हैं और इस अवसर पर एक दूसरे से सीखने और समझने का अवसर मिलता है। ये सभी संगठन समान उद्देश्य और लक्ष्य लेकर कार्य करते हैं। कई संगठन मिलकर काम करते हैं, बैठक में इस प्रकार के सामूहिक कार्यों पर भी चर्चा होती है।

वियतनाम : इमारत में लगी भीषण आग, 50 की मौत

एजेंसी

हनोई : वियतनाम की राजधानी हनोई की एक नौ मंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 50 से अधिक लोगों की मौत हो गयी। इमारत से निकाले गए 70 लोगों में से 54 को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार की रात हनोई के थान जुआन क्षेत्र की एक बहुमंजिली इमारत तेज आग की चपेट में आई। बताया गया कि आग इमारत के पार्किंग फ्लोर में लगी और बाद में आग बहुत तेजी से पूरी इमारत में फैल गयी। आधी रात के समय जब आग लगी, उस समय अधिकांश लोग सो रहे थे। अचानक आग लगने से चीख पुकार मच गयी और लोगों को बचना मुश्किल हो गया। आग लगने के कारण कम से कम 50 लोगों की मौत हो चुकी है। कुल मिलाकर मृतक संख्या 50 के ऊपर पहुंचने की जानकारी सामने आ रही है। मौके पर पहुंचे बचाव दल ने काम करना शुरू किया, किन्तु बचाव कार्य करने में भी समस्या आ रही है। दरअसल यह इमारत एक संकरी गली में है, इसलिए वहां दमकल गाड़ियां पहुंचने में भी समस्या हो रही थी। हालात ये हो गए कि दमकल की गाड़ियों को 300 से 400 मीटर यानी 985 से 1,315 फीट दूर पार्क करना पड़ा। ऐसे में बचाव अभियान चलाना कठिन हो गया। आग इतनी भयावह थी कि आसपास दहशत का वातावरण बन गया। कई किलोमीटर दूर तक आग की लपटें देखी जा सकती थीं।

जिस इमारत में आग लगी, उसमें 45 परिवार रहते थे। आग की चपेट में हर परिवार आया और वे भाग भी न सके। 200 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनी इस नौ मंजिल ऊंची इमारत में 150 लोग रहते हैं। खासे प्रयास कर बचाव दल ने 70 लोगों को इमारत से निकाला, जिनमें से 54 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से अधिकांश की हालत गंभीर बताई गई है। बचाव दल अब भी जिंदा बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं।एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उन्हें सोते समय धुएं का अहसास हुआ। उन्होंने जब बाहर देखा तो पता चला कि आग लगी है। आनन-फानन में रस्सी का इस्तेमाल कर परिवार के लोगों को नीचे उतारा, फिर भी सबको नहीं बचाया जा सका। एक अन्य ने कहा कि पांचवीं और छठी मंजिल पर आग की लपटों को जलते हुए देखा। लोग मदद के लिए चीख-पुकार कर रहे थे। तुरंत अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।